सूर्योदय 6:0 सूर्यास्त 6:44

आज का तापमान

शिमला	16.0 न्यू	25.0 अधि
धर्मशाला	17.0 न्यू	30.2 अधि

बाजार

सेंसेक्स	73847.15
निफ्टी	22399.15
सोना 90,440	चांदी 92,685

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान



पेखूवेला प्रोजेक्ट बनाने वाली कंपनी के साथ कांग्रेस की सांठगांठ

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025 | 29 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 102, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

आज का मैच

चेन्नई सुपर किंग्स vs कोलकाता नाइट राइडर्स

समय: रात 7:30 बजे (चेन्नई)

भारत के शिकंजे में मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा

अमेरिका से प्रत्यर्पित आतंकी से एनआईए करेगी गहन पूछताछ

एजेंसी, नई दिल्ली

2008 मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को लेकर आया अमेरिकी गल्फस्ट्रीम जी-550 विमान वीरवार को दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ है। यहां से राणा को सीधे नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) हेडक्वार्टर ले जाया जाएगा। वहीं, एयरपोर्ट पर ही राणा का मेडिकल करवाया गया।

एनआईए हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि, उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी एनआईए और खुफिया एजेंसी रॉ की एक ज्वॉइंट टीम राणा को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी।

राणा को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जा सकता है। 26/11 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे।

एफबीआई ने किया था गिरफ्तार

तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। अब तक वह लॉस एंजिलिस के एक डिटेंशन सेंटर में बंद था।

भारत ने प्रत्यर्पण के लिए उठाए 5 कदम

- 2011 में भारत की एनआईए ने राणा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की।
- भारत ने 4 दिसंबर, 2019 को पहली बार डिप्लोमैटिक चैनल्स से राणा के प्रत्यर्पण की मांग की।
- 10 जून, 2020 को राणा की अस्थायी गिरफ्तारी की मांग की।
- फरवरी, 2021 में भारत ने आधिकारिक तौर पर प्रत्यर्पण की मांग करते हुए अमेरिकी न्याय विभाग को नोट भेजा।
- 22 जून, 2021 को अमेरिका की संघीय अदालत में राणा के प्रत्यर्पण को लेकर सुनवाई के दौरान भारत ने सबूत पेश किए।

दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा

राणा के प्रत्यर्पण को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही कमांडोज को भी एयरपोर्ट पर तैनात किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज की सिक्योरिटी विंग और स्थानीय पुलिस मौजूद है। केंद्र सरकार ने इस मामले में एडवोकेट नरेंद्र मान को स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर के तौर पर नियुक्त किया है। उन्हें तीन साल या फिर केस का ट्रायल पूरा होने तक यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पाकिस्तान ने राणा से दूरी बनाई

पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाते हुए कहा कि वह कनाडा का नागरिक है। पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि तहव्वुर राणा ने पिछले दो दशकों से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों को रिन्यू नहीं कराया है। उसके पास कनाडा की नागरिकता है।

हिमाचल में पेड़ों और सार्वजनिक स्थलों पर विज्ञापन लगाना बैन

शहरी व स्थानीय निकायों में प्रिवेंशन ऑफ डिस्फिगरमेंट अधिनियम लागू

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता से अब खिलवाड़ करना महंगा पड़ेगा। अनधिकृत रूप से लगाए जाने वाले विज्ञापनों आदि पर रोक लगाने का फैसला लिया है। इसके लिए राज्य सरकार ने नवगठित शहरी स्थानीय निकायों में प्रिवेंशन ऑफ डिस्फिगरमेंट अधिनियम लागू कर दिया है, जिसमें सार्वजनिक संपत्ति को खराब करने पर जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान शामिल रहेगा।

सार्वजनिक संपत्ति को खराब करने पर जुर्माना और सजा का प्रावधान

यह अधिनियम मूल रूप से सार्वजनिक स्थानों पर विज्ञापनों के अनधिकृत प्रदर्शन को रोकने के लिए है। इसका मकसद इमारतों, दीवारों, पेड़ों और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर पोस्टर, नोटिस, चित्र सहित विभिन्न प्रसारण संकेत इत्यादि लगाने को नियंत्रित करना है, ताकि क्षेत्र की आभा पर विपरीत प्रभाव न पड़े।

अधिनियम के प्रावधानों के तहत, संबंधित स्थानीय प्राधिकरण से पूर्व लिखित अनुमति के बिना ऐसा कोई भी विज्ञापन प्रदर्शित नहीं किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

शिमला नगर निगम के बाद अब यह सारे राज्य में होगा लागू

अधिनियम को वर्ष 1985 में शिमला नगर निगम क्षेत्र में लागू किया गया था। इसके बाद, 9 मई, 1991 को जारी एक अधिसूचना के माध्यम से इसका दायरा प्रदेशभर में विभिन्न नगर पालिका, अधिसूचित क्षेत्र समितियों और राज्य में अन्य नगर निगमों तक बढ़ा दिया गया। हालांकि, प्रशासनिक उन्नयन और विस्तार के कारण 1991 के बाद अस्तित्व में आए नवगठित शहरी स्थानीय निकायों को अधिसूचना के दायरे में शामिल नहीं किया गया।

सभी नगर निगमों में पहले दी जा चुकी मंजूरी

सभी लक्षित क्षेत्रों में एक समान कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने गत दिनों अतिरिक्त शहरी स्थानीय निकायों में अधिनियम के प्रवर्तन को मंजूरी दी है। इनमें नगर निगम धर्मशाला, पालमपुर, मंडी, सोलन, बद्दी, हमीरपुर और ऊना शामिल हैं।

नगर परिषदों के दायरे में भी लागू होंगे नियम

नगर परिषद बिलासपुर, घुमारवीं, सुजानपुर टीहरा, देहरा, ज्वालामुखी, नगरोटा बगवां, मनाली, जोगिंद्रनगर, नेरचौक, सरकाघाट, रोहड़ू, परवाणू, मैहतपुर, संतोषगढ़, सुन्नी, नादौन और बैजनाथ-पपरोला सहित नगर पंचायत जवाली, शाहपुर, निरमंड, करसोग, चिड़गांव, नेरवा, कंडाघाट, अंब, टाहलीवाल, बड़सर, संधोल, धर्मपुर, बलद्वाड़ा, भोरंज, खुंडियां, नगरोटा सूरियां, कोटला, झंडूता, स्वारघाट, बनीखेत, कुनिहार, बंगाणा और शिलाई भी शामिल हैं।

प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने में मिलेगी मदद

प्रदेश सरकार राज्य में विभिन्न शहरी क्षेत्रों और नगरों की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इस अधिनियम के सख्ती से लागू होने से सर्वजनिक संपत्तियों पर न केवल अनधिकृत विज्ञापन को रोकने, बल्कि इन क्षेत्रों की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

न्यूज शॉर्ट्स

वक्फ कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 16 को सुनवाई

नई दिल्ली। सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट के तीन न्यायाधीशों की पीठ वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन भी याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली इस पीठ में शामिल होंगे। केंद्र सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में 'कैविएट' दायर कर मामले पर कोई भी आदेश पारित करने से पहले सुनवाई का अनुरोध किया था। वहीं, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा ने भी वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। महुआ और ओवैसी सहित दस अन्य याचिकाओं को 16 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

शेख हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

ढाका। बांग्लादेश की अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजिद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में वीरवार को नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इन पर धोखाधड़ी के जरिए आवासीय भूखंड हासिल करने का आरोप है। ढाका मेट्रोपॉलिटन के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन गालिब ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) की ओर से दाखिल आरोप पत्र को स्वीकार कर लिया।

लाल किला व जामा मस्जिद को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली के लाल किला और जामा मस्जिद को निशाना बनाकर बम विस्फोट किए जाने की फर्जी धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर वीरवार सुबह गहन जांच की। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

बंगाल की सीएम ममता को अवमानना नोटिस

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले पर टिप्पणी करने को लेकर एक वकील ने अदालत की अवमानना का नोटिस भेजा है। मामला 2016 की एसएससी भर्ती प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले से जुड़ा है, जिसमें पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था। इससे करीब 26 हजार अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं।

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- मधुमक्खियों की 'फौज' से रुकेगा हाथियों का आतंक -पेज 3
- भाजपा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ : सत्ती -पेज 6
- उभरती हुई तकनीकें बदल रहीं युद्ध का स्वरूप: राजनाथ -पेज 13
- तेंदुलकर नहीं, कोहली है वाइट बॉल का सबसे बेस्ट क्रिकेटर: पोंटिंग -पेज 14

सीमा पर शांति के लिए एक बार फिर ब्रिगेड कमांडर स्तर की 'फ्लैग मीटिंग'

भारत ने पाक से उठाया घुसपैठ संघर्ष विराम उल्लंघन का मसला

एजेंसी, जम्मू

भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच सीमा प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए वीरवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास ब्रिगेड कमांडर स्तर की 'फ्लैग मीटिंग' हुई। इस माह दोनों पक्षों के बीच यह दूसरी बैठक है।

इस माह दोनों पक्षों में हुई दूसरी बैठक

अधिकारियों ने बताया कि यह बैठक सीमावर्ती बिंदु चकन-दा-बाग पर हुई, जिसका नेतृत्व दोनों पक्षों के ब्रिगेडियर स्तर के अधिकारियों ने किया। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि फ्लैग मीटिंग दोनों पक्षों के बीच डीजीएमओ की समझ के अनुसार एलओसी और सीमा प्रबंधन से जुड़ी नियमित प्रक्रिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना के अधिकारियों ने अपने समकक्षों के साथ घुसपैठ के प्रयासों, संघर्ष विराम उल्लंघन और आईईडी विस्फोटों का मुद्दा उठाया और उनके समक्ष विरोध दर्ज कराया। सीमावर्ती बिंदु चकन-दा-बाग क्षेत्र में दो अप्रैल को ब्रिगेड कमांडर स्तर की 'फ्लैग मीटिंग' हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों ने सीमाओं पर शांति बनाए रखने की आवश्यकता का उल्लेख किया था। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि एक अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एलओसी पर एक बारूदी सुरंग के फटने के बाद पाकिस्तानी सैनिकों ने बिना उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया।

हिमाचल आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर: सुक्खू

सीडब्ल्यूसी में बोले सीएम- पर्यटन क्षेत्र में हो रहे गंभीर प्रयास, ईको टूरिज्म में तलाशी जा रही संभावनाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार आत्मनिर्भर बनने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। पर्यटन के क्षेत्र को आगे ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ईको टूरिज्म की संभावनाओं को तलाशा जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके लिए किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयास चल रहे हैं। सुक्खू ने अहमदाबाद में संपन्न हुई ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के राष्ट्रीय अधिवेशन के अंतिम दिन हिमाचल के विकास मॉडल की जानकारी देते हुए बताया कि उनकी सरकार किसान-बागवान व कर्मचारी हितैषी बनकर काम कर रही है, जिसके लिए सभी को साथ लेकर काम किया जा रहा है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बनाया जा रहा मजबूत

उन्होंने प्रदेश में चलाई जा रही कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं का जिक्र भी किया और ऐसी योजनाओं से विकास के नए एवं स्थापित करने की गंभीरता भी दर्शाई। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अधिवेशन में बताया कि प्रदेश में स्वच्छ पेयजल महिया करने को लेकर गंभीर प्रयास चल रहे हैं। इसके लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि आम नागरिकों को स्वच्छ पीने का पानी मिल सके। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने बताया कि प्रदेश में सामाजिक न्याय को लेकर हरस्तर पर मुमकिन कदम उठाए जा रहे हैं। ताकि, कोई भी सामाजिक न्याय से वंचित न रह पाए। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश में शिक्षा और अन्य गतिविधियों पर प्रकाश डाला और उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में प्रदेश सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। वहीं, प्रदेश कांग्रेस की संभावित अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और अन्य नेताओं ने भी अपने विचार अधिवेशन में रखें।

हिमाचल के कई इलाकों में बारिश, ओलावृष्टि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में मौसम ने अपने तेवर बदले हैं। शिमला, कुल्लू और सिरमौर, मंडी जिले के कई भागों में बारिश और ओलावृष्टि हुई है।

आंधी, तूफान और ओलावृष्टि से किसानों-बागवानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। शिमला जिले के कुपवी और सिरमौर जिले के कोठी बोंच में ओले गिरे, जिससे सेब व अन्य नकदी फसलों को भारी क्षति पहुंची है। कुल्लू के मंझलीहार में भी ओलावृष्टि होने से सेब की फसल तबाह हो गई है। मौसम विभाग शिमला के अनुसार, अगले 12 घंटों में शिमला, कुल्लू, किन्नौर, कांगड़ा, चंबा व सिरमौर जिले में भारी ओलावृष्टि हो सकती है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस शनिवार तक सक्रिय रहेगा।

ऊना में पारा 38 डिग्री पार

मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तूफान चलने, ओलावृष्टि होने व बिजली चमकने का येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश होने से तापमान में गिरावट आएगी, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से निजात मिलेगी। 13 से 16 अप्रैल तक समूचे प्रदेश में मौसम के साफ रहने से तापमान में फिर बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

अधिकतम तापमान

ऊना	38.2°
बिलासपुर	35.3°
कांगड़ा	35.0°
सुंदरनगर	34.2°
बरठीं	34.0°
भुंतर	33.4°
धौलाकुआं	33.3°
नाहन	32.9°
मंडी	32.0°
धर्मशाला	30.2°
सोलन	31.0°

उत्तर प्रदेश में बारिश व ओलावृष्टि से 6 की मौत

लखनऊ। यूपी के ज्यादातर जिलों में बिजली गिरने से छह लोगों की मौत हो गई है। बारिश, आंधी और ओलावृष्टि के चलते गेहूं की तैयार फसल को नुकसान पहुंचा है। बहराइच, लखीमपुर, पीलीभीत और शाहजहांपुर जिलों में ओले गिरने से हजारों बीघा फसल खराब हो गई है। लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर सहित 25 जिलों में जोरदार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन तक उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश और तेज रफ्तार हवा का अलर्ट जारी किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश और ओलावृष्टि के मद्देनजर संबंधित जिलों के अधिकारियों को तेजी से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

वकील न दें वैवाहिक विवादों में आरोपों को बढ़ावा: दिल्ली हाईकोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि वकीलों को अपने मुवक्किलों को वैवाहिक विवाद सुलझाने की सलाह देनी चाहिए, न कि उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप करने और इसे 'हवा' देने का मशविरा देना चाहिए।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवादों में वादियों-प्रतिवादियों को भावनात्मक आघात का सामना करना पड़ता है, उनके निजी जीवन में ठहराव सा आ जाता है। पीठ ने कहा कि वह वादियों-प्रतिवादियों की 'हताशा और निराशा' से अवगत है। पीठ ने कहा कि यद्यपि शांति और सौहार्द अत्यंत आवश्यक है और ऐसे मामलों में वादी पक्षकारों का आचरण कानून में निर्धारित सीमाओं को पार नहीं कर सकता।

कोर्ट ने आदेश में कहा कि ऐसे मामलों में वकीलों की न केवल अपने मुवक्किल के प्रति, बल्कि अदालत और समाज के प्रति भी बड़ी जिम्मेदारी होती है। शांति और सौहार्द अत्यंत आवश्यक है। वकीलों को मुवक्किलों को एक-दूसरे के खिलाफ आरोप लगाने और उन्हें बढ़ावा देने के बजाय विवादों के समाधान की सलाह देनी चाहिए।

मणिपुर में 2 जनजातियों के बीच विवाद, 17 तक कर्फ्यू

एजेंसी, इंफाल

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में दो जनजातियों के बीच हुए विवाद की से 17 अप्रैल तक कर्फ्यू लगा दिया है। जोमी और हमार जनजाति के बीच मंगलवार को विवादित जगह पर अपने-अपने समुदाय के झंडे फहराने को लेकर तनाव पैदा हो गया था।

यह विवादित जगह वी मुनहोइह और रेंगकाई गांवों के बीच है। वी मुनहोइह और रेंगकाई के साथ ही कांगवाई, समुलामलान और संगाइकोट में भी कर्फ्यू लगाया गया है। हालांकि, इन इलाकों में सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक कर्फ्यू में छूट दी गई है। बुधवार को कलेक्टर ने दोनों गांवों के लोगों की बैठक ली। इस दौरान दोनों समुदायों ने कहा कि यह विवाद जातीय नहीं जमीन का है। बैठक में लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहें न फैलाने की अपील की गई।

कद्र मंडी में खूब बिक रही औषधीय गुणों से भरपूर सब्जी, वन विभाग और स्वयंसेवी संस्थाएं जिलेभर में रोप रही पौधे

कचनार का अचार करेगा ग्रामीण आर्थिकी में सुधार

अनिल शर्मा, मंडी

कभी पहाड़ी व्यंजनों के लिए मशहूर कचनार अब बाजारों में भी उपलब्ध होने वाला है। जंगलों और घरों के आसपास अपने आप उगने वाले कचनार के पेड़ अब किसानों और ग्रामीणों की आर्थिकी का सहारा बनेंगे। जिलेभर में संस्थाओं की ओर से महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं।

गंभीर बीमारियों के निवारण के लिए उपयोगी कचनार अब अचार के रूप में पूरा साल उपलब्ध होने वाला है। औषधीय गुणों से भरपूर कचनार मंडी के लोकल बाजार में खूब बिक रहा है। इन दिनों मंडी के लोग इसके व्यंजनों का भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं। कचनार न केवल स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ है, बल्कि लिपोमा, गांठ आदि के निवारण में भी उपयोग में लाया जाता है। इसके साथ ही यह त्वचा रोग, बवासीर व पेट के रोगों के लिए सुलभ व सस्ती औषधि है। कचनार रोगाणुरोधी होने के साथ एंटी ट्यूमर भी है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान स्पैशल

लघु उद्योगों से जुड़ी महिलाएं

धर्मपुर क्षेत्र में सिद्धपुर पंचायत के सकोह गांव की महिलाओं ने नई शुरुआत करते हुए कचनार का अचार डालने का काम शुरू किया है। डॉक्टर हरदयाल सिंह ने बताया कि अब एफपीओ धर्मपुर ने पहाड़ी रत्न ब्रांड नाम से अचार बिक्री करने का निर्णय लिया है और उसके लिए डिब्बे ब्रांड पैकेजिंग सामग्री के साथ प्रिंट करवाए हैं। एफपीओ के सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सिद्धपुर के अलावा जोढन, बरोटी और संधोल में ऐसे लघु उद्योग स्थापित किए जाएंगे, जिनमें स्थानीय स्तर पर पैदा होने वाले फलों पर आधारित प्रोसेसिंग कार्य किया जाएगा।

नई पीढ़ी दोबारा लगी अपनाने

कचनार के पेड़ की छाल से लेकर इसके फल औषधि के रूप में उपयोग में लाए जाते हैं। वर्तमान में बढ़ते कंक्रीट जंगलों के कारण दुर्लभ होते कचनार के पेड़ों के महत्व को युवा पीढ़ी फिर से अपनाने लगी है। मंडी जिले के जोगिंद्रनगर की जलपेहड़ पंचायत के प्राचीन मंदिर में पहली बार आयुष विभाग के माध्यम से औषधीय पौधों को लगाया गया है। धर्मपुर, कमलाह, लडभड़ोल, टिक्कन और उरला वन क्षेत्र में भी कचनार के पौधे रोपे गए हैं। इस कार्य में वन विभाग के साथ-साथ युवक मंडल और कई समाज सुधार सभाओं ने सहयोग किया है।

पाचन तंत्र में करता है सुधार

कचनार की कलियों की सब्जी उपयोग में लाने से पेट और मुंह की दुर्गंध दूर होती है। थायराइड की समस्या से राहत मिलती है और पाचन तंत्र में सुधार आता है। कचनार एंटी फंगल और एंटी बैक्टीरियल है। इसके साथ ही जिन दुधारू पशुओं को कचनार का घास खिलाया जाता है, उनके दूध का सेवन करने से शरीर में किसी भी प्रकार की गांठ नहीं बनती है।

कचनार औषधीय गुणों से भरपूर है। इसके सेवन से शरीर में अनावश्यक गांठें नष्ट होती हैं। यह उदर रोगों से लेकर त्वचा रोगों में भी लाभकारी है।

-डॉ. तारा देवी सेन, अध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग, राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी।

धूमल के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा तांता

अनंत ज्ञान, टौणी देवी/हमीरपुर

प्रदेश में सड़कों के मुख्यमंत्री के रूप में पहचान बनाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल का 82वां जन्मदिन समीरपुर में धूमधाम से मनाया गया। उनके निवास स्थान समीरपुर में सुबह से ही लोग व नेता पहुंचना शुरू हो गए थे। वहीं, महिला मोर्चा की महिलाओं ने नाच-गाकर पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर केक भी काटा। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व मंत्री रविंद्र रवि, वीरेंद्र कंवर, विपिन परमार, हंस राज, कर्नल इंद्र सिंह, इंद्र दत्त लखनपाल, पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, कमलेश कुमारी, डॉ. अनिल धीमान, विजय अग्निहोत्री, सुधीर शर्मा के अलावा रजनी रकबाल, श्याम मिन्हास, संजीव देष्टा और कांग्रेस के विधायक कै. रणजीत सिंह राणा ने भी पूर्व मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी व लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर भी

विशेष रूप से उपस्थित रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर, मरीजों को फल बांटने के अलावा भंडारे भी आयोजित किए। समीरपुर में शाम तक जन्मदिन की बधाई देने वालों की भीड़ लगी रही। प्रो. प्रेम कुमार धूमल के जन्मदिवस पर मंडल समीरपुर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर देशी घी की जलेबियों का भंडारा व महिलाओं द्वारा भक्ति संगीत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल समीरपुर ने 50 यूनिट रक्तदान किया। समीरपुर मंडल के अध्यक्ष अभयवीर लवली, महामंत्री संजीव रिंटू, कैप्टन हिटलर ठाकुर, कैप्टन प्यार चंद, अनुज, अनिल, चमन, अनीश ठाकुर व युवा मोर्चा के अध्यक्ष मनोज सहित कई युवाओं ने भाग लिया।

जन्मदिवस पर बांटे फल

भाजपा मंडल शहरी हमीरपुर ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के जन्मदिवस पर डॉ. राधा-कृष्णन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हमीरपुर में मरीजों को फल बांटे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। मंडल अध्यक्ष शहरी श्रीपाल शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के 82वें जन्मदिवस पर मरीजों को फल बांटकर उनकी दीर्घायु की कामना करते हैं। इस मौके पर मंडल महामंत्री तेन सिंह, उपाध्यक्ष अरुण कुमार, कार्यालय सचिव अशोक कुमार, राजेश कुमार, जसवीर सिंह, जुगल किशोर, पंकज शर्मा, उमेश कुमार, कमलू, सौरव, विकास सहित मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लखनपाल ने धूमल को दीं शुभकामनाएं

एसके ठाकुर, बड़सर

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार धूमल के जन्मदिवस पर बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने उनके निवास स्थान पर भेंट की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर लखनपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री को जन्मदिन के अवसर पर शाल, गुलदस्ता भेंट कर उनका हाल-चाल जाना तथा जन्मदिन की मुबारकबाद दी। इसी के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को भी गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र अग्निहोत्री, बड़सर के मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, करेर वार्ड के जिला परिषद सदस्य मांगा सहित बड़सर विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता पूर्व मख्यमंत्री धूमल को जन्मदिन की बधाइयां देने के लिए समीरपुर पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

फल वितरण कर मनाया जन्मदिन

अनंत ज्ञान, नादौन। भाजपा मंडल नादौन के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल का 82वां जन्मदिन फल वितरण कर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया की अगुवाई में मनाया। यह जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी राजेश रिंकू ने दी। इस मौके पर नादौन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। विजय अग्निहोत्री ने बताया कि धूमल के दो बार के कार्यकाल में अथाह विकास हुआ है। उन्होंने अपने कार्यकाल में विकास के नए आयाम स्थापित किए थे, इसके लिए उन्हें कई बार पुरस्कृत भी किया गया था। इस मौके पर भाजपा मंडल नादौन के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मां बगलामुखी का किया हवन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। गोशाला जमली धाम की कमेटी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के जन्मदिन के अवसर पर जमली धाम परिसर में उनकी दीर्घायु के लिए मां बगलामुखी का हवन पं. सुनील उर्फ सोनू के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इसमें गोशाला की सारी कमेटी के अतिरिक्त भाजपा के कई वरिष्ठ लोगों ने भी भाग लिया तथा धूमल को जन्मदिन की बधाई दी। हवन यज्ञ के बाद सभी गोवंश को हलवा पूरी खिलाया गया। इस अवसर पर गरीब अनाथ व प्रवासी लोगों के लिए विशेष भंडारे की व्यवस्था की गई। अंजू बाला की शादी के लिए धूमल के जन्मदिन पर 108 किलोग्राम चावल दान स्वरूप दिए गए। आज से 25 वर्ष पूर्व इस गोशाला की आधारशिला प्रो. प्रेम कुमार धूमल के हाथों रखी थी।

न्यूज ब्रीफ

भोरंज में व्यक्ति से 130 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पुलिस विभाग द्वारा चलाई गए अगेंस्ट ड्रग अभियान के तहत नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी अभियान के तहत सदर थाना भोरंज की पुलिस टीमों और जिला पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के संयुक्त अभियान में भोरंज थाना के अंतर्गत सेऊ गांव में संजय पुत्र स्व. बलबीर से 130 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

सेल्समैन के पद के लिए 29 तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान, भोरंज। भोरंज उपमंडल के तहत दी पापलाह कृषि सहकारी सभा पापलाह सीमित सेल्समैन का पद खाली हुआ है। सहकारी सभा पापलाह के सचिव रवि कांत शर्मा ने बताया कि सेल्समैन का पद भरने के लिए इच्छुक ग्रामीण अपने सादे कागज पर 11 से लेकर 29 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

पुलिस ने दुकान से 14 बोतलें शराब की पकड़ी

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन पुलिस की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव लाहड़ कोटलू में एक दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान से अवैध शराब की 14 बोतलें बरामद की गईं, जिनमें मार्का ऊना नं. 1 की 12 बोतलें व अंग्रेजी शराब मार्का मैक्डवल व इम्पीरियल ब्लू की 2 बोतलें हैं। पुलिस ने इस आरोप में दुकानदार राजेश कुमार पुत्र ख्याली राम गांव लाहड़ कोटलू के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रभात फेरी में भक्तों ने किया प्रभु का गुणगान

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। जैन समाज सुजानपुर द्वारा महावीर भगवान का जन्म कल्याणक दिवस महावीर जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। स्थानीय जैन स्थानक में महावीर जयंती को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए। इससे पहले वीरवार को प्रातः 4 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। जैन समाज के लोगों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी प्रभात फेरी में भाग लेकर प्रभु का गुणगान किया। सुजानपुर शहर से मुख्य बस स्टैंड अन्य चौक-चौराहों से होते हुए तमाम लोगों ने भजन कर भगवान को याद किया। वहीं, इसके बाद जैन स्थानक सुजानपुर में विशेष पूजा-अर्चना की गई।

हमीरपुर के गांधी चौक पर केंद्र सरकार द्वारा घरेलू सिलेंडर की कीमत 50 रुपए बढ़ाने पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर पुतला जलाते हुए।

बीटेक एआई की सारी सीटें भरी, 20 और सीटों की मांग

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। रेगुलेटरी कमीशन हिमाचल प्रदेश द्वारा करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय को बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चलाने की अनुमति मिली थी। इस कोर्स की महत्वता को देखते हुए तथा इस कोर्स में लोगों की रुचि को देखते हुए विवि ने इस कोर्स में सीटों की मांग की थी, जिसे रेगुलेटरी कमीशन द्वारा मंजूरी इसी सत्र से चलाने की दी थी। रेगुलेटरी द्वारा दी गई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सारी सीटें भर गई हैं, जिसमें ज्यादातर दसवीं में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले बच्चे हैं। ये सीटें समय से पहले भर गई हैं, जबकि अभी 12वीं के नतीजे आने हैं। इस बार ज्यादा बच्चे एडमिशन में एडवांस बुकिंग करवा रहे हैं। विश्वविद्यालय में यह पहला ऐसा कोर्स है, जो समय से पहले भर गया है। बी-टेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स करने के लिए पहले बच्चो को प्रदेश से बाहर जाना पड़ता था, जिसके लिए अभिभावकों को काफी पैसा खर्च करना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा कम फीस में करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में उपलब्ध करवाई जा रही है इसलिए इस कोर्स में भारी डिमांड है। विश्वविद्यालय में इस समय 60 से ज्यादा कोर्सिंग, जिसमें यूजी, पीजी व पीएचडी के कोर्स चल रहे हैं। विवि प्रशासन ने रेगुलेटरी कमीशन से और सीटें मांगी है। यह समस्त जानकारी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार गुलशन संधू द्वारा दी गई।

किराये के मकान में फंदा लगाकर दी जान

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन के सेरा में स्थित एसबीआई की शाखा में बतौर आउटसोर्स क्लास फोर के पद पर कार्यरत 32 वर्षीय युवती ने वीरवार को फंदा लगाकर जान दे दी। जिसकी क्षेत्र में काफी चर्चा है। महिला शादीशुदा थी, उसका एक बेटा भी है, जो अपने नाना नानी के पास रहता है और वहीं, दसवीं कक्षा में पढ़ता है। महिला ने फंदा लगाने से पहले पुलिस को बयान दिया था कि उसका अजय कुमार नामक व्यक्ति निवासी बिझड़ी जिसने उसे आउटसोर्स के तहत बैंक में रखा है। उस व्यक्ति के साथ उसके रिलेशन हैं और उसका आना-जाना भी रहता है। इस रिलेशन का अजय कुमार की पत्नी व महिला के ससुराल वालों को भी पता चल गया था। बीती रात अजय कुमार मृतिका के पास ही था, जिसकी भनक लगने पर आज सुबह ही अजय की पत्नी, जो स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत है, वह कुछ अन्य लोगों के साथ मृतिका के किराये के मकान में आई, तो पाया कि अजय उस महिला के कमरे में ही था। उन्होंने अजय कुमार व महिला को मारा। पंचायत को भी इस घटनाक्रम की खबर लगी, तो गौना करौर पंचायत के प्रधान सोनू राणा ने इसकी सूचना पुलिस को दी। लोगों को पुलिस थाना चलने को कहा इस पर मृतिका ने कहा कि आप चलो मैं स्वयं पुलिस थाना में आ जाउंगी। पुलिस व लोगों के वहां से जाते ही मृतिका ने कमरे को अंदर से बंद कर पंखे से दुपट्टा बांदकर गले में फंदा लगा लिया। एसएचओ निर्मल सिंह मौके पर पहुंच गए और पंचायत प्रधान की उपस्थिति में कमरा खोला, तो महिला फंदे से लटकी थी।

वामन अवतार के बारे में किया वर्णन, निकाली झांकी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जोल सप्पड़ में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रीमद् भागवत कथा व्यास आचार्य नीरज कृष्ण (वृंदावन वाले)ने श्रीमद् भागवत कथा के अपने प्रसंग में बताया कि वामन अवतार, कृष्ण अवतार के बारे मे वर्णन किया। श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन वामन अवतार की झांकी व कृष्ण जन्म की झांकी निकाली गई।

कर्मियों को सेवा नियमों की जानकारी होना आवश्यक

अनंत ज्ञान, धनेटा। धनेटा कॉलेज जिला हमीरपुर में कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं द्वीप प्रज्वलन तथा मुख्यातिथि के स्वागत एवं अभिनंदन के साथ हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने मुख्यातिथि का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कर्मचारियों को सेवा नियमों एवं शर्तों की पूरी जानकारी होना अति आवश्यक है और यह संगोष्ठी कर्मचारियों को उनके कर्तव्य दायित्व के निर्वहन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी।

लाइनमैन के 186 पदों का परिणाम घोषित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा लाइनमैन पोस्ट कोड-971 के 186 पदों का परिणाम घोषित कर दिया है। राज्य चयन आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि अनुबंध के आधार पर भरे जाने वाले लाइनमैन के पदों का परिणाम घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि लाइनमैन के 186 पदों के लिए प्रदेश भर से 22619 आवेदन आए थे। 25 सितंबर, 2022 को स्क्रीनिंग टेस्ट में 19143 उपस्थित हुए थे, जबकि 3476 उम्मीदवार अनुपस्थित रहे। स्क्रीनिंग टेस्ट में 738 उम्मीदवारों को कागजात जांच के लिए चयनित किया गया। उन्होंने बताया कि 25 से 30 नवंबर तक उम्मीदवारों के कागजातों की जांच की गई। इसमें 722 उम्मीदवार उपस्थित हुए, जबकि 16 उम्मीदवार अनुपस्थित रहे। 722 से 186 उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित परिणाम आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सिविल अस्पताल भोरंज जल्द बनेगा सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य संस्थान: सुरेश

एसके शर्मा, जाहू

भोरंज उपमंडल के तहत सिविल अस्पताल भोरंज में एनेस्थीसिया, मेडिसिन, ओहथल्मोलॉजी व ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति होने से स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की संख्या बढ़ी है, जिससे क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी। अब उपमंडल भोरंज के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के बाशिंदों को आंख, कान, नाक, गले आदि रोगों के लिए राधा-कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

भोरंज अस्पताल में इससे पूर्व स्त्री रोग विशेषज्ञ और मेडिकल सर्जन की नियुक्ति हो गई है। अस्पताल में प्रतिदिन 450-500 के बीच ओपीडी है। वहीं, अस्पताल में प्रतिदिन 39 पंचायतों से लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने के लिए आते हैं। पूर्व में अस्पताल में आंख के रोगों, कान, नाक, गले आदि रोगों व सर्जरी आदि से संबंधित रोगों का उपचार करवाने के लिए 35 से 40 किलोमीटर की दूरी तय कर मेडिकल कॉलेज हमीरपुर जाना पड़ता था। साथ ही लंबा सफर और आर्थिक नुकसान के अलावा अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती होने से लोगों को काफी राहत मिली है। एनेस्थीसिया, मेडिसिन, ओहथल्मोलॉजी (नेत्र विशेषज्ञ) व ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टरों के आने से अब सिविल अस्पताल में ऑपरेशन की सुविधा भी कल्ड मिलेगी।

उधर, बीएमओ भोरंज डॉ. ललित कालिया ने कहा कि सिविल अस्पताल भोरंज में एनेस्थीसिया, मेडिसिन, ओहथल्मोलॉजी, ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर मिले हैं, जिससे लोगों को सुविधा मिलेगी। विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि भोरंज अस्पताल को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जल्द ही भोरंज अस्पताल एक सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य संस्थान बनेगा। (अनंत ज्ञान)

होली मेला ग्राउंड खाली करवाने पहुंचा प्रशासन

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर होली मेला ग्राउंड वीरवार शाम 6 बजे तक खाली करना होगा इसके बाद अगर कोई भी दुकानदारी या अन्य सामान मैदान के भीतर पाया जाएगा, तो उसे जप्त किया जाएगा। संबंधित निर्देश सुजानपुर प्रशासन द्वारा दिए गए हैं। मेला ग्राउंड पहुंचे सुजानपुर प्रशासन की ओर से तहसीलदार प्रवीण ठाकुर, थाना प्रभारी राकेश धीमान सहित अन्य अधिकारियों ने मेला ग्राउंड में दुकानदारी कर रहे दुकानदारों को निर्देश दिए कि होली मेला ग्राउंड 7 अप्रैल को खाली करना था। इस विषय पर सुजानपुर के विधायक ने भी निर्देश जारी किए थे और प्रशासन को मेला ग्राउंड खाली करने के लिए कहा था, लेकिन वर्तमान में मेला अभी तक चल रहा है। प्रशासन द्वारा रोजाना लोगों को कहा जा रहा है कि मेला ग्राउंड खाली किया जाए, लेकिन बात को अनसुना किया जा रहा था, जिसके चलते वीरवार को प्रशासन को फिर से मेला ग्राउंड में आना पड़ा।

हमीरपुर जिले की 14 सदस्यीय कोर्फबॉल टीम लेगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग

अनंत ज्ञान, भोरंज

जूनियर राज्यस्तरीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता में भाग लेनी वाली हमीरपुर जिले की टीम का ट्रॉयल वीरवार को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुरेंद्र जरियाल की अध्यक्षता में लिया गया। इसमें स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य डॉ. राजगीर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वप्रथम हमीरपुर जिला कोर्फबॉल संघ के अध्यक्ष पवन रांगड़ा व महासचिव प्रवीण शर्मा ने दोनों अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

हमीरपुर जिले की टीम में जगह पाने के लिए जिला हमीरपुर के 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें 14 खिलाड़ियों का उनकी खेल प्रतिभा को देखते हुए चयन किया गया। जिसमें पल्लवी, कोमल, अवनी, कनिका, गौरी, नितिका, प्रिंस ठाकुर, आदित्य, अंशुल, कार्तिक रांगड़ा, अभय बन्याल, डिंपल, उत्कृष्ट शर्मा, कार्तिक कौशल को हमीरपुर जिले की टीम में शामिल है। इसके अलाव हमीरपुर जिला कोर्फबॉल संघ के सौरभ शर्मा को टीम कोच और रिद्धम को टीम मैनेजर नियुक्त किया। चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 17 तक स्थानीय पाठशाला के खेल मैदान में होगा और इसी दिन जिला की टीम राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर जिले के डंगार के लिए रवाना होगी। मुख्यातिथि ने कहा कि कोर्फबॉल खेल महिला-पुरुष की असमानता की भावना को दूर करता है।

बिझड़ी रेंज में तैनात किए 11 वन मित्र

एसके ठाकुर, बड़सर

इस बार ज्यादा हीट वेव के चलते अप्रैल महीने में ही भारी गर्मी पड़ रही है। अन्य प्रदेशों में पढ़ रही भारी गर्मी के चलते हिमाचल प्रदेश भी अछूता नहीं रहा है।

इसी कड़ी में वन विभाग भी हरकत में आया है। विभाग ने जंगलों को आज से बचाने के लिए कमर कस ली है। बिझड़ी वन रेंज ऑफिसर केके शर्मा ने बताया कि जंगलों को आज से बचाने के लिए विभाग ने 11 बिटों बिझड़ी , खंसरा, पैरवीं, दखयोड़ा, दियोटसिद्ध, धंगोट, चलसाई, बीहडू , बड़ा ग्राम लोहारी रेली फायर बाजार नियुक्त कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि 11 वन मित्र 16 अप्रैल तक ज्वाइनिंग कर लेंगे। फायर सीजन में हर छोटे-बड़े अधिकारी, कर्मचारी ड्यूटी के दौरान अगर कहीं जंगलों में कोई आगजनी का हादसा हो जाता है, तो सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को वहां पहुंच कर आग बुझाने में अपना पूरा सहयोग देना पड़ेगा, ताकि जंगलों को आग की भेंट चढ़ने से बचाया जा सके, ताकि वन संपत्ति के साथ-साथ वन्य जीव भी सुरक्षित हो सके। उन्होंने कहा कि इस बार हर बीट में फायर सीजन के दौरान जंगलों को आग से बचाने के लिए स्थानीय लोगों के साथ भी जागरूकता कैंप लगाए जाएंगे। साथ ही फायर सीजन के दौरान अगर कोई व्यक्ति जंगल में आग लगाता पकड़ा गया, तो उसे 5000 का जुर्माना किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

जंगलों को आग से बचाने के लिए छेड़ा सफाई अभियान

अनंत ज्ञान, रंगस। अग्निशमन विभाग, होम गार्ड और फॉरेस्ट विभाग की ओर से गर्मियों में होने वाली आग की घटनाओं को रोकने के लिए एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इसके तहत अधिकारियों और कर्मचारियों ने अमलैहड़ पंचायत के जंगल में पड़ी सूखी पत्तियों व प्लास्टिक को एक जगह एकत्र कर उसे जलाया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने पंचायत में प्राकृतिक जलस्रोतों के आसपास की झाड़ियों को काट-छांट कर वहां भी सफाई की। बावड़ियों, कुओं की भी सफाई की गई, ताकि गर्मियों में पानी की कमी के चलते लोग पानी का उपयोग कर सकें। इस अवसर पर ग्रामीणों को स्वच्छता और आगजनी की घटनाओं को रोकने बारे जागरूक किया गया। गर्मियों के सीजन में अधिकत्तर जंगल आग की चपेट में आ जाते हैं, जिनका प्रमुख कारण जंगलों में नीचे गिरी सूखी पत्तियां होती हैं। जंगलों को आग से बचाने के लिए विभागों ने पहले ही कमर कस ली है।

भरेड़ी में शिक्षक के स्थानांतरण पर अभिभावकों ने जताया विरोध

अनंत ज्ञान, भोरंज

शिक्षा विभाग द्वारा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी से युक्तिकरण के माध्यम से टीजीटी मेडिकल के अध्यापक को छात्रों की संख्या अधिक होने के पश्चात भी स्थानांतरण कर दिया है।

शिक्षक के स्थानांतरण का अभिभावकों ने विरोध जताया है। अभिभावकों का कहना है कि शिक्षक के जाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में वैसे भी बच्चों की संख्या कम है और जहां पर संख्या अधिक है, वहां से अध्यापक को दूसरी जगह भेजा जा रहा है। इस स्कूल में छठी से दसवीं तक 272 छात्र है और टीजीटी मेडिकल के दो अध्यापक कार्यरत थे। इस स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों से शिक्षा दी जा रही है, जिसका असर यह हुआ है कि स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ी है। अब जब स्कूल से युक्तिकरण के माध्यम से शिक्षा विभाग ने अध्यापक का ट्रांसफर किसी दूसरी जगह पर कर दिया है, तो इसका एसएमसी और अभिभावकों ने जोरदार विरोध किया है। एसएमसी का कहना है कि यदि स्कूल में संख्या के हिसाब से अध्यापक नहीं होंगे, तो इसका विपरीत प्रभाव बच्चों की गुणवत्ता पूर्वक पढ़ाई पर पड़ेगा। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग और सरकार से इस स्थानांतरण को रद्द करने का आग्रह किया।

करेर में पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

संजीव कुमार, भोटा। करेर पंचायत के घनसुई गांव में एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। व्यक्ति की पहचान सुनील दत्त उर्फ सोनू पुत्र रोशन लाल निवासी घनसुई आयु 45 वर्ष के रूप में हुई है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार सुनील कुमार ने बुधवार रात को इस घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि व्यक्ति नशे का आदी था, जिससे उसकी पत्नी व बच्चे मनाली में रहते थे। सुनील दत्त पहले छोटी-मोटी वारदातों को अंजाम देता रहता था, जिससे इसके ऊपर कई प्रकार के केस अदालत में विचाराधीन थे। इस व्यक्ति की जेब में एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें लिखा है कि मैं अपने ऊपर अदालत में लगे कई प्रकार के केसों की सुनवाई होने से मानसिक रूप से कमजोर हो चुका हूं और इससे मैं आत्महत्या कर रहा हूं। इसमें मैं किसी के दबाव में आकर आत्महत्या नहीं कर रहा हूं। पुलिस चौकी प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आत्महत्या के कारण का पता लगाने में छानबीन शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

समीक्षा सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने की बैठक

लाभार्थियों से दावा प्रपत्र लें

अनिल कुमार, हमीरपुर

- नए पंजीकरण, नवीनीकरण, हिम परिवार के माध्यम से ई-केवाईसी के बाद लंबित दावों के प्रसंस्करण के लिए विशेष अभियान 30 जून तक
- वित्तीय वर्ष से संबंधित दावों को प्रस्तुत करने के लिए 30 अप्रैल तक समय निर्धारित

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के कार्यालय के शुभारंभ के बाद कामगारों के लिए चलाई गई योजनाओं का सुचारु रूप से लाभ पहुंचाने के लिए कार्य करना शुरू कर दिया है।

योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर की अध्यक्षता में वीरवार को दोपहर 12 बजे जिला श्रम कल्याण अधिकारियों के साथ वर्चुअल मोड में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बोर्ड के सचिव राजीव कुमार, नरेश चैहान, सहायक नियंत्रक, विनय कुमार, अनुभाग अधिकारी तथा हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के श्रम कल्याण अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के प्रारंभ में जिला कार्यालयों में बोर्ड की विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा निम्नलिखित निर्णय लिए गए। इसमें अध्यक्ष ने सभी जिलों को विभिन्न वित्तीय सहायता दावों के लंबित पड़े मामलों को निपटाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए, जिसके लिए श्रम कल्याण अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में निर्वाचन क्षेत्रवार विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नए पंजीकरण, नवीनीकरण, हिम परिवार के माध्यम से ई-केवाईसी के बाद लंबित दावों के प्रसंस्करण के लिए विशेष अभियान के दौरान आगामी 30 जून तक कार्य सुनिश्चित किया जाए। यह भी निर्णय लिया कि लंबित दावों के निपटान के लिए श्रम कल्याण अधिकारी जिले की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए दिनवार रोस्टर की योजना बनाएंगे तथा हिम परिवार के माध्यम से लाभार्थियों के ई-केवाईसी कार्य करना सुनिश्चित करें। सभी जिलों को निर्देश दिए गए कि वे लाभार्थियों से दावा प्रपत्र लें तथा उनकी जांच करने के बाद, यदि कोई कमी हो तो उसे नोटिस पत्र के माध्यम से लाभार्थियों को बताएं। वित्तीय वर्ष 2024-25 से संबंधित दावों को प्रस्तुत करने के लिए 30 अप्रैल तक एक महीने का विस्तार दिया गया है। नवीनीकरण और पंजीकरण आवेदनों की लंबितता को समयबद्ध तरीके से प्राप्त होने से 15 दिनों के भीतर निपटाने का भी निर्देश दिया गया। (अनंत ज्ञान)

शंभू बने रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव बरोहा के शंभू राम शर्मा ने भी जिला रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़ने का निर्णय लेते हुए सोसायटी की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। वीरवार को उन्होंने डीसी कार्यालय में पहुंचकर एक हजार रुपए के शुल्क के साथ आजीवन सदस्यता का फॉर्म भरा और इसे डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह को सौंपा। सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद शंभू राम शर्मा ने शिक्षा विभाग में भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं और लेक्चरर के पद से रिटायर हुए हैं। शंभू राम शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए डीसी ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी में प्राप्त अंशदान से गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती है इसलिए, आम लोग अपनी नेक कमाई में से कुछ अंशदान रेडक्रॉस सोसायटी के लिए कर सकते हैं। उनकी यह नेक कमाई किसी जरूरतमंद व्यक्ति के काम आ सकती है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी में अधिक से अधिक अंशदान प्राप्त करने के लिए रेफल ड्रॉ भी निकाला जा रहा है।

राजेंद्र राणा ने जिस थाली में खाया, उसी में छेद करने का किया काम : कांग्रेस

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

कृषि उपज समिति के अध्यक्ष अजय शर्मा, जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव राजेश आनंद, बड़सर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय शर्मा व किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राजेंद्र राणा को मौकापरस्त नेता करार देते हुए कहा कि उन्होंने जिस थाली में खाया है, उसी में छेद करने का काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के कंधों पर राजनीति में आने वाले राजेंद्र राणा ने उन्हीं की पीठ में छुरा घोंपने का काम किया। अब उनके जन्मदिवस पर समीरपुर पहुंचकर राजनीतिक पुनर्वास का रास्ता देख रहे हैं, लेकिन उसमें सफलता मिलने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि न तो प्रेम कुमार धूमल और न ही अनुराग ठाकुर उस दौर को भूले हैं, जब वह एचपीसीए को धूमल एंड संज कह कर पुकारते थे। इसके अतिरिक्त कई तरह के आरोप वह धूमल परिवार पर लगाते रहे हैं। आने वाले समय में उन्हें भाजपा से भी टिकट नहीं मिलने वाली। अजय शर्मा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज मुख्यमंत्री का विरोध कर रहे राजेंद्र राणा को वह दौर भी याद करना चाहिए, जब कांग्रेस पार्टी में रहते हुए अपने टिकट के लिए सेरा विश्राम गृह पहुंच कर सुक्खू के समक्ष नतमस्तक हुए थे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार उच्च शिक्षा प्राप्त हैं व वर्ष-1990 से कंप

पांगी में मनाया जाएगा हिमाचल प्रदेश का राज्य स्तरीय समारोह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश का राज्य स्तरीय समारोह चंबा जिले के पांगी में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस समारोह की अध्यक्षता करेंगे और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समारोह सुबह 11 बजे शुरू होगा। हिमाचल सरकार के सचिव (जीएडी) की तरफ से जारी बयान में जानकारी है कि इसके अलावा विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार बिलासपुर, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री मंडी, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल धर्मशाला, कृषि मंत्री चंद्र कुमार ऊना, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सोलन, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी लाहौल-स्पीति के केलांग, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर नाहन, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह शिमला, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कल्लू, नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी किन्नौर और हमीरपुर में पर्यटन विभाग के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली जिला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

वहीं सातवें वित्त आयोग के अध्यक्ष नंदलाल और मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के साथ शिमला में सहयोग करेंगे।

समोसे-मुर्गे की जांच हो सकती है तो चीफ इंजीनियर की क्यों नहीं: बिंदल

अनंत ज्ञान, बंगाणा। बंगाणा भाजपा कार्यालय में भाजपा के राज्य अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सुक्खू सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार न केवल जनहित की योजनाओं को बंद कर रही है, बल्कि राज्य में महंगाई, भ्रष्टाचार और माफिया राज को भी खुली छूट दे रही है। बिंदल ने कहा कि अगर समोसे और जंगली मुर्गे की जांच हो सकती है, तो चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत की सीबीआई जांच से सरकार क्यों भाग रही है? उन्होंने कहा कि 1980 में भाजपा के गठन के साथ ही पार्टी ने धारा 370 और 35-ए को हटाने तथा अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण को अपना मुख्य एजेंडा बनाया था।

भाजपा नेता बिक्रम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर लगाए गंभीर आरोप, बोले-

पेखूवेला प्रोजेक्ट बनाने वाली कंपनी के साथ कांग्रेस की सांठगांठ

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

हिमाचल में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर पेखूवेला पावर प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रोजेक्ट बनाने वाली कंपनी ने 2 फॉरच्यूनर, 4 इनोवा गाड़ियां किस-किस अधिकारी और राजनेताओं को दीं, क्या सरकार इसकी भी जांच करेगी?

उन्होंने आरोप लगाया कि टैंडर फ्लोट करने से लेकर टैंडर मैच्योर होने तक 15 से 20 बार गाइडलाइन बदली गई है, ताकि कंपनी को ज्यादा लाभ पहुंचाया जा सके। पेखूवेला में जिस पावर प्रोजेक्ट पर 220 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। हैरानी की बात तो यह है कि गुजरात में वह प्रोजेक्ट 144 करोड़ रुपए में बनकर तैयार हो जाता है।

बिक्रम ने कहा है कि जब कोई ऐसे प्लांट लगता है, तो उसका टैंडर होता है। मगर पेखूवेला प्लांट की डीपीआर के लिए टैंडर नहीं किया गया। वहां पर एक नॉमिनेशन आधार पर किसी को डीपीआर बनाने का जिम्मा दिया गया। कंपनी ने 15 दिन में डीपीआर बना दी। इस डीपीआर को किसी भी एजेंसी से चेक नहीं कराया गया फिर यहीं से गड़बड़ शुरू हो गई।

उन्होंने कहा कि इस खेल में पावर कॉरपोरेशन के सभी अफसर और राजनीतिक लोग भी मिले हुए हैं। यही वजह है कि अभी तक पेखूवेला प्रोजेक्ट का काम पूरा नहीं हुआ है। लेकिन इसका कंप्लीशन सर्टिफिकेट दे दिया गया और प्लांट कागजों में ही चल पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

विमल नेगी की मौत का कारण बना प्रोजेक्ट

पूर्व मंत्री ने कहा कि चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत का कारण भी यही प्रोजेक्ट बना है। उन पर दबाव डाला गया। उन्होंने कहा कि जो हाल पावर कॉरपोरेशन में बने हैं, वहीं हालात दूसरे विभागों में भी कुछ इसी तरह के है। डायरेक्टर देसराज की जब सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत लगी, तो सरकार की ओर से कोई वकील पेश नहीं हुए। यदि देसराज अंदर हो जाता। तो पूर्व एमडी हरिकेश मीणा भी अंदर होते और वह कई ओर नाम लेते।

शोंग-टोंग कड़छम प्रोजेक्ट की बढ़ी लागत

बिक्रम ठाकुर ने आरोप लगाया कि 450 मैगावाट क्षमता के शोंग-टोंग कड़छम प्रोजेक्ट की लागत 1 हजार 724.10 करोड़ लागत आनी थी। अगस्त 2024 में इसके ऊपर 2 हजार 230 करोड़ खर्च हो चुके है और इसका काम अभी तक आधा हुआ है। सरकार को इस पर गंभीरता दिखानी चाहिए।

हरिकेश मीणा पर दिख रही विशेष कृपा

बिक्रम ने कहा कि जब बिजली बोर्ड कर्मचारियों ने हरिकेश मीणा के पुतले जलाए थे, तो उन्हें पावर कॉरपोरेशन का एमडी क्यों लगाया? यह विशेष कृपा मीणा पर क्यों की गई। इस स्पष्ट होता है की दाल में कुछ काला है और सरकार देशों को बचाने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है।

कांग्रेस ने करोड़ों-अरबों की संपत्तियों पर खड़े कर दिए मॉल : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान, गगल

अहमदाबाद में हो रहे कांग्रेस अधिवेशन पर कटाक्ष करते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस तीन बार चारों खाने चित हो चुकी है। आज वह न केंद्र में है, न राज्यों में अपनी साख बचा पा रही है। अनुराग ने वीरवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचने पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। नक्सलवाद और आतंकवाद पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर इतिहास रच दिया, जो कांग्रेस की सरकार के बस की बात नहीं थी। मोदी है तो मुमकिन है, इस विश्वास ने ही भाजपा को देश की जनता का समर्थन दिलाया है।

उन्होंने वक्फ कानून को लेकर कांग्रेस नेताओं पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कुछ लोग अपने पूर्वजों की कब्र पर जाते तक नहीं, लेकिन करोड़ों-अरबों की संपत्तियों पर मॉल खड़े कर दिए हैं। हिमाचल में कांग्रेस के कुछ नेताओं ने प्रदर्शन किए, जबकि हकीकत यह है कि कई कांग्रेसी वक्फ बोर्ड की जमीन पर अवैध कब्जा जमाए बैठे हैं।

बोले-कांग्रेसी वक्फ बोर्ड की जमीन पर जमाए बैठे हैं अवैध कब्जे

मेनर होटल को मात्र 12,000 रुपए में देना इस भ्रष्टाचार का उदाहरण है। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार वक्फ जमीन से 12,000 करोड़ का राजस्व आना था, जो कांग्रेस की नीतियों के कारण संभव नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को पहले पढ़ना चाहिए, फिर प्रदर्शन करना चाहिए। प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की ट्रेजरी खाली है और सारा दोष केंद्र सरकार पर मढ़ा जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि आज राज्य सरकार केंद्र की मदद से ही चल रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र अगर सहायता बंद कर दे, तो प्रदेश सरकार एक दिन भी नहीं टिक पाएगी। आपदा राहत को लेकर अनुराग ने आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा भेजी गई सहायता का लाभ कांग्रेस सरकार ने अपने चहेतों को बांटा और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भेदभाव किया गया। उन्होंने कहा कि जब आप केंद्र के पास हाथ फैलाकर मदद मांगते हैं, तो फिर राजनीति छोड़कर विकास की बात करनी चाहिए, यदि केंद्र बड़ा दिल दिखा रहा है, तो प्रदेश सरकार को भी छोटा मन नहीं रखना चाहिए।

मधुमक्खियों की 'फौज' से रुकेगा हाथियों का आतंक

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिले की पांवटा साहिब घाटी पिछले दो दशकों से हाथियों के आवागमन के कारण चर्चा में है। पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के राजाजी नेशनल पार्क से बहराल के रास्ते वन मंडल पांवटा साहिब में प्रवेश करने वाले हाथियों ने पिछले डेढ़ साल में घाटी के जंगलों को अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है। हाल के समय में इन जंगली हाथियों के रिहायशी इलाकों में घुसकर फसलों को तबाह करने की घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिससे निपटने के लिए वन मंडल पांवटा साहिब ने एक अनूठा तरीका अपनाया है। अब हाथियों को मधुमक्खियों की 'फौज' की मदद से दूर जंगलों में खदेड़ा जाएगा।

इसके लिए सतीवाला बीट में वन विभाग ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। रिहायशी बस्तियों में जंगली हाथियों के प्रवेश को रोकने के उद्देश्य से यह कारगर कदम उठाया गया है। वन विभाग ने प्रोजेक्ट एलिफेंट के तहत सतीवाला

वन विभाग ने पुख्ता किए इंतजाम, लोगों को बचाव का दिया जा रहा प्रशिक्षण

बीट में शुरुआती तौर पर मधुमक्खियों के 30 बॉक्स स्थापित किए हैं। अब यदि यह प्रयोग सफल रहता है, तो हाथी प्रभावित अन्य इलाकों में भी इसी तरह के बॉक्स लगाए जाएंगे।

वन विभाग के अनुसार, अनुशंसित संचालन प्रक्रिया में यह तथ्य सामने आया है कि हाथी मधुमक्खियों से डरते हैं, क्योंकि मधुमक्खियां उनकी आंख और सूंड में डंक मार सकती हैं। इसके अतिरिक्त, मधुमक्खियों की भिनभिनाहट की आवाज भी हाथियों को परेशान करती है। हाथियों के संभावित रास्तों में मधुमक्खियों से भरे डिब्बे रखने से उन्हें मानव बस्तियों में आने से प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है।

इसी रणनीति के तहत, हाथी प्रभावित बहराल ब्लॉक की सतीवाला बीट के अंतर्गत रिजर्व फॉरेस्ट मस्तली सी-1 के नजदीक लालूवाली क्षेत्र में वन विभाग ने मधुमक्खियों से भरे यह 30 बॉक्स स्थापित किए हैं। इस कार्य को मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ डॉ. अशोक, बहादुर सिंह, वन कर्मी दीपक शर्मा और गज मित्र गुरजीत सिंह के सहयोग से पूरा किया गया। प्रोजेक्ट एलिफेंट के तहत वन विभाग पांवटा साहिब में मधुमक्खी पालन को भी प्रोत्साहित कर रहा है। इसके लिए हाथी प्रभावित इलाकों के लोगों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लोगों को मधुमक्खी के छत्ते की बाड़ लगाने की तकनीक के साथ-साथ हाथियों को उनकी फसलों से दूर रखने के तरीके भी सिखाए जा रहे हैं।

घातक साबित हो चुके हैं हाथी

यह उल्लेखनीय है कि अकसर पांवटा साहिब में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले इन हाथियों ने वर्ष 2024 में दो अलग-अलग हमलों में एक महिला सहित दो लोगों की जान भी ले ली थी। इसी के मद्देनजर लोगों के जानमाल की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रोजेक्ट एलिफेंट के तहत हाथियों को रिहायशी बस्तियों से दूर रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

डीएफओ का क्या है कहना

वन मंडल पांवटा साहिब के डीएफओ ऐश्वर्य राज ने इस पहल के बारे में बताया कि किसानों की खड़ी फसलों को नष्ट होने से बचाने के लिए और रिहायशी इलाकों में हाथियों के आवागमन को नियंत्रित करने के उद्देश्य से चिन्हित क्षेत्रों में मधुमक्खियों से भरे बॉक्स लगाए गए हैं। वन विभाग हाथी प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों को मधुमक्खी पालना का प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रोजेक्ट एलिफेंट के तहत विभाग हरसंभव आवश्यक कदम उठा रहा है ताकि रिहायशी क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही और हाथी-मानव संघर्ष कम हो।

पुलबाहल में पकड़े देवदार के 80 अवैध स्लीपर

अनंत ज्ञान-चौपाल, नेरवा

चौपाल उपमंडल के तहत पुलबाहल में वन विभाग की टीम ने देवदार के 80 अवैध स्लीपर के साथ दो निजी पिकअप अपने कब्जे में ली है। जानकारी के अनुसार भैइला वन बीट का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे नौणी वन बीट इंचार्ज वन रक्षक हरीश कुमार को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि देवठी- थुंदल बीट से कुछ लोगों द्वारा लकड़ी की तस्करी की जा रही है।

सूचना के आधार पर हरीश कुमार ने अन्य विभागीय कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर सुशील कुमार पुत्र लायक राम गांव थुंदल की पिकअप नं. एचपी63सी 9889 एवं चतर सिंह पुत्र रण सींग निवासी जरवा-जनौली, जिला सिरमौर की एक अन्य पिकअप नंबर एचपी85-3065 को 40-40 देवदार के अवैध स्लीपर के साथ कब्जे में लिया। उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध चौपाल थाना में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि चौपाल थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

अवैध लकड़ी के साथ कब्जे में ली गई पिकअप।

सीएम साहब या तो हमारी 'पेमेंट दे दो या जहर'

अनिल शर्मा, मंडी

मंडी में धरने-प्रदर्शन के उपरांत भावुक हुए ठेकेदार

मुख्यमंत्री जी या तो हमारी पेमेंट टाइम से दो नहीं तो हमें 'जहर दे दो और मार दो'। यह बात कांट्रैक्टर वेलफेयर फेडरेशन के सदस्यों ने मंडी में आयोजित धरने प्रदर्शन के दौरान कही। कांट्रैक्टर वीणा भवानी ने कहा कि हम बमुश्किल से परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। पिछले 8 माह से हमारी पेमेंट नहीं की जा रही है। पहले हमें बिल देने के लिए कहा बाद में पेमेंट नहीं की।

बता दें कि मंडी में कांट्रैक्टर वेलफेयर फेडरेशन ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और अपने साथ हो रहे सौतेले व्यवहार को लेकर डीसी मंडी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। अपनी मांगों को लेकर ठेकेदारों को गुस्सा सिर चढ़कर बोला और नारों पूरा मंडी शहर गूंज उठा। ठेकेदारों के धरने उपरांत मंडी शहर में माननीय के वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी की खूब निंदा हुई और कहा कि वित्त की कमी केवल आम जनता के लिए ही है और माननीय के लिए तो मौज है। (अनंत ज्ञान)

कंगना बोली-अपनी हार को नहीं पचा पा रहे 'राजकुमार'

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

सांसद कंगना रनौत ने अपने गृह क्षेत्र सरकाघाट विधानसभा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मौंही, सरकाघाट और गौंटा जनसभाओं को संबोधित किया। कंगना के साथ सरकाघाट विधायक दलीप ठाकुर भी मौजूद रहे। कंगना ने सरकाघाट के विकास के लिए सांसद निधि से 50 लाख रुपए देने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि मुझे सरकाघाट से कम वोट मिले हैं, लेकिन मैं सरकाघाट की जनता के लिए विभिन्न विकास कार्यों को धरातल पर उतारुंगी, जिसमें फोरलेन और केंद्रीय विद्यालय जैसे प्रोजेक्ट हों। वहीं, उन्होंने कहा कि अगर विक्रमादित्य सिंह को राजा मानते हैं तो मुझे भी क्वीन के नाम से जानते हैं।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर भी जुबानी हमला बोलते कहा कि सरकार ने प्रदेश की जनता को लुटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को युग पुरुष बताया और कहा कि कांग्रेस नेताओं को उनकी लोकप्रियता हजम नहीं हो रही है। भाजपा ने महिलाओं को विधानसभा और संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनका मान बढ़ाया है। विधायक दलीप ने प्रदेश सरकार को आज तक की सबसे निकम्मी सरकार बताया। इस अवसर पर सांसद के साथ विधायक दलीप ठाकुर, राजेंद्र भुट्टो, पवन ठाकुर, नीलम परमार आदि उपस्थित थे।

हाटी विकास मंच ने सोलन-मीनस सड़क को एनएच मार्ग बनाने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश हाटी विकास मंच ने सोलन से मीनस तक जाने वाली सड़क को राष्ट्रीय उच्च मार्ग (एनएच) में बदलने की मांग उठाई है। मंच ने इस संबंध में प्रधानमंत्री मोदी को राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल के माध्यम से एक पत्र भेजा है, जिसमें इस सड़क की खराब स्थिति और क्षेत्र के विकास में इसकी अहम भूमिका को रेखांकित किया गया है।

हाटी विकास मंच का कहना है कि यह सड़क न केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए भी महत्वपूर्ण है। यदि इसे राष्ट्रीय उच्च मार्ग का दर्जा

राज्यपाल के माध्यम से पीएम मोदी को भेजा पत्र

दिया जाता है, तो यह पूरे क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यह सड़क न केवल हिमाचल प्रदेश, बल्कि उत्तराखंड और अन्य राज्यों के लिए भी महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी प्रदान करता है। वर्षों से यह सड़क स्थानीय निवासियों और पर्यटकों के लिए जीवन रेखा के रूप में काम कर रही है। हालांकि, सड़क की हालत अत्यधिक खराब हो चुकी है, जिससे यात्रा करना खतरनाक हो गया है।

हाटी विकास मंच के अध्यक्ष प्रदीप सिंह सिंगटा ने कहा कि यह सड़क 1958 से 1962 के बीच बनाई गई थी और तब से इस सड़क का नवीनीकरण नहीं किया गया है। अगर इस सड़क को राष्ट्रीय उच्च मार्ग का दर्जा दिया जाता है, तो न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सुधार होगा, बल्कि यह गिरिपार क्षेत्र के विकास के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर पैदा करेगा।

सिहुंता में युवक ने लगाया फंदा, मौत

बबलू, पठानिया, सिहुंता। चंबा जिले की तहसील सिहुंता के अंतर्गत मोरठु पंचायत के वरे गांव से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। 35 वर्षीय संजय कुमार, पुत्र धुत राम ने मानसिक तनाव के चलते पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, संजय पिछले काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। बुधवार शाम लगभग 5 बजे, वह घर के पास जंगल में गया और वहां खैर के पेड़ से फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही सिहुंता थाना प्रभारी मनोज कौंडल पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचे और शव का सीएचसी समोट पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पठानिया बोले- 105 साल के इतिहास में बैंक पहली बार 121 करोड़ के प्रॉफिट में

केसीसीबी के बर्खास्त कर्मियों की अपीलें सुनेगा बोर्ड

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने कहा है कि बैंक पहली मर्तबा 105 वर्ष के इतिहास में 121 करोड़ के प्रॉफिट में आया है, जो लोग बार-बार इस बैंक के डूब जाने की आशंकाएं और भ्रम फैलाने का काम करके परेशान करते थे, यह प्रॉफिट बैंक के लिए सुकून भरा है।

उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में जिन कर्मचारियों या अधिकारियों को बर्खास्त किया गया है, उनकी अपीलें बैंक के बोर्ड के पास आ रही हैं। उन्हें सुना जाएगा और बोर्ड का फैसला ही सर्वोपरि होगा। वीरवार को हमीरपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में पठानिया ने कहा कि तकरीबन 40 फीसदी पदों के खाली होने के बावजूद बैंक के कर्मचारी और प्रबंधन में बेहतर काम करते हुए इसके 105 साल के इतिहास में पहली बार इतनी

बड़ी स्थिति हासिल की है। करीब 73 करोड़ की इसके प्रॉफिट में वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में यह प्रॉफिट 40 करोड़ था। अब बैंक की यह स्थिति और बेहतर होगी। नई भर्तियां भी होंगी, क्योंकि 200 से 250 पदों पर भर्ती नहीं हुई है और नई ब्रांचें भी खुलेंगी। पठानिया ने कहा कि बैंक की कार्यप्रणाली में बहुत सुधार हुआ है। पिछले 2 साल में इसमें और ज्यादा बेहतरीन हुई है। निवेश में भी पहले के मुकाबले में 1403 करोड़ की वृद्धि हुई है, जबकि लोन देने के मामले में 241 करोड़ की बढ़ोतरी पाई गई है।

वहीं, डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा के एक बयान पर उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिले की राजनीति में जिन पार्टी के तीन नेताओं ने गड़बड़ झाला किया, उससे ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री के इस जिले में एक वक्त ऐसा आ गया, जिसके पास पैसा है, वही चुनाव लड़ेगा। हमीरपुर की राजनीति पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय रही। यहां अपने ही घर को कुछ लोगों ने आग लगाने का काम किया और सीएम के जिले को भी नहीं बख्शा। यह पूछे जाने पर कि अब अगले विधानसभा चुनावों के लिए कुलदीप पठानिया की स्थिति क्या होगी? उन्होंने कहा कि वह पार्टी के छोटे वर्कर हैं और जो भी फैसला होगा, उसी के अनुरूप आगे बढ़ेंगे। (अनंत ज्ञान)



न्यूज ब्रीफ

लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ाने का विरोध

अनंत ज्ञान, कोटला। उपतहसील कोटला के अंतर्गत आने वाली देवभूमि मां बगलामुखी कोटला टैक्सी ड्राइवर यूनियन की बैठक आज पैलेस कुठेड़ में संपन्न हुई। इसमें केंद्र सरकार द्वारा लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन फीस में वृद्धि करने पर कड़ा ऐतराज जताया और आज जमकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर टैक्सी यूनियन के प्रधान नरेश कुमार ने कहा कि सरकार ने मनमानी करते हुए टैक्सी ऑपरेटरों पर जबरदस्ती फीस बढ़ोतरी की है, जिसे जल्द वापस लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि हम टैक्सी ऑपरेटर काफी सारे फंड व फीस देकर टैक्सी चला रहे है लेकिन कुछ प्राइवेट कारों में सवारियों को ढो रहे हैं। सरकार व प्रशासन को उन ओर भी शिकंजा कसना चाहिए।। टैक्सी ऑपरेटरों की बैठक में निर्णय लिया गया कि परमिट 12 वर्ष की जगह 15 वर्ष किया जाए । वहीं, टैक्सी यूनियन ने जताया की टैक्सी ऑपरेटर अन्य राज्यों में टैक्सी लेकर नहीं जाएंगे। इस मौके पर पुलिस चौकी कोटला प्रभारी संजीव धामी, सुरेंद्र कुमार, टैक्सी यूनियन के प्रधान नरेश कुमार, उपप्रधान मनोज कुमार, सचिव बलविंदर सिंह, महासचिव वाशिंर दीन, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य वीर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य कमल कृष्ण व कई अन्यस लोग उपस्थित रहे।

बेरोजगार शारीरिक शिक्षकों को कब मिलेगा रोजगार

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ कांगड़ा के अध्यक्ष संदीप घई

ने कहा कि धीरे-धीरे सभी सरकारों से बेरोजगारों का भरोसा उठ रहा है। पूर्व में जो सरकार थी वह भी शारीरिक शिक्षकों का एक भी पद नहीं भर पाई और वर्तमान में जो सरकार है इसके भी 2 साल हो चुके हैं परंतु अभी तक शारीरिक शिक्षकों का एक भी पद भरा नहीं गया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले वर्तमान सरकार ने शारीरिक शिक्षकों की भर्ती शुरू करने की बात कही थी, परंतु सत्ता में आने के बाद सरकार इस बात पर विफल रही, जिससे की हजारों डिप्लोमा और डिग्री धारक परेशान हो चुके हैं। जब से यह सरकार बनी है न जाने कितनी बार हम मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से शारीरिक शिक्षकों की भर्ती शुरू करने की गुहार लगा चुके हैं, परंतु आज तक हमें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। पिछले 8 वर्षों से शारीरिक शिक्षकों का एक भी पद नहीं भरा गया है। संदीप घई ने कहा कि अगर सरकार इसी माह खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं करती है तो समस्त बेरोजगार उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

महावीर जयंती पर योल में लगाए भंडारे और छबीलें

अनंत ज्ञान, योल। आज जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर योल बाजार में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। इस पावन पर्व पर जैन समाज के खासकर व्यापारियों ने इस उत्सव की अगवाई की। जैन समाज के व्यापारियों ने अपने-अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने आकर्षक छबीलें सजाईं, जिनमें आम स्थानीय नागरिकों के लिए शीतल पय और फलाहार की व्यवस्था की गई। हर पंडाल पर भक्ति गीतों की मधुर धुन बजती रही, जिससे माहौल और भी पावन बन गया। राहगीरों और दुकानदारों व स्थानीय निवासियों को स्वादिष्ट प्रसाद वितरित किया गया। जैन फर्नीचर हाउस के आगे नरेश जैन जी, आशीष जैन व अभिषेक जैन ने छबील लगाई व भंडारे का प्रसाद बांटा। वही दीपक ट्रेडिंग कंपनी के सामने दीपक जैन, मोनू जैन उनके परिवार ने भंडारे का आयोजन किया। मामचंद जैन परिवार ने भी लड्डू और शीतल पय बांटा। स्थानीय नागरिकों और योल बाजार के व्यापारियों ने जैन समाज के इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे सामाजिक एकता का प्रतीक बताया।

धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों को लेकर आयोजित प्रशासन और एचपीसीए की बैठक में डीसी बोले-

खिलाड़ियों व दर्शकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में आगामी माह प्रस्तावित टाटा आईपीएल टी-ट्वेंटी क्रिकेट मैच के लिए खिलाड़ियों तथा दर्शकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। वीरवार को धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में जिला प्रशासन तथा एचपीसीए के अधिकारियों के बीच तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि चार मई, आठ मई तथा 11 मई को टाटा आईपीएल टी-टवेंटी के तहत तीन मैच धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने मैच के दौरान खिलाड़ियों तथा दर्शकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पुख्ता कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आयोजन के संदर्भ में कानून, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, सड़कों की मुरम्मत, शहर की साफ-सफाई तथा अग्निशमन सेवाओं इत्यादि सहित अन्य संबंधित तैयारियों का जायजा लिया और इस बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को मैच के आयोजन से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। एसी टू डीसी ने कहा कि मैच के आयोजन के दौरान वाहनों की पार्किंग के लिए निर्धारित स्थलों की नंबरिंग करके दिशा सूचक बोर्ड लगाए जाएंगे।

धर्मशाला में 4 8 और 11 मई को खेले जाएंगे क्रिकेट मैच

उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए निकासी गेटों से पार्किंग स्थलों तक दिशा सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को स्टेडियम में अग्नि संबंधी आपातकालीन प्रबंधों का निरीक्षण करने तथा आवश्यक अग्निशमन सेवाएं सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल सहित एचपीसीए के एचपीसीए प्रबंधकों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

पेयजल और पार्किंग के लिए प्लान तैयार

डीसी ने कहा कि आयोजन से पहले धर्मशाला तथा इसके आसपास के क्षेत्रों की सड़कें तथा लाइट व्यवस्था चकाचक होगी। पेयजल, पार्किंग की बेहतर व्यवस्था के लिए भी प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने पुलिस विभाग को टेस्ट मैच के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को धर्मशाला के आस-पास के क्षेत्र में मुरम्मत योग्य सड़कों का कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। वहीं, एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात प्लान, पार्किंग इत्यादि के प्लान को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।

केवल पठानिया का विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन

अनंत ज्ञान, शाहपुर। प्रदेश के शाहपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक एवं उपमुख्य सचेतक, पावरलिफ्टिंग इंडिया के उपाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष

एवं राष्ट्रीय रेफरी केवल सिंह पठानिया का चयन 17 से 24 मई तक नॉर्वे के ड्रामेन में आयोजित होने वाली विश्व क्लासिक एवं सुसज्जित बेंच प्रेस चैंपियनशिप में भारतीय पावरलिफ्टिंग टीम के प्रतिनिधि के रूप में हुआ है। केवल सिंह पठानिया पूर्व में अमेरिका, कनाडा, दुबई, इंग्लैंड, रूस जैसे देशों में भारतीय टीम के मैनेजर रह चुके हैं और उनका अनुभव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की टीम के लिए एक मजबूत स्तंभ साबित होगा। उनके चयन से शाहपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे हिमाचल प्रदेश में हर्ष की लहर दौड़ गई है। युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और खेलों के प्रति जागरूकता और उत्साह को नई दिशा मिलेगी।

आपदा में इंटर एजेंसी ग्रुप करेगा सहायता: कर्म चंद

अनंत ज्ञान, देहरा

आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम में दी जानकारी

देहरा के तहसीलदार कर्म चंद कालिया की अध्यक्षता में उपमंडल अधिकारी देहरा के कार्यालय में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का संचालन जिला इंटर एजेंसी ग्रुप के संयोजक हरजीत भुल्लर ने किया। तहसीलदार देहरा कर्म चंद कालिया ने कहा कि कांगड़ा जिला का देहरा उपमंडल भूकंप के दृष्टि से संवेदनशील जोन में आता है जिसके दृष्टिगत आपदा प्रबंधन को लेकर आधारभूत सुविधाएं जुटाने के लिए दूरगामी प्लान तैयार करना होगा ताकि आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। बैठक में उपमंडल स्तर पर इंटर एजेंसी ग्रुप बनाने और प्रत्येक पंचायत में डिजास्टर मैनेजमेंट कमेटी का गठन करने को लेकर चर्चा हुई जिसका कार्य प्राकृतिक आपदा के समय प्रारंभिक स्तर पर लोगों को मदद देना होगा। बैठक में हरजीत भुल्लर ने बताया कि आज के समय में भवन का निर्माण भूकंप रोधी इमारत के रूप में किया जाना चाहिए। उन्होंने बैठक में जिला आपदा प्रबंधन कमेटी द्वारा तैयार किए जा रहे आपदा मित्रो के कार्यों की सराहना की और सभी को आपदा मित्रो का प्रशिक्षण लेने के लिए कहा। बैठक में संस्थागत, पंचायत और घरेलू स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाओं को विकसित करने के लिए दिशा-निर्देश स्थापित करन पर चर्चा की गई।

एचपीयू के क्षेत्रीय केंद्र में संगोष्ठी आयोजित

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। एचपीयू के क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में राजनीतिक विभाग के सौजन्य से एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय 'भारत में परिसीमन और इसके भारतीय राजनीति पर प्रभाव' विषय आधारित रहा। संगोष्ठी में मुख्यातिथि के रूप में क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक प्रोफेसर कुलदीप ने शोधार्थियों की सराहना की और कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्य वक्ता ने परिसीमन कार्य के वैधानिक और संवैधानिक प्रावधानों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की और कहा कि भारत में होने वाले परिसीमन विषय पर चर्चा होनी चाहिए। संगोष्ठी के संयोजक डॉक्टर हेतराम ने बताया कि एक दिवसीय संगोष्ठी में एमए द्वितीय एवं चतुर्थ सत्र के 40 शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए जो परिसीमन के प्रभावों पर आधारित थे।

अस्पताल में पर्ची और टेस्ट के पैसे लेने से बढ़ेगा मरीजों का मर्ज : राकेश पठानिया

पूर्व मंत्री ने कहा, स्वास्थ्य मंत्री का पर्ची गुम न हो जाए का तर्क समझ से बाहर

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया ने प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें

स्वास्थ मंत्री ने कहा था कि अस्पतालों मे पर्ची के दस रुपए इस लिए लिए जा रहे हैं कि लोग पर्ची गुम कर देते हैं। उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि दस रुपए में एक गरीब मजदूर की चमड़ी खिंचना और यह बहाना लगाना की पर्ची गुम न हो जाए यह बात गले नहीं उतर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में गरीब लोग जाते हैं और प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी अस्पतालों में मरीजों से पर्ची और टेस्ट के पैसे लेने के फैसले से लोग परेशान हैं।

फतेहपुर स्कूल में टीजीटी के तीन पद खत्म करने पर प्रदेश सरकार को घेरा

अनंत ज्ञान, जवाली। पूर्व मंत्री राकेश पठानिया ने एनरोलमेंट पूरी होने के बावजूद उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फतेहपुर में टीजीटी के तीन पद समाप्त करने और महिला टीचर्स का चंबा तबादला करने के मामले मेंसरकार व शिक्षा विभाग को घेरा है। राकेश पठानिया ने कहा कि फतेहपुर का यह एक ऐसा स्कूल है, जहां हर विषय है और बच्चों की संख्या भी अधिक है। यहां अंग्रेजी व हिंदी मीडियम में शिक्षा का प्रावधान है, जहां हर कक्षा में सत्तर से अस्सी बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और नियमों के अनुसार हर विषय पर दो-दो अध्यापक हैं। मगर शिमला बैठे शिक्षा विभाग के अधिकारी बिना तथ्यों के जाने जंहा से तीन महिला टीचरों का युक्तिकरण कर अन्य जगहा भेज दिया। उन्होंने कहा की स्थानीय विधायक भवानी सिंह पठानिया कैबिनेट रैंक में है, योजना बोर्ड के उपाध्याय है और फिर भी ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस के अपने विधायक हैं, वहीं, यह हाल है तो जहां भाजपा के विधायक होंगे, वहां क्या हाल होंगे। उन्होंने कहा की वो निवेदन करते है कि विधायक इस मामले में हस्तक्षेप करे और क्यकि यह फतेहपुर के लिए एक शर्मा की बात है।

बिलासपुर बना वाटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर का नया केंद्र

बिलासपुर जिला अब सिर्फ अपनी सांस्कृतिक धरोहरों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए ही नहीं, बल्कि रोमांचक पर्यटन गतिविधियों के लिए भी प्रसिद्ध हो रहा है। वर्तमान में जिले में कई महत्वपूर्ण पर्यटन परियोजनाएं चल रही हैं, जो इसे हिमाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रही हैं। इनमें सबसे प्रमुख है वाटर टूरिज्म, जिसके तहत गोबिंद सागर झील में क्रूज, शिकारा और अन्य जलक्रीड़ा गतिविधियों की शुरुआत की गई है। इस परियोजना का शुभारंभ स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा गत वर्ष 28 अक्तूबर को किया गया था। गोबिंद सागर झील को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। यहां क्रूज, शिकारा, हाई-टेक मोटरबोट, जेट स्की और वाटर स्कूटर जैसी जलक्रीड़ा गतिविधियों की शुरुआत की गई है। इन गतिविधियों को देखने और अनुभव करने के लिए सिर्फ हिमाचल ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों से भी सैलानी बिलासपुर पहुंच रहे हैं। अब जल्द ही कोलडैम में भी वाटर टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियों की शुरुआत की जाएगी, जिससे यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अपनी खास जगह बना सकेगा। पर्यटन को एक नया आयाम देने के लिए मंडी-भराड़ी में क्रूज और शिकारे के अतिरिक्त पैरासेलिंग की गतिविधियां भी शुरू की गई हैं। यह रोमांच प्रेमियों के लिए एक बड़ा आकर्षण साबित हो रहा है।

स्काई ग्लास ब्रिज, फ्लाइंग होटल योजनाएं भी प्रस्तावित

इसके अलावा, स्काई ग्लास ब्रिज, फ्लाइंग होटल और वे-साइड एम्युनिटीज जैसी योजनाएं भी प्रस्तावित हैं, जो बिलासपुर के पर्यटन को और भी समृद्ध बनाएंगी। बिलासपुर को अंतरराष्ट्रीय स्तर का पर्यटन केंद्र बनाने में उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके प्रयासों से जिले में आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का तेजी से विकास हो रहा है। उनका कहना है कि ष्बिलासपुर को एक अलग पहचान देना और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसी के साथ बिलासपुर के औहर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर का होटल और अन्य बड़े पर्यटन ढांचों की योजनाएं बनाई जा रही हैं। यह क्षेत्र पर्यटन के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। बिलासपुर का यह नया रूप निश्चित रूप से इसे हिमाचल प्रदेश के सबसे रोमांचक पर्यटन स्थलों में बदलने जा रहा है। अगर आप भी एडवेंचर और प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा संगम देखना चाहते हैं, तो जल्द ही बिलासपुर की यात्रा कीजिए और यहां की नई पर्यटन गतिविधियों का लुत्फ उठाइए।

बिलासपुर में इंटरनेशनल पैराग्लाइिंग प्रतियोगिता

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक द्वारा इंटरनेशनल पैराग्लाडिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। यही नहीं, प्रशासन का यह भी कहना है कि यहां पर प्री-वर्ल्ड कप पैराग्लाडिंग प्रतियोगिता करवाने की भी प्लानिंग तैयार की जा रही है।

प्रस्तुतिः शुभम राही, बिलासपुर

गर्मियों में बर्फ से लदे पहाड़ देख दिल को मिलता है सुकून

चिलचिलाती गर्मी पड़ना शुरू हो गई है। इसके साथ ही लोगों को याद आने लगे हैं हिमाचल के बर्फ से लदे पहाड़ और प्राकृतिक नजारों के बीच ठंडी हवाएं। पहाड़ों पर घूमना है तो हिमाचल प्रदेश से बेहतर ओर कौन सी जगह हो सकती है। हिमाचल प्रदेश की ऐसी 10 जगहें हैं, जहां गर्मी से राहत और सुकून पाया जा सकता है।

चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए हिमाचल से बेहतर और कोई जगह नहीं

✱ **मैक्लोडगंजः** कांगड़ा के मैक्लोडगंज में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में देश-विदेश से पर्यटक यहां पहुंचते हैं। यहां बर्फ से ढके धौलाधार पर्वत, नदियों व झरनों के पास हर कोई जाना चाहता है। यहां कई पर्यटक स्थल भी हैं।

✱ **शिमलाः** प्रदेश की राजधानी शिमला ऊंची-ऊंची पहाड़ियों और अछूते जंगलों से सजा हुआ है, जो पर्यटकों के बीच एक आकर्षण का केंद्र बना रहता है। खासकर हनीमून कपल्स के लिए शिमला हमेशा से पहली पसंद रहा है। यहां आप चाडविक फॉल्स, जाखू मंदिर और शिमला की कई खूबसूरत जगहों पर घूम सकते हैं।

✱ **मनालीः** मनाली की लुभावनी सुंदरता को देखकर आप दंग रह जाएंगे। इस जगह का विहंगम दृश्य आपको मंत्रमुग्ध कर देगा. यहां के भव्य घास के मैदान, बहती धाराएं, झरने और पेड़ों के घने जंगल आपको खूब लुभाएंगे। मनाली आपको कभी ऊबने का मौका नहीं देगा। यदि आप बर्फ से खेलना चाहते हैं तो मनाली घूमने का सबसे अच्छा समय जून का महीना है।

✱ **डलहौजीः** भारत में पुराने विक्टोरियन युग को उसके सक्रिय रूप में अनुभव करना चाहते हैं, तो डलहौजी वह स्थान है जहां आपको जाना चाहिए। हिमालय पर्वतमाला के बीच स्थित, डलहौजी छोटा सा शहर है, जो मनोरंजक प्राकृतिक सुंदरता से भरा हुआ है। यहां आप शहरी जीवन को भूल जाएंगे । फूलों और चीड़ के पेड़ों की घाटियों के साथ, डलहौजी आपको बार-बार अपनी ओर आकर्षित करेगा।

✱ **कसौली :** चंडीगढ़ के रास्ते में आपको एक-दो दिन बिताने के लिए यह अनोखा हिल स्टेशन मिल जाएगा। यहां के विक्टोरियन स्टाइल के घर आपको ब्रिटिश दौर की याद दिला देंगे। कसौली का शांत और रमणीय वातावरण आंतरिक शांति देता है।

✱ **काजाः** समुद्र तल से 12,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित काजा स्पीति घाटी का क्षेत्र है। यहां की मुड़ी हुई सड़कें, व्यापक घाटियां, प्राचीन धाराएं, बर्फ से लदे पहाड़ और बर्फीले रेगिस्तान हैं।

✱ **बीड़ बिलिंग :** कांगड़ा जिले के पर्यटन स्थल बीड़ बिलिंग में बहुत सारे बौद्ध मठ हैं। यहां आप पैराग्लाइडिंग का मजा और परिवार के साथ छुट्टियों का आनंद ले सकते हैं।

✱ **सांगला घाटी :** सांगला घाटी करीब से ग्रेटर हिमालयन रेंज का राजसी दृश्य प्रस्तुत करती है। यहां कामरू किला, बेरिंग नाग मंदिर जैसे पर्यटन स्थलों पर जरूर जाएं।

✱ **पालमपुर :** कांगड़ा के पालमपुर में आप प्राकृतिक सुंदरता के बीच विक्टोरियन युग की छाप पाते हैं। यह शहर खूबसूरत नदियों, जीवंत चाय बागानों, देवदार के रहस्यमयी जंगलों और अद्भुत झरनों से घिरा हुआ है।

✱ **खज्जियार :** हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता से रूबरू होने के लिए आपको भी खज्जियार जाना चाहिए. खज्जियार को इसकी आश्चर्यजनक झीलों और उत्कृष्ट पहाड़ियों के लिए जाना जाता है।

प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला

हिमाचल में ग्रामीण परिवेश के खूबसूरत गांव होंगे सैरगाहों के रूप में विकसित

200 लग्जरी होटल खोलने की योजना

3 से लेकर 7 सितारा होटल खोले जाएंगे

आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे सभी होटल

हिमाचल प्रदेश में शहरों की तर्ज पर ग्रामीण परिवेश की खूबसूरत सैरगाहों की तलाश शुरू हो गई है। पर्यटन विभाग की राज्य इकाई खोजबीन की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। तमाम आकर्षक साइटें मिलने के बाद एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार होगी, जो राज्य सरकार को भेजी जाएगी, उसके पश्चात आवश्यक कार्ययोजना तैयार होगी। पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं देने के लिए निजी क्षेत्र के निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा। जो उनको लुभाने के लिए अपने स्तर पर सुविधाएं मुहैया करवाएंगे।

पूरे प्रदेश में 200 लग्जरी होटल खोलने की भी योजना बन चुकी है। बकायदा, सरकार ने विधानसभा के बजट सत्र में इसकी घोषणा कर रखी है। योजना के तहत तीन सितारा, चार सितारा, पांच सितारा और सात सितारा होटल स्थापित होंगे। होटल का निर्माण निजी क्षेत्र के निवेशक करेंगे। उन्हें औपचारिकताएं पूरी करने को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा, बल्कि न मात्र की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उन्हें होटल खोलने की मंजूरी दे दी जाएगी। प्रोजेक्ट के दायरे में हाई वैल्यू एंड हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, सीनियर सिटीजन टाउनशिप, हाई वैल्यू टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर और विश्व स्तरीय सुविधा युक्त टूरिस्ट अट्रैक्शन केंद्र स्थापित करने को प्राथमिकता दी जाएगी।

निजी निवेशकों को मिलेगी छूट

राज्य सरकार पहले ही दावा कर चुकी है कि निवेश करने वाले निजी निवेशकों को प्रोजेक्ट, होटल समेत रिजॉर्ट्स बनाने के लिए समग्र आवेदन पत्र दाखिल करने के महज एक माह के अंदर ही तमाम सभी मंजूरियां प्रदान की जाएगी। संभावना बन रही है कि इस तरफ देश-विदेश के निवेशक आकर्षित होंगे। औपचारिकताओं को जल्द पूरा करने वालों को मंजूरी भी जल्द ही मिल जाएगी।

बड़े औद्योगिक घराने निवेश के इच्छुक

कहा जा रहा है कि बाहर से बड़े औद्योगिक घराने बड़े पैमाने पर निवेश के इच्छुक है। मुंबई, अहमदाबाद, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और बेंगलुरु आदि से बड़े उद्योगपति हिमाचल में निवेश करने वाले हैं, जो राज्य में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए होटल इत्यादि पर बड़ी धनराशि खर्च करने की हामी भर चुके हैं।

प्रस्तुतिः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

न्यूज ब्रीफ

120 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। राजीव गांधी राजकीय इंजीनियर कॉलेज नगरोटा बगवां के एमबीए विभाग ने 10 अप्रैल को डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज, टांडा के साथ मिलकर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया। इसमें 120 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने रक्तदान किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के रास्ते से हटाकर जन कल्याण के लिए प्रेरित करना था, जिससे सुरक्षित व परस्पर सहयोगी समाज को बढ़ावा मिले। इस अवसर पर एसडीम नगरोटा बगवां मुनीष शर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की व नगरोटा बगवां थाने के इंस्पेक्टर नवनीत सैनी भी उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने समाज कल्याण में युवाओं की भागीदारी को एक महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए बोला कि युवा देश का कल है और जिम्मेदार युवा ही देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकता है। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मोहित धीमान ने भी युवाओं को ब्लड डोनेशन जैसी गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया व टांडा मेडिकल कॉलेज, छात्रों, शिक्षकों एवं विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों का शिविर को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर संस्था के समन्वयक सुनीत कुमार, डॉ. संजीव कुमार व कप्तान सिंह उपस्थित रहे।

बुजुर्ग महिला को घायल कर कार चालक फरार

अनंत ज्ञान, जवाली। पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत पठानकोट-मंडी नेशनल हाईवे पर वीरवार को भेडखड्ड के नजदीक सड़क पार कर रही बुजुर्ग महिला को कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया तथा मौका से फरार हो गया। जानकारी अनुसार बुजुर्ग महिला ब्रह्मो देवी (68) निवासी भेडखड्ड वीरवार को सुबह मंदिर में पूजा करके रोड क्रॉस कर रही थी कि सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। पीछे से आ रही ऑल्टो कार में महिला को घायलावस्था में नूरपुर अस्पताल भेजा गया, नूरपूर से महिला की अवस्था को गंभीर देखते हुए टांडा मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस चैकी कोटला को दी और पुलिस टीम कोटला द्वारा मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी खंगालकर दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने गाड़ी को ट्रेस कर लिया है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस ने कार को ट्रेस कर लिया है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

चेलिया, 61 मील व आसपास कल पावर कट

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। पेड़ों की कटाई-छंटाई एवं जरूरी मरम्मत कार्य के चलते 12 अप्रैल को विद्युत उपमंडल के 11 केवी ढ्रंग-चेलिया फीडर के अंतर्गत आने वाले गांव चेलिया, 61 मील, चाड़खोला, मलां में विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी और अगर मौसम अनुकूल न रहा तो यह कार्य अगले दिवस किया जाएगा। सहायक अभियंता ने लोगों से सहयोग की अपील की जाती है।

बोकोलिया ने पूर्व सीएम को जन्मदिन की दी बधाई

अनंत ज्ञान, इंदौरा। रॉयल शूज कंपनी मोहटली के एमडी विजय बोकोलिया ने अपने सहयोगियों के साथ पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल को जन्मदिन के मौके पर उनके आवास हमीरपुर के समीरपुर में जाकर पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं।

पूर्व सीएम धूमल को दी जन्मदिन की बधाई

अनंत ज्ञान, डरोह। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल को हिमाचल लोकहित जन कल्याण संस्था के केंद्रीय महासचिव तुलसीराम डोगरा ने उनके घर जा कर उन्हें उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने पूर्व सीएम धूमल को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। शिष्टाचार भेंट के नाते डोगरा ने कई मुद्दों पर भी चर्चा की। इस मौके पर संस्था के कई पदाधिकारी व सदस्य भी उपस्थित रहे।

पौंग बांध विस्थापित समिति की बैठक कल

अनंत ज्ञान, जसूर। प्रदेश पौंग बांध विस्थापित समिति की आगामी बैठक 12 अप्रैल शनिवार को सुबह 11.00 बजे जड्ड पैलस राजा का तालाब में होना निश्चित हुई है। प्रदेश पौंग बांध विस्थापित समिति उपाध्यक्ष मनोहर लाल कौंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में पौंग बांध विस्थापितों के सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट विनोद शर्मा जी भी हिस्सा लेंगे। सभी पौंग बांध विस्थापितों से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपनी हाजरी दें ताकि आज तक सुप्रीम कोर्ट में हुई कार्रवाई से आपको अवगत करवाया जा सके। और आगामी रणनीति पर चर्चा हो सकें। जिन पौंग बांध विस्थापितों ने अपनी फाइल वकील विनोद शर्मा महोदय के पास जमा करवा रखी है वह विशेष कर मीटिंग में पहुंच कर अपने केस का ताज़ा स्तिति/स्टेटस जाने।

इंटर एजेंसी ग्रुप निर्माण पर की चर्चा

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। एसडीएम जयसिंहपुर संजीव ठाकुर की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन पर सब-डीविजनल इंटर एजेंसी ग्रुप निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम कार्यालय के सभागार में गुरुवार को आयोजित बैठक में में सब-डीविजनल इंटर एजेंसी ग्रुप निर्माण और आपदा प्रबंध सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का संचालन ज़िला इंटर एजेंसी ग्रुप के संयोजक हरजीत भुल्लर ने किया। बैठक में एसडीएम ने पंचायती राज संस्थाओं तथा स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने को कहा। इसके अतिरिक्त बैठक में आपदा प्रबंधन समन्वय तंत्र के रूप में एसडी-आईएजी का गठन और एसडी-आईएजी सदस्यों की भूमिका-जिम्मेदारियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इंटर एजेंसी ग्रुप के लिए स्थान, स्टाफिंग और संसाधन आवंटन पर चर्चा की गई। साथ ही मौजूदा संचार प्रणालियों और प्रारंभिक तैयारी नेटवर्क के साथ कैसे एकीकृत करने,कॉलेज आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र (सीईआरसी) और स्कूल क्लस्टर की स्थापना पर भी चर्चा की गई।

अघंजर महादेव मंदिर को टेकओवर करे सरकार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। अघंजर महादेव मंदिर खनियारा धर्मशाला की कॅमेटी ट्रस्ट की ओर से मंदिर में चल रहे विवाद को लेकर गुरुवार को धर्मशाला में प्रेस वार्ता की गई। इस मौके पर ट्रस्ट के महासचिव मोहिंद्र अवस्थी व अन्य पदाधिकारियों में शामिल सुभाष महाजन व आरएस बद्दवार ने कहा कि मंदिर में मौजूदा समय कुछ अनैतिक कार्य भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 381 कनाल भूमि 1920 के राजस्व रिकार्ड के तहत मंदिर के नाम पर है, जबकि भूमि मंदिर के नाम नहीं है। इसमें 200 कनाल भूमि सरकार ने ले ली है, जबकि एक दर्जन के करीब लोगों ने भूमि में कब्जा किया हुआ है। वर्ष 2010 में मंदिर को भूमि मिलने की बजाय डीसी के आर्डर पर भूमि सरकार को दे दी है, जोकि संवैधानिक नहीं है। इस संबंध में कोर्ट में ट्रस्ट कॅमेटी की ओर से न्यायालय में केस किया गया है। अघंजर महादेव मंदिर के नाम 1920 रिकॉर्ड के तहत 381 कनाल भूमि पाई गई है। उन्होंने आरोप लगाए गए मंदिर की कुछ भूमि को एक बाबा की ओर से बेच भी दिया गया है, जिसमें भी केस चल रहा है। सरकार की ओर से कॅमेटी के साथ मिलकर टेकओवर करने की बात कही थी। लेकिन इसके लिए कुछेक बाबाओं की ओर से ही विरोध किया जा रहा है। महासचिव ने कहा कि मंदिर को सरकार को अपने अधीन लेना चाहिए। साथ ही चढ़ावे सहित मंदिर के रख-रखाव सरकार की ओर से किया जाना चाहिए, साथ ही मंदिर के विकास कार्य किए जाने चाहिए।

दुर्घटना में मौत का ग्रास बने मासूमों को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, जसूर। आज से 11 वर्ष पूर्व 9 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र नूरपुर की पंचायत थेहड़ के गांव खूयाड़ा में एक निजी स्कूल बस करीब 300 फुट खाई में गिरने से 28 बच्चों की दर्दनाक भीषण हादसे में मौत हो गई थी, जिससे बच्चों के मां-बाप व परिवार की दुनियॉ लूटने पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था व संपूर्ण इलाके में शोक की लहर दौड़ गई थी। क्षेत्र की समाजसेविका व कांग्रेस नेत्री बीडीसी सदस्य रोजी जामवाल ने आज उस घटना स्थल स्थान पर पूजा-अर्चना कर उन दिवंगत बच्चों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने सरकार से आग्रह किया है कि दिवंगत बच्चों की याद में खूयाड़ा में अत्यधिक गरीब परिवारों के बच्चों को भी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित निशुल्क 10वीं की श्रेणी तक एक डे-बोर्डिंग स्कूल की स्थापना कर क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा प्रदान कि जाए।

पूर्व सैनिक के खाते से निकाल लिए 8.27 लाख

प्यार चंद का कुछ दिन पहले गुम हो गया था एटीएम कार्ड

अनंत ज्ञान, पालमपुर

विधानसभा क्षेत्र पालमपुर के बदेहड पट्टी में रहने वाले पूर्व सैनिक प्यार चंद के बैंक खाते से लाखों की राशि निकाले जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार एटीएम कार्ड का दुरुपयोग कर पूर्व सैनिक के खाते से लाखों रुपए की धनराशि निकाल ली गई। पूर्व सैनिक का एटीएम कार्ड कुछ समय पहले खो गया था। खोए हुए एटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर 827429 रुपए की निकासी कर ली गई। इसी खाते में पूर्व सैनिक की पेंशन भी आती है। पूर्व सैनिक को घर में कार्य के लिए जब धनराशि की आवश्यकता अनुभव हुई तो उन्होंने बैंक का रुख किया। जब बैंक खाते में धनराशि नहीं पाई गई तो उन्होंने बैंक कर्मचारियों से पूछताछ की तो उन्हें अवगत करवाया गया कि एटीएम के माध्यम से अनेक बार उनके खाते से धनराशि की निकासी की गई है। इसकी शिकायत पूर्व सैनिक प्यार चंद ने पुलिस थाना पालमपुर में की है। पूर्व सैनिक ने बताया वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे हैं ऐसे में बैंक भी नहीं आ सके। परंतु जब उन्हें धन की आवश्यकता थी तो वह पत्नी सहित बैंक पहुंचे, परंतु बैंक में उन्हें बताया गया कि उनके खाते से धनराशि की निकासी हुई है। वहीं, थाना प्रभारी भूपेंद्र ठाकुर ने बताया पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस थाना पालमपुर में दर्ज करवाई शिकायत

20 दिसंबर से 7 अप्रैल तक कई बार निकाले गए पैसे

पूर्व सैनिक प्यार चंद ने बताया कि 20 दिसंबर, 2024 से लेकर 7 अप्रैल 2025 तक उनके खाते से अलग-अलग करके धनराशि की निकासी की गई है। उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल को 35000 रुपए की निकासी हुई है। उन्होंने बताया कि अभी तक जो जांच उन्होंने की है उसमें पालमपुर के विभिन्न स्थानों से एटीएम से निकासी हुई है, वहीं मारंडा में एटीएम से भी उनके खाते से निकासी की गई है, जबकि पंजाब के पठानकोट तथा अमृतसर से भी एटीएम के माध्यम से निकासी हुई है। उन्होंने बताया कि अब उन्होंने अपना एटीएम कार्ड ब्लॉक करवा दिया है। प्यार चंद ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पुलिस में लिखित शिकायत की है और पुलिस से धोखाधड़ी करने वाले पर कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

हरिपुर मेले में आए थे दुकान सजाने, पकड़ा गया चिट्टा

अनंत ज्ञान, देहरा

जिला कांगड़ा के हरिपुर में आयोजित होने वाले बाबा धुडू छिंज मेले में दुकान लगाने के लिए तीन व्यक्तियों के पास से चिट्टा बरामद किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस टीम गश्त के लिए वहां से गुजर रही थी तो तीन व्यक्ति तहसील कार्यालय हरिपुर के समीप पुलिस को देखकर हड़बड़ा गए और मौके से भागने की कोशिश करने लगे।

पुलिस ने तलाशी ली तो तीनों आरोपियों से आठ ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपियों की पहचान बलविंदर सिंह निवासी गांव व डाक पनोलंगा तहसील कपूरथला पंजाब, मोहन सिंह निवासी गांव संतनगर पंजाब व जरनैल सिंह निवासी गांव ढसोली जवाली के रूप में हुई है। उक्त आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है तथा उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आगामी पुलिस कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। वहीं, एसपी देहरा एसपी मयंक चैधरी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में जिला पुलिस देहरा द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर इसकी सूचना निकटवर्ती पुलिस थाना को दी जाए।

पंजाब के दो और जवाली का एक आरोपी गिरफ्तार

युवक से चरस व शराब बरामद

अनंत ज्ञान, पंचरुखी। पुलिस थाना पंचरुखी के तहत एक युवक से 42 ग्राम चरस व 36 हजार मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई है। पुलिस थाना प्रभारी पंचरुखी विद्यासागर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली रही कि सलियाणा का युवक नशे के अवैध धंधे का काम कर रहा है। पुलिस ने जानकारी के आधार पर टीम का गठन कर आईटीआई सलियाणा के समीप रजत के कमरे की तलाशी ली तो 42 ग्राम चरस व 36 हजार मिलीलीटर देसी शराब संतरा बरामद की।

दुकान में मिली देसी शराब की 8 बोतलें

अनंत ज्ञान डरोह। गुप्त सूचना के आधार पर भवारना पुलिस के एसएचओ गुरदेव सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल ने धीरा बाजार में दबिश दी और फ्रूट वाइन शॉप का निरीक्षण किया। इस बीच इस दुकान से पुलिस को देसी शराब की 8 बोतलें बरामद हुईं, जिन्हें पुलिस द्वारा अपने कब्जे में ले लिया गया और अभिषेक पुत्र कुलवंत निवासी धीरा के विरुद्ध एक्साइज एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है।

धर्मशाला में आयोजित होगा हिमाचल दिवस का जिला स्तरीय समारोह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल दिवस के अवसर पर 15 अप्रैल को धर्मशाला के पुलिस मैदान में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी एडीएम राम प्रसाद ने आज यहां हिमाचल दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में दी। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल को प्रात: 10.30 बजे शहीद स्मारक में माल्यापर्ण किया जाएगा इसके उपरांत 11:02 बजे पुलिस मैदान में ध्वजारोहण तथा परेड का निरीक्षण और मार्च पास्ट की सलामी लेने के उपरांत जिला वासियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि परेड में पुलिस, होम गार्डस, एससीसी, एनएसएस तथा स्काउट व गाइडस के दल भाग लेंगे तथा 12 से 14 अप्रैल के मध्य पुलिस मैदान में सुबह 10 से 12 बजे तक परेड का पूर्वाभ्यास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बच्चों और सांस्कृतिक दलों द्वारा हिमाचली संस्कृति व देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। एडीएम ने कहा कि हिमाचल दिवस के कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

एडीएम ने धर्मशाला में हुई बैठक में दी जानकारी

नहर में डूबे जवान का शव बरामद

अनंत ज्ञान, पठानकोट। अमृतसर-पठानकोट नेशनल हाइवे स्थित कोटली नहर में डूबे जवान की पांच दिन बाद लाश मिल गई है। मृतक सैनिक की पहचान हरपिंदर सिंह 35 वर्षीय पुत्र कश्मीर सिंह निवासी गांव जगतपुर जट्टां के रूप में हुई है। पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत में कुलजीत सिंह निवासी जगतपुर जट्टां ने बताया कि 3 अप्रैल को उसका चचेरा भाई हरपिंदर सिंह निजी काम के लिए पठानकोट अपने मोटरसाइकिल आया हुआ था। जब हरपिंदर सिंह अमृतसर-पठानकोट नेशनल हाईवे स्थित कोटली नहर पर पहुंचा तो एक सफेद रंग की कार चालक ने हरपिंदर सिंह के मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिस वजह से हरपिंदर नहर में गिर गया, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विधायक ने 2.91 करोड़ से बनने वाली सड़क का किया भूमि पूजन

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत माधोनगर में विधायक किशोरी लाल ने बुधवार को नाबार्ड योजना के तहत कुम्हारड़ा से माधोनगर-नैन भंखेड़ तक 2 करोड़ 91 लाख रुपए की लागत से बनने बाली सड़क का भूमि पूजन किया। किशोरी लाल ने स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की एक महत्वपूर्ण मांग रही है और इसके निर्माण से लगभग 450 परिवारों की 1800 से अधिक जनसंख्या को आवागमन में सीधा लाभ मिलेगा।

उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कर इसे जनता को समर्पित किया जाएगा। विधायक किशोरी लाल ने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है और जनता की जरूरतों के अनुसार परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय जनता की समस्याओं को भी सुना और अधिकतर का समाधान मौके पर ही किया। शेष समस्याओं को संबंधित विभागों को अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा गया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अजय सूद, एसडीओ राहुल ठाकुर, जल शक्ति विभाग के एसडीओ शरती शर्मा, प्रदेश महासचिव रविंद्र राब, युवा अध्यक्ष अतुल चौधरी सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

भुगतान न होने पर ठेकेदार सरकार से खफा

ठेकेदार यूनियन नूरपुर ने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, नूरपुर

करोड़ों रुपए की राशि का भुगतान न होने से खफा ठेकेदारों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ठेकेदार यूनियन नूरपुर ने पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता नूरपुर को ज्ञापन सौंप कर विभाग ब सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह तक उनकी पेमेंट का भुगतान नहीं किया गया तो कार्यालय में धरने पर बैठेंगे और चल रहे सभी विकास कार्य बंद कर दिए जाएंगे। कोई भी ठेकेदार काम नहीं करेगा। यूनियन ने प्रशासन के माध्यम से सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी ज्ञापन भी प्रेषित किया है। ठेकेदार एवं युनियन पदाधिकारी यकूब खान का कहना है कि विकास कार्यों को खत्म किए एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक उन्हें पेमेंट नहीं दी गई है। 31 मार्च को ठेकेदारों को आस थी कि सरकार उनकी पेमेंट का भुगतान करेगी, लेकिन 31 मार्च को भी निराशा ही हाथ लगी है। ठेकेदारों का कहना है उन्होंने बैंक से लोन लेकर या किसी से पैसे उधार लेकर काम में लगाए हैं।

वहीं, ठेकेदार विशाल पठानिया का कहना है कि ठेकेदारों की हालत खराब हो चुकी है। लंबे समय से पेमेंट न मिलने से उन्हें परिवारों का पालन पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। बार-बार पेमेंट को लेकर जल शक्ति व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मिले, लेकिन अधिकारी सिर्फ आश्वासन ही दे रहे हैं। कई ठेकेदारों ने तो अपनी सारी जमा पूंजी विकास कार्यों को मुक्कमल करने में खर्च दी है, अब खाली होकर बैठे हैं।

वहीं, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता नूरपुर जगतार सिंह ठाकुर का कहना है कि उन्हें ज्ञापन मिला है, जिसे सरकार को भेज दिया जाएगा जैसे ही बजट आता है इन्हें पेमेंट कर दी जाएगी। फिलहाल इन्होंने अपनी मांग को लेकर ज्ञापन दिया है, उसे सरकार व उपरोक्त विभाग को भेजा जा रहा है।

मटौर स्कूल के प्रिंसिपल की ट्रांसफर रोकने को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

मटौर स्कूल के प्रधानाचार्य के तबादले के आदेशों को स्कूल प्रबंधन समिति ने गंभीरता से लेते हुए इसके संबंध में गुरुवार को एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने प्रधानाचार्य संदीप शर्मा के तबादले को रोकने का आग्रह किया है। एसएमसी अध्यक्ष राजेश हीर ने बताया कि मटौर स्कूल को सरकार द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय स्तर का दिया गया है। इसका श्रेय स्कूल के वर्तमान प्रधानाचार्य संदीप शर्मा को जाता है और विद्यालय के हित में वह अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, उनके डेढ़ वर्ष वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने ग्राम पंचायत मटोर तथा स्कूल प्रबंधन समिति को साथ लेकर बच्चों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेकर बच्चों में नैतिक शिक्षा का स्तर बढाया है। अभी कुछ ही समय पहले सेवानिवृत्त अध्यापक द्वारा विद्यालय में रसोई एवं कमरों में टाइल लगवाने का काम, मंच च का निर्माण, वाटिका, बहुसरत्या में बच्चों मेरिट में स्थान प्राप् करना, खेलकूद में सर्वोत्कृष्ट स्थान प्राप्त करना आदि अनेक प्रकार से विद्यालय में बहुमुखी विकास हुआ है, जो कि पूर्व वर्षों में कभी नहीं हो सका।

क्रिकेट अकादमी में चयन के लिए ट्रायल 20 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) ने 20 अप्रैल सुबह 10 बजे एचपीसीए डे क्रिकेट अकादमी धर्मशाला सत्र 2025-26 के लिए खिलाड़ियों के चयन के लिए क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में ट्रायल आयोजित करने का निर्णय लिया है। मौजूदा डे अकादमी खिलाड़ियों के लिए ट्रायल में भाग लेना अनिवार्य है, क्योंकि उनका चयन उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। ट्रायल के लिए खिलाड़ियों की पात्रता मानदंड निम्नानुसार, जन्म तिथि 01.09.2006 (अंडर-19) को या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी ट्रायल के लिए पात्र हैं। निवास वास्तविक हिमाचली होना चाहिए। ट्रायल के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। कोई भी अपंजीकृत खिलाड़ी ट्रायल में भाग नहीं ले सकेगा।

मिनी हरिद्वार में की साफ-सफाई

अनंत ज्ञान, जवाली। जवाली विधानसभा क्षेत्र के देहर खड्ड मिनी हरिद्वार में 13-14 अप्रैल को जिला स्तरीय बैसाखी मेला होता है। हार व थप्पल के गांववासियों ने मिनी हरिद्वार को साफ बनाने के लिए वीरवार को एकजुट होकर सफाई मुहिम चलाई तथा पानी में पड़े कूड़ा को निकालकर साफ किया। यह अभियान समाजसेवक कुसुम मिन्हास, पूर्व प्रधान अभय सिंह के नेतृत्व में यह सफाई अभियान चलाया गया जिसमें क्षेत्र के कई लोगों ने सहयोग किया।

ढाटी सांबा मेले में पहलवानों ने दिखाया दमखम

राकेश डोगरा, डरोह

ढाटी सांबा छिंज मेला 9 अप्रैल को प्रधान कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में टमक की थाप से शुरू हुआ। यह मेला अप्रैल माह की 10 से 12 तारीख तक तीन दिन तक चलता है। 10 तारीख को बाबा लखदाता के मंदिर में झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की गई। इस मेले का मुख्य आकर्षण कुश्ती है। इसमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, दिल्ली, जम्मू, उत्तराखंड आदि राज्यों से बहुत से पहलवान कुश्ती करने आते हैं। इस बार बड़ी माली 71 हजार रुपए की है। 10 तारीख यानी पहले मेले के मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान थे। संजय चौहान ने कहा, 'मैं ढाटी सांबा छिंज मेला कमेटी का हार्दिक धन्यवाद करता हूं, जिसने मुझे मेले में आने का मौका दिया। निश्चित तौर पर मेले हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। यह हमें जोड़कर रखते हैं। इन्हें संजोकर रखना हम सब का कर्तव्य है।' मेले में बहुत से पहलवानों ने अखाड़े में अपनी किस्मत आजमाई। (अनंत ज्ञान)

पर्वतीय लोक विकास समिति ने मनाया 21वां स्थापना दिवस

अनंत ज्ञान, नई दिल्ली

21वें स्थापना दिवस के अवसर पर पर्वतीय लोक विकास समिति द्वारा तीनमूर्ति स्थित साउथ एवेन्यू के सांसद क्लब में वसंतोत्सव एवं राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) ए.एस.रावत ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं और सजग नागरिकों को भी ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट शिने पी. शशिधर ने कहा कि हिमालयी और पर्वतीय क्षेत्रों के युवा शक्ति प्रतिभा संपन्न है। सरकारों और स्वैच्छिक संस्थाओं को इनकी कौशल वृद्धि के ठोस प्रयास करने चाहिए। अति विशिष्ट अतिथि संसदीय संस्कृत परिषद के अध्यक्ष और दिल्ली सरकार के डॉ.गोस्वामी गिरधारी लाल प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान के निदेशक डॉ.जीतराम भट्ट, शीर्ष पत्रकार,राज्य आंदोलनकारी और भाजपा हिमालय परिवार के राष्ट्रीय प्रभारी उदय शर्मा, लेखिका और हिमांगी पत्रिका की संपादक डॉ. सुनीति रावत, समाजसेवी लाखीराम डबराल और सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता और उत्तराखंड भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य एडवोकेट संजय शर्मा दरमोड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समिति के अध्यक्ष प्रो.सूर्य प्रकाश सेमवाल ने कहा कि पिछले 21 वर्ष की यात्रा में समिति ने उत्तराखंड में मूल निवासियों के लिए आयु और अवसर की छूट, उत्तरायणी को राष्ट्रीय पर्व,खतलिंग को पांचवें धाम की मान्यता और जनसंख्या के बजाय भौगोलिक आधार पर परिसीमन की मांग जैसे बड़े मुद्दों को उठाया है।

निर्देश उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

वन स्वीकृति मामलों का तुरंत करें निपटारा: डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

कांगड़ा जिला प्रशासन ने जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) और वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के तहत मंजूरी के मामलों में सभी बाधाओं को दूर करने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने विकास परियोजनाओं में वन स्वीकृति मामलों का तुरंत निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने विकास परियोजनाओं को गति देने के मकसद से सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के लिए गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की वीरवार को धर्मशाला में बैठक ली। बैठक में कांगड़ा जिले में विकास परियोजनाओं से जुड़े एफसीए और एफआरए मामले तथा अन्य विभागीय मंजूरी से संबंधित मामलों की वस्तुस्थिति और प्रगति को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार गठित इस समिति का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि विकास परियोजनाओं को गति देने को लेकर वन स्वीकृति से संबंधित मामलों में विभागों में अच्छा तालमेल हो। वहीं अंतर विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्रों (एनओसी) को लेकर भी बेहतर समन्वय रहे। यह कदम विकास परियोजनाओं के तेजी से कार्यान्वयन में मदद करेगा और अंतत: जिले के समग्र विकास में योगदान देगा।

विकास परियोजनाओं की प्रगति का लिया ब्यौरा

उपायुक्त ने विकास परियोजनाओं को लेकर एफआरए और एफसीए के मंजूरी के मामलों में प्रगति की विभागवार रिपोर्ट ली। उन्होंने अधिकारियों से जाना कि मामलों में क्लीयरेंस की स्थिति क्या है, लंबित होने के क्या कारण हैं, क्या क्या आपत्तियां लगी हैं और उनके निराकरण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। उन्होंने वन मंजूरी से जुड़े मामलों में लगी आपत्तियों के निदान को लेकर जरूरी मार्गदर्शन किया। उपायुक्त ने कहा कि हमारा फोकस है कि सभी विभाग एफआरए और एफसीए के मामले तैयार करने की सही प्रक्रिया समझें। कई दफा विभागों को एफआरए और एफसीए से संबंधित वन मंजूरी के मामले बनाने में प्रक्रियागत जानकारी नहीं होती, और आधे अधूरे तरीके से आवेदन पर मंजूरी मिलने में देरी होती है। इसमें सुधार की गुंजाइश है। उपायुक्त ने कहा कि वन भूमि और गैर वन भूमि के मामलों की पहचान को लेकर भी विभागों की मदद में जिला प्रशासन तत्परता से काम करेगा।

ALPHA PUBLIC HIGH SCHOOL, KHAROUTH
VACANCY POSITION
Sanskrit Teacher-01 with Experience
TGT (M&NM)-01 Each with TET
JBT - 02 with TET
Result Oriented School
Admission Open
PAROUR TEHSIL PALAMPUR, DISTT. KANGRA (H.P.)
Call us: 9805040177, e-mail: ajaysharma281972@gmail.com

न्यूज ब्रीफ

सरकार के फैसलों से शिक्षा में आएगी गुणवत्ता : हरि शर्मा

महेंद्र कुमार, सुन्नी। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रधानाचार्य एवं निरीक्षण अधिकारी संघ ने सरकार द्वारा शिक्षा निदेशालय का पुनर्गठन कर पहली से 12वीं तक अलग से निदेशक स्कूल शिक्षा लगाने स्वागत किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरि शर्मा, महासचिव विजय शर्मा, उपाध्यक्ष मुस्ताक मोहम्मद, अक्षर ठाकुर कार्यालय सचिव अश्विनी ठाकुर संगठन महासचिव भोलानाथ कश्यप, डॉक्टर प्रदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष शिमला राजेंद्र वर्मा, डॉक्टर अश्विनी कुमार, रामलाल शर्मा आदि प्रधानाचार्य ने कहा कि सरकार के इस फैसले से शिक्षा में गुणवत्ता आएगी । संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार से आग्रह किया कि शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर सरकार द्वारा जो बदलाव किए जा रहे हैं वह स्वागत योग्य है। (अनंत ज्ञान)

छात्र चौपाल कॉलेज में लें एडमिशन : डॉ. रविंद्र

सपना सूद, चौपाल/नेरवा। उपमंडल चौपाल के विभिन्न स्कूलों के छात्रों को राजकीय महाविद्यालय चौपाल की तरफ आकर्षित करने के लिए महाविद्यालय द्वारा एक संपर्क अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविंद्र चौहान के निर्देशन में महाविद्यालय की शिक्षिकाओं दल चौपाल उपमंडल के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं,अभिभावकों एवं स्टाफ के साथ सीधा संपर्क कर छात्रों को चौपाल कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए प्रेरित करेगा । यह दल आगामी एक सप्ताह तक विभिन्न खद्दर, खगना, धबास, सरांह, देवत, बमटा, झिकनीपुल, माटल, ननहार, झीना, मडोग तथा सरी आदि विभिन्न स्कूलों का भ्रमण करेगा।

फार्मेसी में करियर विकल्पों पर दी जानकारी

अनंत ज्ञान, रोहड़ू। राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू में 10 अप्रैल को स्कूल ऑफ फार्मेसी एंड इमर्जिंग साइंसेज बद्दी यूनिवर्सिटी के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। पहला व्याख्यान प्रोफेसर डॉ. रविनेश मिश्रा, डीन आरएंडडी द्वारा दिया गया, जिसका विषय विस्तारित क्षितिज, फार्मासिस्टों के लिए करियर के अवसर रहा। डॉ. मिश्रा ने फार्मेसी के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों पर विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने अनुसंधान एवं विकास, फार्मास्युटिकल उद्योग, गुणवत्ता नियंत्रण, नियामक मामलों, और शैक्षणिक क्षेत्रों में फार्मासिस्टों के लिए मौजूद व्यापक संभावनाओं पर प्रकाश डाला। छात्रों को बदलते समय के साथ कौशल को विकसित करने और नए अवसरों को पहचानने के लिए प्रेरित किया। दूसरा व्याख्यान डॉ. भर्तेंद्रु शर्मा, विभागाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया।

पुलिस ने 3.23 ग्राम चिट्टा किया बरामद

अनंत ज्ञान, रोहड़ू। पुलिस उप मंडल रोहड़ू की विशेष टीम ने गश्त के दौरान बुधवार को दीपक राजटा निवासी रोहड़ू से 3.23 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस थाना रोहड़ू में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी अंवेषण जारी है।

पंजाब नेशनल बैंक ने लगाया रक्तदान कैंप

अनंत ज्ञान, शिमला। पंजाब नेशनल बैंक के 131वें स्थापना दिवस के मौके पर अंचल कार्यालय शिमला की और से दी रिज शिमला पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अंचल प्रमुख राजेश कुमार ने किया। शिविर का आयोजन सेव लाइफ मिशन के अध्यक्ष पुनीत सूद एवं आईजीएमसी शिमला की टीम के सहयोग से किया गया। पीएनबी हिमाचल प्रदेश के अंचल प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि बैंक ने इस दौरान कई ऊंचाइयों को छुआ है। पंजाब नैशनल बैंक ग्राहको को बेहतर सेवाएं देने के साथ-साथ अन्य समाजसेवा के कार्यों में भी अग्रणी रहता है। आने वाले समय मे बैंक रिटेल में ज्यादा काम करना चाह रहा है। हिमाचल प्रदेश में पीएनबी की 355 शाखाएं है जिनमें 3200 कर्मचारी कार्य कर रहे है। पीएनबी के प्रदेश में 90 फीसदी शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रो में है व बैंक का कुल कारोबार 59000 करोड़ है। रक्तदान शिविर के मौके पर 50 से अधिक बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया 7 इस मौके पर उप अंचल प्रमुख राजेंद्र पॉल, मंडल प्रमुख शिमला शिखा अनेजा एवं उप मंडल प्रमुख संदीप अग्रवाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

जिले में बनेंगे आठ राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

स्कूल स्थापित करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में भूमि चयनित

हिमाचल सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में सुधारात्मक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं । इसी कड़ी में प्रदेश सरकार ने चरणबद्ध तरीके से हर एक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है। जिले में भी आठ राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जाएंगे। अभी तक आठ विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के लिए स्थान चयनित कर लिया गया है।

जिला शिमला में आठ राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जाएंगे। शिमला की हर विधानसभा क्षेत्र में एक स्कूल स्थापित किया जाएगा। शिमला शहरी विधानसभा में बड़श रेडिसन होटल के नजदीक, शिमला ग्रामीण विधानसभा के तहत जलोग में, जुब्बल कोटखाई विधानसभा में सरस्वती नगर, ठियोग विधानसभा में गजेड़ी, रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के तहत पलकन के नजदीक बराड़ा मार्ग पर, चौपाल विधानसभा के बोदना में, कुसुम्पटी विधानसभा के चमियाणा में और रामपुर विधानसभा के तहत शिंगला में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे स्कूल

राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं जैसे हाईटेक स्मार्ट क्लासरूम, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, रेसिंग ट्रैक और स्विमिंग पूल आदि से सुसज्जित किया जाएगा। हर स्कूल 50 बीघा के क्षेत्र में फैला होगा। यहां पर स्कूली बच्चों को रहने के लिए हॉस्टल की सुविधा भी होगी।

रोजाना घर जाने वाले बच्चों को मिलेगा प्रवेश

इसके अलावा जो बच्चे रोजाना स्कूल से घर आना जाना चाहते हैं, उन्हें भी स्कूल में प्रवेश दिया जाएगा। राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल अपने आप में अनोखे स्कूल के तौर पर स्थापित होगा। स्कूलों में अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने का दृढ़ संकल्प प्रदेश सरकार ने लिया है।

सुन्नी स्कूल के लिए 5 करोड़ की मंजूरी

विधानसभा क्षेत्र शिमला ग्रामीण के तहत राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में खोला जा रहा है, जिसके लिए 5 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति व व्यय स्वीकृति प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की गई है, जिसके तहत अभी तक 1 करोड़ रुपए की राशि लोक निर्माण विभाग को जारी कर दी गई है।

भूमि चयन के बाद बनेगा ले-आउट : उपनिदेशक

उपनिदेशक उच्च शिक्षा लेख राम ने बताया कि भूमि चयन के बाद ले-आउट बनेगा। जिसे परिवेश पोर्ट्ल पर अपलोड किया जाएगा, सभी औपचारिकताएं पूरी करने में विभाग कार्य कर रहा है।

भूमि चयनित करने की प्रक्रिया पूरी : उपायुक्त

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल योजना भी है। इसके तहत हमने आठ विधानसभा क्षेत्रों में स्कूल के लिए भूमि का चयन कर लिया है। इसके साथ ही आगामी सारी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए संबंधित विभाग कार्य कर रहे है जिन्हे जल्द ही पूर्ण कर आगामी कार्रवाई आरंभ की जाएगी।

प्रोजेक्ट को लेकर झूठे आंकड़े पेश कर रही भाजपा : कांग्रेस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

अनिरुद्ध और राजेश धर्माणी का आरोप, 40 विधायक पहुंचने से बौखलाई भाजपा

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने भाजपा नेताओं पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश की जनता को गुमराह करने के लिए प्रतिदिन तथ्यहीन बयानबाजी कर रही है। उन्होंने भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इस विषय पर पहले ही विधानसभा में स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं और संबंधित दस्तावेज विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत कर चुके है।

विपक्ष के आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। विपक्ष झूठ को कितनी भी बार दोहरा ले, वह सच नहीं बनता। दोनों ने कहा कि गुजरात की लकाडिया सौर ऊर्जा परियोजना की तुलना में ऊना जिले की पेखुबेला सौर ऊर्जा परियोजना हर मानक पर बेहतर है। लकाडिया में 35 मेगावाट की सौर परियोजना जून 2022 में 215.79 करोड़ रुपए में अवार्ड की गई थी, जबकि पहले इसका अनुमानित खर्च 140 करोड़ रुपए तय किया गया था और निर्माण अवधि 30 महीने की रखी गई थी। अभी भी इस परियोजना का निर्माण कार्य जारी है। इस परियोजना की डीसी क्षमता 38.05 मेगावाट है।

इसके विपरीत, पेखुबेला की 32 मेगावाट क्षमता की परियोजना अत्याधुनिक तकनीक से तैयार की गई है और इसकी डीसी क्षमता 45.05 मेगावाट है, जो लकाडिया के मुक़ाबले कहीं अधिक है। पेखुबेला परियोजना मई 2023 में 220 करोड़ रुपए में अवार्ड की गई और रिकॉर्ड छः महीने में इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया।

मंत्रियों ने कहा कि लकाडिया परियोजना में यह अवधि केवल 5 वर्ष है। पेखुबेला में सालाना 20.66 लाख यूनिट बिजली उत्पादन की गारंटी है, जबकि लकाडिया में यह आंकड़ा 20.14 लाख यूनिट है। अगर उत्पादन कम होता है, तो पेखुबेला में कंपनी से प्रति यूनिट 3.71 रुपए की दर से पेनल्टी वसूली जाएगी, जबकि लकाडिया परियोजना में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

राष्ट्रीय अधिवेशन कांग्रेस के लिए मजबूती का प्रतीक : यशवंत

दशमी रावत, रोहड़ू

अहमदाबाद में 8 व 9 अप्रैल को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन साबरमती नदी के तट पर, साबरमती आश्रम एवं कोचरब आश्रम के बीच संपन्न हुआ।

इस आयोजन में देश भर से कांग्रेस के शीर्ष नेता, कार्य समिति के सदस्य, सांसद व 1,725 के करीब एआईसीसी सदस्य शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उद्घाटन किया और पार्टी के भविष्य की दिशा पर प्रकाश डाला। इस अधिवेशन में हिमाचल प्रदेश के कांग्रेस नेताओं ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों को उठाया। प्रतिभा सिंह ने महिलाओं और पहाड़ी क्षेत्रों के विकास पर चर्चा में हिस्सा लिया।

युवा नेता व शहरी विकास एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने युवा रोजगार और शिक्षा के मुद्दे पर जोर दिया। स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर विचार रखे। मुकेश अग्निहोत्री ने जल संरक्षण और पर्यावरण नीतियों पर चर्चा में योगदान दिया। किसान कांग्रेस ब्लॉक रोहड़ू के अध्यक्ष राज यशवंत मच्छान ने कहा कि यह अधिवेशन कांग्रेस के लिए एक शुरुआत और मजबूती का प्रतीक है। (अनंत ज्ञान)

शिमला से टेलीफोन केबल उड़ा ले गए चोर

अनंत ज्ञान, शिमला। राजधानी शिमला में चोरी की एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने न सिर्फ शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि पुलिस की गश्त व्यवस्था को भी कटघरे में ला खड़ा किया है। दरअसल चोरों ने सीधे-सीधे पुलिस मुख्यालय को ही अपना निशाना बना डाला।

जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने पुलिस मुख्यालय से विजिलेंस मुख्यालय तक बिछाई गई टेलीफोन केबल (50 पेयर्स) को उड़ा लिया है, जिसके चलते मुख्यालय की सभी टेलीफोन लाइनें पूरी तरह से ठप हो गई हैं। इस मामले में थाना छोटा शिमला को ईमेल के माध्यम से औपचारिक शिकायत भेजी गई है। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

ह्यूमेन पीपल एनजीओ के अनिल मोटा बने अध्यक्ष

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर

रामपुर में ह्यूमेन पीपल एनजीओ की जनरल हाउस बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

नवगठित कार्यकारिणी में अनिल मोक्ता को अध्यक्ष, अभिषेक महाजन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रजत नेगी को उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। इसी प्रकार ज्योति लाल को महासचिव, शीतल शर्मा और अनिता शर्मा को संयुक्त सचिव तथा अमन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

बलविंद्र कौर और डॉ. अनिल को सलाहकार के रूप में नामित किया गया है। डॉ. अनिल शर्मा पूर्व की भांति मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यरत रहेंगे। बबीता धीमान और एडवोकेट रोहित को एनजीओ के कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया है। (अनंत ज्ञान)

उचित मूल्य की दुकानों के लिए मांगे आवेदन

अनंत ज्ञान, शिमला। जिला शिमला में उचित मूल्य की 22 नई दुकानें खुलेंगी। इसके लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने दो मई तक ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं।

जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, नरेंद्र कुमार धीमान ने बताया कि दुकानों को शिमला शहर सहित रामपुर, चिड़गांव, ठियोग, चौपाल, कोटखाई, जुब्बल, नारकंडा, छौहारा आदि विकास खंडों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्थापित किया जाएगा। शहर में कृष्णानगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कुफटाधार और जाखू जैसे स्थानों को शामिल किया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में उमरी, कल्याणपुर, रंगोरी, शाह, व्युन्थल, खिड़की नाला आदि गांव शामिल हैं।

झंडूता में निजी गेस्ट हाउस में भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन

भाजपा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ : सत्ती

अनंत ज्ञान, झंडूता

झंडूता उपमंडल के एक निजी गेस्ट हाउस में बुधवार को सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सिंह सत्ती रहे, जिन्होंने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर झंडूता के विधायक जीत राम कटवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन में जिला परिषद सदस्य शौलजा शर्मा सहित उपमंडल के विभिन्न हिस्सों से आए गणमान्य लोगों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, क्षेत्रीय विकास और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

मुख्यातिथि सतपाल सिंह सत्ती ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे संगठन की रीढ़ हैं और उनके निरंतर सहयोग से ही संगठन आगे बढ़ता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भविष्य में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन के कार्यों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में सत्ती ने जनसंघ के शुरुआती दिनों की चर्चा करते हुए बताया कि आजादी के तुरंत बाद कश्मीर जाने के लिए परमिट सिस्टम लागू किया गया था, जिसका कांग्रेस समर्थन करती थी, जबकि जनसंघ इसका विरोध करता था। उन्होंने कहा, 'हम कहते थे कि देश कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक है, लेकिन फिर भी कश्मीर जाने के लिए परमिट लेना पड़ता था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका विरोध करते हुए बिना परमिट जाने का आंदोलन शुरू किया।'

उन्होंने यह भी बताया कि उस समय अटल बिहारी वाजपेयी डॉ. मुखर्जी के सहयोगी थे, जैसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कई समर्पित नेता कार्य कर रहे हैं। सम्मेलन में उमड़े भारी जनसैलाब और जोश से यह साफ झलका कि झंडूता क्षेत्र में संगठन की पकड़ लगातार मजबूत हो रही है। कार्यक्रम का समापन उत्साह और ऊर्जा से भरे वातावरण में हुआ।

पार्टी कार्यकर्ता छोटा या बड़ा नहीं होता : गर्ग

सम्मेलन में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है कि वह पार्टी को सशक्त बनाने के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ता छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी की अपनी अलग भूमिका और पहचान होती है। पार्टी को खड़ा करने और सत्ता तक पहुंचाने में हर कार्यकर्ता का योगदान अमूल्य है।

भाजपा को वर्कर्स ने बनाया नंबर वन पार्टी

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। भारतीय जनता पार्टी के घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के घुमारवीं में एक भव्य सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक सतपाल सिंह सत्ती उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि भाजपा आज जिस विशाल स्वरूप में देश और विदेश में पहचान बना चुकी है, उसका श्रेय पार्टी के निष्ठावान और कर्मठ कार्यकर्ताओं को जाता है। केंद्र में पिछले 11 वर्षों से भाजपा की सरकार है और देश के कई राज्यों में भी भाजपा की सत्ता है, जो कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

हिमाचल के विकास के शिल्पी बने जेपी नड्डा : राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता व विधायक सुंदरनगर राकेश जम्वाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है, जो राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि आज जब विपक्षी दल भी संसद में भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहने पर मजबूर हैं, तो यह पार्टी के मजबूत संगठन और अटल विचारधारा का प्रमाण है।

राकेश जम्वाल वीरवार को बिलासपुर और श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत आयोजित सम्मेलनों में बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक रणधीर शर्मा, विधायक त्रिलोक जम्वाल विशेष तौर पर उपस्थित रहे। राकेश जम्वाल ने कहा कि बिलासपुर कि धरती ने हमें जेपी नड्डा के रूप में ऐसा मार्गदर्शक दिया है, जो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के साथ साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भी है। उनके विशेष प्रयासों से केंद्रीय योजनाओं से विशेष लाभ हिमाचल को मिला है।

उन्होंने कहा कि एम्स बिलासपुर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना जेपी नड्डा की दूरदृष्टि का परिणाम है। थायरॉयड, प्रोस्टेट और लीवर कैंसर जैसी बीमारियों के लिए कम लागत वाली चिकित्सा, अमृत फार्मेसी, और विश्राम सदन जैसी योजनाएं गरीब मरीजों के लिए वरदान बन रही हैं। जम्वाल ने पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के मार्गदर्शक प्रेम कुमार धूमल को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होने कहा कि हम धूमल के अच्छे स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना करते हैं।

इशान अख्तर को पाइथन काउंसिल ऑफ हिमाचल का राज्य महासचिव किया नियुक्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। पाइथन काउंसिल ऑफ इंडिया के संस्थापक विजेंद्र गोयल ने जिला बिलासपुर के युवा समाज सेवक एवं हिमाचल वॉटर स्पोर्ट्स के राज्य महासचिव इशान अख्तर को पाइथन काउंसिल ऑफ हिमाचल प्रदेश का राज्य महासचिव नियुक्त किया है। पाइथन काउंसिल ऑफ हिमाचल प्रदेश का राज्य महासचिव इशान अख्तर ने बताया कि हिमाचल में कला और विरासत के महत्व को पारंपरिक खेलों के साथ रेखांकित किया जाएगा। पाइथन खेलों को ग्रीक पौराणिक कथाओं के अनुसार इन खेलों की स्थापना देवता अपोलो द्वारा की गई थी और इन्हें ओलंपिक खेलों के पूर्वज के रूप में देखा जाता है। हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण स्तर पर छुपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने हेतु योग, पेंटिंग, बगटूर मार्शल आर्ट, गधा युद्ध, गटका, कराटे, मल्लखंब, संगीत, म्यूजिकल चेयर, कविता, पाइथियन मैराथन, रस्सी कूद, गायन, कहानी कविता तायक्वांडो, रस्साकशी, फोटोग्राफी, नृत्य, ड्राइंग, आर्म रेसलिंग और 50 बॉल क्रिकेट सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जल्द ही पाइथन काउंसिल ऑफ हिमाचल प्रदेश के बैनर तले करवाया जाएगा।

हस्तबली सिद्ध चानों मंदिर में भंडारा 13 को

अनंत ज्ञान, घुमारवीं । विकास खंड घुमारवीं की कसारू पंचायत के गांव बद्धाघाट स्थित हस्तबली सिद्ध चानों मंदिर में आगामी 12 अप्रैल को धाजा एवं 13 अप्रैल को अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन लोगों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। 12 अप्रैल को बाबा सिद्ध चानों जी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी कुलदीप ने बताया कि मंदिर परिसर में हर वर्ष 12 अप्रैल को धाजा और 13 अप्रैल को अटूट भंडारे की परंपरा निभाई जाती है। इस बार यह आयोजन 21वां होगा। उन्होंने बताया कि धाजा कार्यक्रम में डैहर से आए कलाकार बाबा सिद्ध चानों की महिमा का गुणगान करेंगे। इसके साथ ही रातभर भगवान श्रीकृष्ण व बाबा सिद्ध चानों की आकर्षक झांकियां भी निकाली जाएंगी। पुजारी कुलदीप ने समस्त क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और जनसहयोग से आयोजित इस धार्मिक उत्सव को सफल बनाने का आह्वान किया है।

हेमंत शर्मा और अंकुश भारद्वाज ने मचाया धमाल

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। राज्य ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं की चौथी और अंतिम सांस्कृतिक संध्या संगीत और मनोरंजन से सराबोर रही। इस संध्या के मुख्य आकर्षण रहे हिमाचल के लोकगायक फोक किंग हेमंत शर्मा और इंडियन आइडल फेम अंकुश भारद्वाज रहे, जिनकी शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। हिमाचली लोकगायक हेमंत शर्मा ने जुमी-जुमी औ रोहड़ू री जातरा, हो बे लालिये हो, धारो पांदे री गुजरीय, सुन झालिये जैसे गीतों से गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं, इंडियन आइडल फेम अंकुश भारद्वाज ने मां तुझे सलाम, सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी, बलम पिचकारी और तुमसे मिलके दिल का है जो हाल जैसे गानों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं गीता भारद्वाज की प्रस्तुतियों को भी दर्शकों ने खूब सराहा। गायिका राखी गौतम ने चल तेरे इश्क में, यार मेरा तितलियां वरगा, आज की रात, मित्रा दा नाम चलदा जैसे पंजाबी और बॉलीवुड गाकर दर्शको का मनोरंजन किया। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने किया।

कमेटी ने लिया क्षतिग्रस्त मकानों का जायजा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। भानुपल्ली-बैरी रेल लाइन के अंतर्गत बध्यात क्षेत्र में निर्माणाधीन टनल नंबर-17 में स्थानीय लोगों द्वारा कार्य रोके जाने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए वीरवार को जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने की, जिसमें जिला प्रशासन के सभी उच्च अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने जानकारी दी कि गांव नोग के लोगों द्वारा टनल नंबर-17 के निर्माण कार्य के चलते उनके मकानों में दरारें आने की शिकायत की गई थी, जिस कारण ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को रोक दिया। इस मामले की गहन जांच हेतु प्रशासन द्वारा तहसीलदार सदर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया, जिसमें खनन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, रेल विकास निगम लिमिटेड तथा मैक्स इन्फ्रा लिमिटेड के अभियंता शामिल किए गए। इस समिति ने मौके पर जाकर प्रभावित मकानों का निरीक्षण किया तथा पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। समिति द्वारा यह अवलोकन किया गया कि कुछ मकानों में पूर्व में भी दरारें मौजूद थीं, जिनमें अब वृद्धि देखी गई हैं।

कौशल विकास भत्ता योजनाओं के नवीनीकरण के लिए खुद आना होगा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला बिलासपुर के अंतर्गत आने वाले उन सभी लाभार्थी कौशल विकास भत्ता योजना-2013, बेरोजगारी भत्ता योजना-2017 एवं औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना-2018 के अंतर्गत भत्ता प्राप्त कर रहे हैं वे अपने भत्ते का नवीनीकरण वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु अप्रैल, 2025 में अनिवार्य रूप से करवा लें। नवीनीकरण केवल व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर ही किया जा सकता है।

उन्होंने लाभार्थियों से आग्रह है कि वे अपने निकटतम रोजगार कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर नवीनीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज़ जमा करवाए। उन्होने बताया कि कौशल विकास भत्ता योजना-2013 के अंतर्गत नवीनीकरण करवाने के लिए लाभार्थियों को फॉर्म-सी के साथ रोजगार कार्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र की प्रतिलिपि, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की प्रतिलिपि, आधार कार्ड की प्रतिलिपि तथा वैध आय प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी अनिवार्य है। इसी प्रकार औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना-2018 के अंतर्गत लाभार्थियों को फॉर्म-VI जो औद्योगिक प्रतिष्ठान के समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो, रोजगार कार्यालय पहचान पत्र की प्रतिलिपि, नियोक्ता द्वारा जारी मासिक वेतन प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की प्रतिलिपि तथा आधार कार्ड की प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी।

मेले-त्योहार घुमारवीं में रोहतक के सोमवीर ने जीता राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले का दंगल

घुमारवीं के निशांत बने हिमाचल कुमार

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

घुमारवीं की सीर खड्ड किनारे 5 अप्रैल से शुरू हुए राज्य स्तरीय घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव मेले का बुधवार देर रात को समापन हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने की, जिन्होंने कुश्ती प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में विजेताओं को सम्मानित किया। ग्रीष्मोत्सव का मुख्य आकर्षण कुश्ती में पुरुषों के साथ साथ महिला पहलवानों ने भी दमखम दिखाया। कुश्ती प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की नाजिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया और 11 हजार रुपए की इनामी राशि जीती।

वहीं, दूसरी स्थान पर रही वजिदा को 9 हजार रुपए प्रदान किए गए। बिलासपुर कुमार श्रेणी में अंकुश, निवासी श्री नयना देवी ने 7100 रुपए का प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि हारलोग के शौर्य को 5100 रुपए का द्वितीय पुरस्कार मिला। हिमाचल कुमार वर्ग में घुमारवीं के निशांत ने 21 हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। सुंदरनगर के भरत भूषण ने दूसरा स्थान प्राप्त कर 15 हजार रुपए की पुरस्कार राशि जीती। सामान्य वर्ग की कुश्ती में रोहतक के सोमवीर ने उत्कृष्ट दांव-पेच दिखाते हुए पहला स्थान हासिल किया और 51 हजार रुपए की राशि जीती। फगवाड़ा के लाली को दूसरा स्थान मिला और उन्हें 41 हजार रुपए से सम्मानित किया गया।

बताते चलें कि छिंज में कई नामी पहलवानों ने दमखम दिखाया। इस छिंज को देखने के लिए दूर दराज इलाकों से लोगों आये थे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और रोमांचक मुकाबलों का आनंद लिया। कुश्ती के हर मुकाबले का दर्शकों का जोश देखते ही बना। आयोजन समिति ने पांच दिनों तक चले इस राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव के सफल आयोजन के लिए स

न्यूज ब्रीफ

अधिकारी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाएं : प्रयांशु

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा उपमंडल में वन अधिकार कानून 2006 की प्रभावी समझ और क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज एक महत्वपूर्ण एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का नेतृत्व उपमंडल अधिकारी प्रियांशु खाती द्वारा किया गया, जिसमें राजस्व और वन विभाग के 50 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट एंड एक्शन हिमधरा पर्यावरण समूह और चंबा वन अधिकार मंच के विशेषज्ञों ने सहभागिता की। मुख्य प्रशिक्षकों में प्रकाश भंडारी, सुमित, उपकार, मनोज कुमार और मोहम्मद सैन शामिल रहे जिन्होंने प्रतिभागियों को वन अधिकार कानून 2006 की बारीकियों और जमीनी स्तर पर लागू करने की रणनीतियों से अवगत करवाया। एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, चंबा उपमंडल में वनों पर आश्रित समुदायों को उनके वैधानिक अधिकार प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। सभी संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाएं और लोगों को इस कानून के बारे में जागरूक करें। चंबा वन अधिकार मंच के मनोज कुमार ने कार्यशाला को एक क्रांतिकारी पहल बताते हुए कहा कि, आज की यह कार्यशाला अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों का बोध कराने के लिए बेहद आवश्यक थी। यह कार्यशाला राजस्व और वन विभाग के बीच समन्वय को मजबूत बनाते हुए, वन अधिकार कानून को जमीनी हकीकत में बदलने की दिशा में एक निर्णायक प्रयास के रूप में देखी जा रही है। प्रतिभागी अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण को बेहद उपयोगी बताया और भविष्य में कानून के प्रभावी क्रियान्वयन का संकल्प लिया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और संवैधानिक अधिकारों की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है।

रोहड़ू में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मानित

दशमी रावत, रोहड़ू। भारतीय जनता पार्टी मंडल रोहड़ू व छौहारा की ओर से पार्टी के सफल सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन वीरवार को रोहड़ू के चांशल होटल परिसर में धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश भारद्वाज विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा नेत्री शशि बाला, जिला महासु अध्यक्ष अरुण फाल्टा, छौहारा भाजपा मंडल की अध्यक्ष आशा खाची रिठवाण व भाजपा मंडल रोहड़ू अध्यक्ष विजय मेहता सहित अन्य गणमान्य विशेष रूप से मौजूद रहे। इस सम्मेलन के दौरान भाजपा के सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व निर्धारित संख्या पूरा करने एवं उससे अधिक सदस्य जोड़ने के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं को विशेष सम्मान से नवाज़ा गया। इसके साथ ही रोहड़ू भाजपा मंडल से जुड़े सैंकड़ो वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी लम्बे समय से उनके योगदान के लिए सम्मान से नवाज़ा गया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री शशि बाला ने सभी सक्रिय एवं वरिष्ठ कार्य का सम्मलेन मे आने एवं सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंनें बताया कि रोहड़ू से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्त्ताओं ने दिन रात एक कर इस बार रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के दो विभिन्न मंडलों से भाजपा की राष्ट्रवादी सोच से प्रभावित रिकॉर्ड तोड़ 16,693 लोगों को डिजिटल माध्यम से भाजपा से जोड़ा है।

सूही मेला : 'नारी बलिदान और आस्था का अनुपम पर्व'

अनंत ज्ञान, चंबा

हिमाचल प्रदेश के ऐतिहासिक नगर चंबा 10 अप्रैल 2025 से शुरू हो चुका है लोक संस्कृति और नारी शक्ति का प्रतीक सूही मेला। यह पर्व रानी सुनयना के अद्वितीय बलिदान को समर्पित है एक ऐसी रानी जिन्होंने अपनी प्रजा की भलाई के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। हर वर्ष की तरह, यह मेला 15 चैत्र से पहली बैसाखी तक आयोजित होता है और इसकी विशेष बात यह है कि इसमें केवल महिलाएं और बच्चे भाग लेते हैं। पुरुषों की भागीदारी परंपरा अनुसार सीमित रहती है, जो इसे एक अनूठा और भावनात्मक रूप से समृद्ध आयोजन बनाता है।

चंबा की स्थापना के समय जल संकट ने नगरवासियों को बेहाल कर रखा था। राजा ने सरोथा नाले से नगर तक कूहल (नहर) बनवाने का आदेश दिया, लेकिन उसमें पानी नहीं आया। राजा को स्वप्न में आकाशवाणी हुई जब तक कोई राजा या उसका परिजन जमीन में जीवित दफन नहीं होगा, तब तक कूहल में पानी नहीं आएगा। यह जानकर रानी सुनयना ने स्वयं आगे बढ़कर बलिदान देने की इच्छा जताई। जब रानी की समाधि पर मिट्टी डाली गई, उसी क्षण कूहल में पानी बह निकला और चंबा में जीवन लौट आया।

शौर्यगाथा को किया जाता है याद

मेले के दौरान महिलाएं ढोल-नगाड़ों के साथ पारंपरिक लोकगीत गाते हुए रानी की समाधि और प्रतिमा तक जाती हैं। वे फूल अर्पित कर उनकी शौर्यगाथा को याद करती हैं। यह न केवल एक धार्मिक उत्सव है, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी नारी केवल सृजन की प्रतीक नहीं, बलिदान की मिसाल भी है।

आज भी बह रही है वही कूहल

जिस नहर में रानी के बलिदान के बाद पानी आया था, वह आज भी चंबा की जीवनरेखा बनी हुई है। अब उसी जलधारा को आधुनिक पाइपलाइन के जरिए नगरवासियों तक पहुंचाया जाता है, मानो रानी की ममता आज भी हर घर तक बह रही हो। सूही मेला 2025 गुरुवार को शुरू हुआ और 3 दिन तक मनाया जाएगा। चंबा की गलियों में लोकगीतों की मिठास, ढोलक की गूंज और श्रद्धा का सागर उमड़ रहा है। रानी सुनयना की अमर गाथा फिर से जीवंत हो उठी है।

महिलाओं को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा की बहनों और माताओं के लिए सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाया गया है। 'प्रयास-एक जरिया' की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 10 दिवसीय नि:शुल्क सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग कार्यक्रम की घोषणा की गई है। यह प्रशिक्षण (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन सभी महिलाओं और युवतियों को आमंत्रित किया गया है जो आने वाले 10 दिनों के लिए समय निकाल सकती हैं और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती हैं। यह संपूर्ण पहल सेवा भाव से प्रेरित है और इसका कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 अप्रैल 2025 से शुरू होगा और प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के लिए भोजन की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। महिलाओं के लिए हॉस्टल की व्यवस्था भी की गई है, ताकि वे प्रशिक्षण में पूरी तरह भाग ले सकें। महिलाएं बालू पुल, चंबा स्थित एसबीआई आरसेटी कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।

जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

अनंत ज्ञान, डलहौजी

चंबा के डलहौजी में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रदेश में पहली बार हुआ है कि जब सवा सौ करोड़ की लागत का प्रोजेक्ट ढाई सौ करोड़ रुपए में लगाया गया है और 2 साल के दरमियान उस प्रोजेक्ट की वित्तीय स्वीकृति तक नहीं ली गई है। इस प्रोजेक्ट में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के भ्रष्टाचार का स्पष्ट आरोप लग चुके हैं। इस प्रोजेक्ट में सामने आया है की इनोवा गाड़ियां प्रभावशाली नेताओं को नजराने के रूप में दी गई है।

इसकी भी जांच सरकार को करवानी चाहिए। इसी विभाग के भ्रष्टाचार की वजह से विमल नेगी जी की मौत हुई है। पॉवर कार्पोरेशन में सुक्खू सरकार के आने के बाद से ही विवाद और भ्रष्टाचार का आरोप लग रहा है। हमने सदन से लेकर सड़क तक इसके खिलाफ आवाज उठाई लेकिन सरकार ने जांच करवानी भी जरूरी नहीं समझा है। अब इस मामले की जांच परिवार की मांग के बाद भी सरकार सीबीआई से करवाने को तैयार नहीं है। सरकार सीबीआई जांच क्यों नहीं करवा रही है। जबकि परिवार के साथ-साथ विमल नेगी के सहकर्मी और पूरे प्रदेश के लोग पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि एलओसी दिए जाने के बाद भी ट्रेजरी से पेमेंट नहीं जारी की गई। ठेकेदारों का प्रदेश के विकास में योगदान होता है। दो-दो साल से उनके लंबित बिलों का भुगतान सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है। उनकी मशीनें बैंक उठाकर ले गई। सरकार से अधिकारियों को फोन करने के बाद ही चुनिंदा लोगों का पैसा जारी हो रहा है। इसके बाद निर्धारित बिल पर कांग्रेस के नेताओं को कमीशन दिए जाने के बाद ही ठेकेदारों को भुगतान हो रहा है। इस मौके पर डॉक्टर राजीव भारद्वाज, डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर समेत अन्य उपस्थित रहे।

तीसा अस्पताल के लिए केंद्र ने स्वीकृत किए 50 करोड़ रुपए : डॉ. हंस राज

अनंत ज्ञान, तीसा/चंबा। चुराह विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। तीसा अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने 50 करोड़ रुपए की विशाल धनराशि को स्वीकृति दी है। यह स्वीकृति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदान की गई है, जो कि क्षेत्र के लाखों लोगों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर चुराह के विधायक एवं पूर्व उपसभापति डॉ. हंसराज ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का विशेष रूप से आभार जताया और कहा कि यह निर्णय चुराह क्षेत्र की स्वास्थ्य संरचना को एक नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक वित्तीय स्वीकृति नहीं, बल्कि तीसा व चंबा की जनता के स्वास्थ्य और भविष्य में निवेश है।

स्वीकृत योजना के अंतर्गत सीएच तीसा में बर्थ वेटिंग होम एवं नवजात स्थिरीकरण इकाई की स्थापना की जाएगी, जो मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। इसके अलावा, टेली-रेडियोलॉजी सहित निःशुल्क नैदानिक सेवाओं के लिए रेडियोग्राफर के 7 पद भी स्वीकृत किए गए हैं।

अग्निशमन सप्ताह पर होगी ऑनलाइन निबंध एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, चंबा। कमांडेंट होमगार्ड कुशल चंद ने बताया कि 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत लोगों को आगजनी की घटनाओं से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि थीम विषय 'एकजुट हों, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें' पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन निबंध तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित होगी उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से केंद्रीय ऑनलाइन पंजीकरण बनाया गया है। पंजीकरण 11 अप्रैल को खोला जाएगा तथा प्रविष्टियां 16 अप्रैल शाम 5 बजे तक अपलोड की जा सकेंगी। अग्निशमन केन्द्रों व पोस्टों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन होगा ताकि पर्यावरण को होने वाले नुकसान तथा संपत्तियों व जान-माल को आग से सुरक्षित रखा जा । इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए 01899-222280, 9816155910 पर संपर्क किया जा सकता है।

चंबा में 5 नए चिकित्सा विशेषज्ञ नियुक्त : नैय्यर

अनंत ज्ञान, चंबा

पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा में प्रदेश सरकार द्वारा पांच नए चिकित्सा विशेषज्ञ अधिकारियों को नियुक्त किया है। विधायक नीरज नैय्यर ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज चंबा में पांच नए चिकित्सा विशेषज्ञों की नियुक्ति से लोगों को सुविधा उपलब्ध होंगी।

नीरज नैय्यर ने विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति करने को लेकर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल का आभार व्यक्त किया है।

इन पांच विशेषज्ञों में मनोचिकित्सा, रेडियो डायग्नोसिस, रेडियोथैरेपी, फिजियोलॉजी और एनाटॉमी के चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल है। विधायक ने बताया कि चिकित्सा विशेषज्ञों की नियुक्ति करने को लेकर मामला मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया था। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञों की नियुक्ति से जिला वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होगी।

No. MCK/Spring Festival/24/1774 Dated Kullu: 9-04-25

OFFICE OF MUNICIPAL COUNCIL KULLU (H.P)

SHORT NOTICE TENDERS

Sealed tenders are hereby invited on the behalf of Municipal Council Kullu for the supply of following materials / items from the interested supplier/parties/contractors to quote their lowest and reasonable rates on or before 17/4/2025 at 1.00 PM and the same will be opened on the same date at 2:30 PM in the presence of the concerned supplier / parties or their authorized representatives who may wish to be present. Tender forms can be purchased from office of undersigned against cash payment up to 4.00 PM on 16/4/2025. Duration of supply shall be during shall be during Spring festival 2025 wef from 28th April,2025 onwards till 30th April 2025 for certain items and entire duration of fair for remaining items as per requirement up to 15th May 2025. Days may vary in case of any excigency.

S.N.	Particulars	Rate per day
1.	VIP chair (Cushioned chairs)	Each
2.	PVC chair	Each
3.	White tent (Shamiyana) 15'X 15'	Each
4.	Table	Each
5.	Red/green carpet (matting)	Each
6.	Dari size 8X10 foot	Per sqft
7	Parda	Each
8	Kanat	Each
9	Table sheet (white)	Each
10	Welcome Gate	Each
11	Full Bedding (Talai bed quilt & pillow)	Each
12	Tamboo	Each
13	Larriyan	Per piece
14	Paper Decoration	Per sqft
15	Tube light	Each
16	Halogen Light	Each
17	Generator 8 KV	Each
18	Carpet 20X20	Per sqft
19	Table sheet	Per sqft
20	Running Cloths	Per sqft
21	Stage ramp. 20X20	Per sqft
22	White Tent (Shamiyana) 15'X 15 (water proof)	Per sq feet
23	Coloured Hanging lights with frame	Per Sq feet
24	Jhallar	Per sq feet
25	VIP Sofa 2,3 seater set	Per piece
26	Hanging Lights with steel truss	Per sqft
27	Jhalar	Per Rmt.

Conditions :- 1. The conditional/incomplete/telegraphic tenders shall not be accepted. **2.** The materials must be provided on demand immediately at site. The quantity can be increased /decreased as per requirement. **3.** All the rates must be inclusive all taxes/transpotation and lead/installation. **4.** The supplier has to ensure all the material supplies are of good quality. **5.** In case there is any fault in the supplied, alternate equipments have to be arranged immediately. **6.** The Tender committee Municipal Council Kullu reserves the right to accept / reject tenders without assihning any reason. The work will be inspected by Decoration Committee MC Kullu time to time.

Sd/-
Executive officer
Muncipal Council Kullu

चंबा वन मंडल में श्रेष्ठ वीएफएमएस इकाइयां सम्मानित

अनंत ज्ञान, चंबा

चंबा वन मंडल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें केएफडब्ल्यू परियोजना के अंतर्गत कार्य कर रही वन प्रबंधन समितियों (वीएफएमएस) को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नीरज नैय्यर ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

यह आयोजन वीएफएमएस इकाइयों के तीन वर्षों 2021-22, 2022-23 और 2023-24 में किए गए कार्यों के आधार पर किया गया था। वर्ष 2021-22 में 'भालका' ने सर्वोच्च प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि 'घरमणी गुड्डा दूसरे और 'चम्बी' तीसरे स्थान पर रहीं। इन समितियों ने लोअर चंबा रेंज के अंतर्गत जल संरक्षण, वन संवर्धन और समुदाय आधारित संसाधन प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान दिया।

वर्ष 2022-23 में 'ड्रमण' ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पहला स्थान प्राप्त किया। 'ओएल' ने दूसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई और 'मोर्टू' तीसरे स्थान पर रही।

2023-24 के लिए फिर से 'ओएल' ने अपनी गुणवत्ता और निरंतरता को सिद्ध करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। 'ड्राबला' ने दूसरा और 'ड्रमण' ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर नीरज नैय्यर ने कहा कि हमारे गांवों की ये समितियां वन संपदा की रक्षा और संवर्धन में जो कार्य कर रही हैं, वे वास्तव में प्रशंसनीय हैं।

कार्यक्रम में चंबा वन मंडल के अधिकारीगण, स्थानीय प्रतिनिधि, तथा संबंधित वीएफएमएस सदस्यों ने भाग लिया। इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब समुदाय और प्रशासन मिलकर काम करते हैं, तो पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। वीएफएमएस समितियों का यह सम्मान आने वाले वर्षों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

रसोई गैस व पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी पर भड़की यूथ कांग्रेस

बबलू पठानिया, सिहुंता

केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस और पेट्रोल के दामों में की गई बढ़ोतरी के खिलाफ भटियात यूथ कांग्रेस ने आज जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया।

महंगाई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार की जनविरोधी नीतियों पर तीखा रोष प्रकट किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भटियात यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मनजीत ठाकुर ने किया। इस दौरान कुलदीप, कनिष्क, दीपू, अजीत, विनोद, कमल, आकाश, नरेंद्र, गोरी, अबू, भोला और राजेंद्र जैसे कई युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने केंद्र सरकार से तत्काल प्रभाव से पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें घटाने की मांग की। (अनंत ज्ञान)

सूडोकु नवताल 7397

★★★★☆ मध्यम

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -7396 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

चंबा में 12 को निकलेगी सद्भावना रैली

अनंत ज्ञान, चंबा

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य पर अम्बेडकर मिशन सोसाइटी चंबा द्वारा मोहल्ला धड़ोग स्थित अंबेडकर भवन में चार दिवसीय विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस जानकारी सोसायटी के अध्यक्ष योगेश्वर अहीर और महासचिव अनूप राही ने दी।

11 अप्रैल को कार्यक्रम की शुरुआत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर से होगी। 12 अप्रैल को एक सद्भावना बाइक रैली का आयोजन होगा। 13 अप्रैल को अंबेडकर भवन में अंतरविद्यालयीय भाषण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, नारा लेखन, निबंध लेखन व कोलाज प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। विजेताओं को 14 अप्रैल को पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। 14 अप्रैल को मुख्य समारोह चौगान नंबर-2 में होगा, जिसमें संभवत: माननीय विधायक श्री नीरज नैय्यर मुख्य अतिथि होंगे। दोपहर 2 बजे शोभा यात्रा एवं पदयात्रा का आयोजन होगा, जो बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण कर चौगान नंबर-2 पहुंचेगी।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

11 अप्रैल, 2025, शुक्रवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास :** चैत्र, **तिथि** चतुर्दशी (03:24): **नक्षत्र** उत्तरा फाल्गुनी (03:10), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** ध्रुव (07:44) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:57-12:48), **राहुकाल** (10:47-12:22)।

विशेष दिन

- 11 अप्रैल 2025 : शिव दमनक चतुर्दशी आज।
- 11 अप्रैल : श्री नृसिंह दोलोत्सव आज।

मेष: सांसारिक दृष्टिकोण आज के दिन कुछ बदल सकता है। किसी व्यक्ति को देख आपके मन में संवेदना, प्रेम और सद्भावना जन्म ले रही है।

वृषभ: स्वार्थी व्यक्ति से टकरा सकते हैं, जो आपसे बार-बार फायदा उठाता रहा है। जहां तक हो सके अपनी जमा पूंजी पर सही नियंत्रण रखें।

मिथुन: अपने कार्यस्थल में ट्रांसफर आपके लिए एक अच्छा मोड लेकर आ रहा है। किसी के प्रति निष्ठा रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं।

कर्क: अतिथि भी कुछ अधिक ही लंबा पड़ाव डालना चाहते हैं। इस वक्त आप अपने पूरे मान-सम्मान से सभी को आदर सत्कार की इच्छा पूरी कर दें।

सिंह : इस वक्त आपके लिए व्यवस्था और जीवन यापन के कई सवाल सामने रहेंगे। घरेलू स्तर पर आपको काफी उतार चढ़ाव देखना है।

कन्या : कामकाज को सुधार लाने में विशेष योगदान दे रहा है। किसी जानकार मित्र की सलाह पर आप अपने बिगड़े हुए काम को ठीक कर सकते हैं।

तुला: अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का हल निकालें क्योंकि दूसरे का सहारा लेकर या शासन के बल पर कुछ कर लेने से प्रभाव नही रहता।

वृश्चिक: व्यापार की तरफ नजर रखना आपकी काम की पहली प्राथमिकता है। आज दोपहर तक बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से समेट लें।

धनु: काम भगवान के भरोसे रखकर नहीं चलना चाहिए। हाथ पांव मारने जरूरी है। ईश्वर उनकी मदद करता है जो अपनी मदद आप करते हैं।

मकर: आपके सभी कार्यों में शुरुआती दौर बहुत तेजी से आगे बढ़ता है और जब आप इसमें अपने फायदे का इंतजार करते हैं तो आपके काम अटक जाते हैं।

कुंभ : अधिक कुशलता का सूचक है। लेकिन ऐसी जगह पर काफी लंबे समय तक काम करना किसी के लिए भी संभव नहीं है।

मीन : सुख आराम की इच्छा सभी की होती है लेकिन यह तोहफा पहले कुछ परिश्रम करने से ही मिलता है। जीवन में भाग्यशाली हैं।

जटकरी स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

अनंत ज्ञान, चंबा

राजकीय उच्च विद्यालय जटकरी द्वारा आज एक विशेष व्यावसायिक एक्सपोजर यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के 42 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के व्यावसायिक ज्ञान को समृद्ध करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। भ्रमण के पहले चरण में छात्र आईटीआई चंबा पहुंचे, जहां उन्हें विभिन्न ट्रेड्स जैसे स्टेनो, सर्वेयर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, ड्राफ्ट्समैन सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स, वेल्डर, आर्ट एवं क्राफ्ट इत्यादि की गहन जानकारी प्रदान की गई। हर ट्रेड के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उसके महत्व, कार्यप्रणाली और रोजगार संभावनाओं से परिचित करवाया।

मनोरंजक यात्रा में विद्यालय के अध्यापक अशोक, अजीत, मंजू बाला, अभिनव वर्मा और बलबीर भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे।

OFFICE OF MUNICIPAL COUNCIL KULLU

Short Time Quotation Notice

Sealed item rate quotations are hereby invited by the undersigned on behalf of Municipal Council Kullu for the following works from the eligible music band so as to reach in the office of Municipal Council kullu on or before 21.04.2025 up to 3:00 PM and will be opened on the same day at 3:30 PM in the presence of intending applier or their authorized representatives (if any).

Sr. No.	Name of Work	Time Period	Amount included all taxes/FOR
1.	Providing music band (Key Board, Dholak, Cango,Lead Guitar, Bass Guitar, Electric Pad, Tabla) and other equipments as required for Spring festival 2025 from 28th april 2025 to 30th April 2025 at KALAKENDER	3 days	

Terms & Conditions :-

1. If opening day is a holiday, the quotations shall be opened on next working day at the same time and venue and no separate notices shall be served for this purpose.

2. In case of improper functioning of any music instrument absence of troup member the concerned band will be held be liable and payment will be deducted accordingly and alternate to be provided.

3. The Executive Officer Municipal Council Kullu reserves the right to reject any or all quotations anytime without assigning any reason.

Executive Officer
Municipal Council Kullu
Distt. Kullu (H.P.)

No.: M.C. 2025-1788-92, Date:-10/4/2025

देश के लिए मरना मत समझो शहादत, यह तो जिंदगी का उसूल है, यह तो नई जिंदगी की शुरुआत। -चंद्रशेखर आजाद

संपादकीय

बिगड़े बोल

भाजपा सांसद कंगना रणौत एक बार फिर चर्चा में हैं। वह अपनी बेबाकी के लिए खूब जानी जाती हैं और कई बार उनके बयान विवाद का कारण भी बन जाते हैं। पहले जब वह कई दिनों से अपने संसदीय क्षेत्र मंडी नहीं आ रही थीं तो उनके न आने को कांग्रेस खासकर पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह ने मुद्दा बनाया। विक्रमादित्य तो अपने बयानों से हवा देकर गुजरात के अहमदाबाद में हुए कांग्रेस की सेंट्रल वर्किंग कमेटी के अधिवेशन में हिस्सा लेने गुजरात चले गए, लेकिन इस बीच पीछे से कंगना हिमाचल दौरे पर आ गईं और उन्होंने आते ही कांग्रेस पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। उन्होंने अपने बयानों से प्रदेश की सियासत गर्मा दी है। इस दफा कंगना ने भाजपा को 'सनातनी' और कांग्रेस को 'अंग्रेजों की भूली बिसरी औलाद' कहकर नई कंट्रोवर्सी कर दी। अब कांग्रेस कंगना के इस बयान से आग बबूला हो रही है। कंगना के इस बयान ने राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। नेताओं के बयानों से समाज में व्यापक प्रभाव पड़ता है, क्योंकि वे जनमत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ऐसी बयानबाजी, जो अन्य समुदायों या राजनीतिक दलों के प्रति अपमानजनक हो, समाज में विभाजन और असंतोष को बढ़ावा देती है। इससे लोकतंत्र की मूल भावना को भी आघात पहुंचता है। इसलिए, नेताओं को अपने शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए, ताकि वे समाज में सकारात्मक संदेश भेज सकें। कंगना रणौत एक प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री हैं, जिन्होंने राजनीति में भी कदम रखा है। उनके इस प्रकार के बयान अक्सर मीडिया में सुर्खियां बटोरते हैं, जिससे उनकी और उनकी पार्टी की चर्चा बढ़ती है। ऐसी बयानबाजी को कभी-कभी पब्लिसिटी स्टंट के रूप में देखा जाता है, जिसका उद्देश्य ध्यान अपनी ओर आकर्षित करना होता है। हालांकि, बिना स्पष्ट प्रमाण के किसी के इरादों पर संदेह करना उचित नहीं है। निश्चित रूप से कंगना के बयानों से भाजपा की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जब पार्टी के प्रतिनिधि इस प्रकार के विवादित बयान देते हैं, तो विपक्ष और मीडिया इसे भाजपा से जोड़कर प्रस्तुत करते हैं, जिससे पार्टी की छवि पर असर पड़ना स्वाभाविक है।

भाजपा ने कंगना के ऐसे बयानों पर असहमति व्यक्त की है, लेकिन पार्टी के भीतर इस प्रकार की बयानबाजी पर स्पष्टता की आवश्यकता है। कंगना ने पूर्व में भी विवादित बयान दिए थे। कंगना ने देश की आजादी को लेकर बयान देते हुए कहा था कि भारत को 1947 में मिली आजादी 'भीख' थी और असली आजादी 2014 में मिली जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। कंगना ने मंच से कहा था कि पीएम मोदी कोई साधारण मानव नहीं हैं, वो अवतार हैं। पीएम मोदी जब 2014 में देश की सत्ता में आए तो उसके बाद से राजनीति में बदलाव आया। कंगना ने कहा था कि, 2014 से पहले हम राजनीति को दुर्भाग्य समझते थे और शर्मिंदगी की बात है कि हम वोट भी देने नहीं जाते थे। वहीं, कंगना ने यह भी कहा था कि, युवाओं में नेताओं को लेकर नफरत सी हो गई थी। लगता है कि, क्या कर दें इनको। 2014 से पहले देश को सब खा रहे थे, मगर आज का समय है कि, अब हम खुद राजनीति में आ गए हैं और अब हमारे पास पीएम मोदी के रूप में अच्छे नेता हैं। मोदी आए तो देश का विकास शुरू हुआ। इसका मतलब यह हुआ कि कांग्रेस ने देश की आजादी के लिए कुछ भी नहीं किया और इससे पहले कोई विकास हुआ ही नहीं। कांग्रेसियों ने ऐसे बयानों पर कड़ी आपत्ति जताई थी। नेपोटिज्म पर टिप्पणी कर भी उन्होंने सनसनी फैला दी थी।

उन्होंने बॉलीवुड में नेपोटिज्म के खिलाफ आवाज उठाते हुए करण जौहर पर फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म फैलाने का आरोप लगाया था, जिससे बॉलीवुड की काफी नामचीन हस्तियां काफी नाराज हो गई थीं। पुलवामा हमले पर प्रतिक्रिया भी काफी चर्चा में रही। पुलवामा हमले के बाद कंगना ने शबाना आजमी के पाकिस्तान में कार्यक्रम पर टिप्पणी की थी, जिसे लेकर विवाद हुआ था। यही नहीं, कंगना ने शंकराचार्य पर भी सवाल उठाए थे। महाराष्ट्र में राजनीतिक घटनाक्रम पर कंगना ने शंकराचार्य पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे विवाद खड़ा हुआ था। बहरहाल, कंगना के हालिया बयान और उनके पूर्व के विवादित बयान राजनीति और समाज में चर्चा का विषय बने हुए हैं। नेताओं को अपने बयानों में संतुलन और जिम्मेदारी का पालन करना चाहिए, ताकि समाज में सद्भाव और एकता बनी रहे। भाजपा को भी इस प्रकार की बयानबाजी पर विचार करना चाहिए, ताकि पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। बेशक बोलने की स्वतंत्रता सबको है, लेकिन उसका भी एक दायरा होता है। किसी बात को सहज तरीके से भी कहा जा सकता है। भाजपा हाईकमान को कंगना को ऐसे बयानों पर परहेज करने की गाइडलाइन जारी करनी चाहिए। वहीं, कांग्रेस को भी चाहिए कि वह ऐसी कोई बात न बोले जो दूसरी पार्टी के लोगों को बुरी लगी। अगर बात हो तो सिर्फ प्रदेश के विकास की। ■

नशे की लत आदी को ही नहीं, परिवार को भी पहुंचाती नुकसान

आज जहां सब तरफ अराजकता, गरीबी, भुखमरी व भ्रष्टाचार व्याप्त है, वहीं लोगों को एक और विकराल समस्या का सामना करना पड़ रहा है, नशाखोरी की समस्या का। यह एक ऐसी समस्या है, जो न केवल नशा करने वाले पर अपना प्रभाव छोड़ती है, बल्कि इसका प्रभाव संबंधित व्यक्ति के परिवार एवं मित्र संबंधियों को भी झेलना पड़ता है।

लेखक : यश गोरा,
समीप डीडी लाइंस, योल

वैसे तो नशा अनेक प्रकार का होता है। चाय पीने से लेकर मोबाइल चलाने तक अनेक ऐसी वस्तुएं हैं, जिनके प्रति व्यक्ति इतने आदी हो जाते हैं कि वे उनके लिए नशे का सबब बन जाती हैं, परंतु कुछ नशे तो इतने घातक होते हैं, जो जीवन पर शीघ्र ही हावी होकर अपने विनाशकारी प्रभाव डालने लग पड़ते हैं। व्यक्ति जब गलती से भी इन नशों के चंगुल में पड़ जाता है, तो उनसे बच पाना उसके लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। वास्तव में ऐसे घातक नशे सीधे व्यक्ति के दिमाग पर असर करते हैं और इस कारण व्यक्ति का दिमाग सही ढंग से कार्य करना बंद कर देता है। व्यक्ति को क्षणिक आनंद तो मिलता है, परंतु लगातार वह विनाश की ओर बढ़ने लगता है।

जब उसके नशे की पूर्ति नहीं हो पाती तो वह हिंसक होने लगता है और अपने नशे की पूर्ति करने के लिए मचलने लगता है। ऐसे में वह सही या गलत के विषय में सोच नहीं पाता और किसी भी तरह नशे की पूर्ति करना चाहता है। जिससे वह मारपीट, चोरी जैसे घृणित कार्यों की ओर भी अग्रसर हो जाता है। वास्तव में नशा करने वाला व्यक्ति इतना लाचार हो जाता है कि नशे के अतिरिक्त किसी अन्य तरफ ध्यान ही नहीं दे पाता। उसके सामने एकमात्र उद्देश्य नशे की पूर्ति करने का ही रह जाता है, जिसके लिए वह कोई भी जोखिम उठा सकता है। नशे से रोकने वाला प्रत्येक व्यक्ति उसे अपना दुश्मन लगता है। नशे के विरुद्ध उपदेश देने वाला व्यक्ति उसे षडयंत्रकारी महसूस होता है। उसका दिल और दिमाग कार्य करना बंद कर देते हैं।

वह हर समय गुमसुम सा रहता है। उसे अपने आसपास के वातावरण का भी ज्ञान नहीं होता। कई बार इस प्रकार का व्यक्ति परिवार के लिए खतरा भी बन जाता है। वह स्वयं के लिए या परिवार के किसी सदस्य के लिए घातक हमलावर बन कर कार्य कर सकता है। उसे जब नशे की पूर्ति के लिए धन की आवश्यकता होती है, तो वह इस धन को पाने के लिए किसी भी मार्ग पर चल सकता है। समाज में धीरे-धीरे सब ओर फैलते जा रहे, इस प्रकार के नशे समाज को अंदर से खोखला करते जा रहे हैं। नशे के सौदागर अपने मुनाफे के चक्कर में, जहां एक ओर युवक-युवतियों का जीवन नरक की ओर धकेल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वे देश की प्रगति के मार्ग में भी बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

वे नहीं जानते कि वेशक आज वे धन से मालामाल हो रहे हैं, परंतु कल को उन्हें भी इसका खामियाजा स्वयं भुगतना पड़ेगा, क्योंकि जिस प्रकार मेंहदी पीसने वाले के हाथ में रंग स्वयं ही चढ़ जाता है, उसी प्रकार कोयले की दलाली में मुंह कैसा होता है, उन्हें समझाने की जरूरत नहीं है। जिस नशे को वे समाज में परोस रहे हैं, वह नशे की दलदल एक न एक दिन इसे फैलाने वाले को भी अपनी चपेट में अवश्य लेगी। यदि हम इसे आध्यात्मिक रूप से भी देखें, तो प्रत्येक व्यक्ति को उसके कर्मों का फल अवश्य मिलता है। समाज में ऐसे भी अनेक उदाहरण है, जहां नकली दवाई बनाने वाले व्यापारियों की संतानों ने आवश्यकता पड़ने पर उसी दवाई का सेवन कर लिया और अपने जीवन को संकट में डाल लिया। यह प्रकृति है। इसे हम जो कुछ भी देते हैं, उसे समय आने पर यह वापस कर देती है, परंतु नादान मनुष्य इस वास्तविकता को समझना ही नहीं चाहता। उसके जीवन में यदि कोई दुख आता है, तो वह समझता है कि लोगों की नजर लग गई और किसी दूसरे व्यक्ति के जीवन में दुख आता है तो वही कहता है कि उसे उसके कर्मों की सजा मिल रही है। इस प्रकार एक ही प्रकार के फल के लिए उसकी परिभाषा बदल जाती है।

खैर, व्यक्ति यह सब समझ जाए तो संसार ही बदल जाए। वह नशे का व्यापार ही न करे। कहते हैं कि आज का युवा कल देश का कर्णधार बनता है, परंतु देश के कर्णधार यदि स्वयं नशे की गिरफ्त में होगे तो देश को कहां ले जा सकेंगे। नशे भी ऐसे-ऐसे की पूछो मत। किसी समय में बीड़ी, सिगरेट या शराब पीना ही नशा कहलाता था, परंतु आज की दुनिया इसे तो नशा समझती नहीं। आज की दुनिया इससे बहुत आगे बढ़ चुकी है। उसकी नशे की परिभाषा भी बदल गई है। चिट्टा, स्मैक, हेरोइन, ब्राउन शूगर जैसे नशे आज के युवा पर हावी हो गए हैं।

अफीम, गांजा, चरस और नशे के इंजेक्शन भी काले बाजार में सम्मिलित हो चुके हैं और ये नशे इतने घातक हैं कि गलती से भी यदि कोई व्यक्ति एक बार भी इनका सेवन कर ले, तो वह इनका आदी हो जाता है। नशे को रोकने के लिए अनेक संस्थाएं आगे आई है, जो एक अच्छी पहल है। अनेक नशामुक्ति केंद्र भी इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। समाज को भी इन सब की सहायता करनी होगी। अन्यथा नशा करने वालों को स्वयं तो इन सब से कोई सरोकार होता नहीं है। सिगरेट की डिब्बी पर वैधानिक चेतावनी तस्वीर के साथ लिखी होती है, फिर भी धुम्रपान करने वाले उसे यूं नजर अंदाज कर देते हैं, जैसे लिखी ही न गई हो। उन्हें विशेष रूप से प्रेरणा चाहिए। इसके लिए समाज को प्रेरणा स्रोत बनना होगा। समाज में ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करने होंगे जिनसे अनुभव प्राप्त करके लोग नशे का त्याग करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी व्यावसायिक शिक्षा

भारत स्वामी विवेकानंद, चंद्र शेखर आजाद, भगत सिंह जैसे ऊर्जावान राष्ट्र निर्माताओं का देश है। युवा शक्ति किसी भी देश की प्रगति का द्योतक होती है, फर्क सिर्फ युवा शक्ति को सही दिशा में गति देने का होता है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अपनी पुस्तक तेजस्वी मन में लिखते हैं कि 'युवा इस देश की असली ताकत हैं' और यदि उनकी जलती हुई लौ को पंख लग जाएं, तो इस देश को विकसित देश की श्रृंखला में सबसे ऊपर आने से कोई नहीं रोक सकता। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत में कुल जनसंख्या का 65 प्रतिशत के लगभग कार्यशील जनसंख्या का भाग है।

लेखक : रोहित कुमार गुप्ता
आईजीएमसी, शिमला

जिसे डेमोग्राफिक डिविडेंड या जनसांखकी लाभांश कहा जाता है। यह डेमोग्राफिक डिविडेंड कहीं डेमोग्राफिक डिसास्टर न बन जाए, यह हमेशा से वाद प्रतिवाद का विषय ही रहा है। इस प्रश्न का उत्तर खोजना उतना ही मुश्किल है जितना कि बिना न्यूटॉन विखंडन के नाभिकीय ऊर्जा का पता लगाना। ऊर्जा के इस प्रवाह को यदि सही दिशा में भेजा जाए, तो विकास का पहिया इस गति से रफ्तार पकड़ेगा, जिसे रोकना किसी के लिए भी असंभव होगा।

इस गति को दिशा देने का काम अच्छी शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा बहुत अच्छे से कर सकती है। यह स्थिति तब और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, जब बात गरीबों की आती है। उनके पास इतने पैसे नहीं होते कि वो अपनी शिक्षा पूरी कर सके, इस स्थिति में रोजगार पाने का एकमात्र साधन केवल और केवल व्यावसायिक शिक्षा ही रह जाती है, जो बेहद कम खर्चे में लोगों को स्कील्ड कर रोजगार दिलाने में सहायक सिद्ध होती है। भारत संभावनाओं का देश है। सरकारी महकमा सभी युवाओं को नौकरी नहीं दे सकता है, क्योंकि उसका अपना एक सीमित दायरा है, और उस दायरे के बाहर की संभावनाओं को तराशना अत्यंत आवश्यक है।

इसमें व्यावसायिक शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत जैसे विशाल देश में बेरोजगारी एक महामारी बनती जा रही है। प्रतिस्पर्धा के बाजार में संभावनाएं धूमिल होती दिखती हैं तथा बेरोजगारी आंखे गड़ाए युवा पीढ़ी को जकड़ने के लिए आतुर खड़ी हैं, जो दीमक बनकर देश की जड़ों को खोखला करती जा रही है। यही देखते हुए भारत सरकार ने 20 फरवरी 2015 को स्किल इंडिया मिशन की शुरुआत की थी। जैसे ही श्रम बाजार अधिक विशिष्ट बना और अर्थव्यवस्था में उच्च स्तरीय कौशलों की मांग बढ़ी, तब से सरकार एवं व्यावसायिक शिक्षा में सरकार द्वारा वित्त पोषित प्रशिक्षण संस्थाओं तथा रियायती प्रशिक्षु अथवा प्रशिक्षुता जैसे पहलकदमों द्वारा भावी निवेश बढ़ा हैं। व्यावसायिक शिक्षा को स्कूल पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना भी इसी योजना का एक अभिन्न अंग है। व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण शिक्षार्थियों को आवश्यक कौशल प्रदान करता है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ती है, उनके व्यक्तिगत विकास में सहायता मिलती है और सक्रिय नागरिकता को बढ़ावा मिलता है।

उद्यम प्रदर्शन, प्रतिस्पर्धात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देता है। एक सर्वेक्षण के अनुसार नई नौकरियों में विश्वविद्यालयों के स्नातकों की अपेक्षा व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थी अधिक भुगतान प्राप्त करने में सक्षम हैं। साथ ही, व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लोगों को नौकरी प्राप्त करने में भी अपेक्षाकृत कम समय लगता है। जापान, चीन तथा अन्य विकसित देशों ने अपनी अर्थव्यवस्था को कौशल विकास के बल पर ही ऊपर उठाया है। भारत सरकार द्वारा संचालित मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाओं को तब तक पंख नहीं लग सकते हैं जब तक स्किल इंडिया मिशन को पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतारा जाता है। साथ ही इससे रोजगार और नवाचार को भी बल मिलेगा। जिससे सकल घरेलू उत्पाद बढ़ने के साथ प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि होगी जिससे देश की आर्थिकी सुदृढ़ बनेगी। व्यावसायिक शिक्षा आज की युवा-पीढ़ी के लिए किसी वरदान से कम नहीं। जो छात्र प्रोफेशनल कोर्स नहीं कर सकते, उन्हे निराश होने की जरूरत नहीं। व्यावसायिक शिक्षा उन्ही बच्चों के लिए है। व्यावसायिक शिक्षा का मूलभूत उद्देश्य आम नागरिक के हाथ में हुनर देकर देश की प्रगति में योगदान देना है। अत: व्यावसायिक शिक्षा की पहुंच जितनी लंबी होगी भारत की इकोनॉमी अपने पंख उतने ज्यादा पसारेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अपनी बात

देश व प्रदेश में कचरे से दूर रहने की कोशिश में अब व्यावसायिक वाहनों के पेट में डस्टबिन होगा। हमारी प्रदेश सरकार ने अपनी पर्यावरणीय व स्वच्छता की फाइल पर हस्ताक्षर करते हुए यह तय किया है कि प्रदेश के सभी व्यावसायिक वाहन डस्टबिन की व्यवस्था करते हुए, अपने कचरे को ठिकाने लगाएं। हमने कुछ समय पूर्व पर्यटक बसों के ठहराव पर निष्पादित कूड़े का जिक्र किया था और खुशी की बात यह है कि सरकार ने संज्ञान लेते हुए, इसे कानूनी व्यवस्था का पहलू बनाया है। प्रदेश में कचरे से दूर रहने का यह एक कदम हो सकता है, लेकिन पर्यटन सीजन का कचरा इससे भी कहीं अधिक और गंभीर स्थिति प्रदेश में पेश कर रहा है। सार्वजनिक कचरे के प्रबंधन के साथ-साथ नागरिक व्यवहार में परिवर्तन लाने की जरूरत है। खासतौर पर फास्ट फूड के आर्डर तथा टेक अवे प्वाइंट्स से हाईवे टूरिज्म का बदलता अंदाज सड़कों पर भारी मात्रा में गंदगी का सामान छोड़ रहा है।

रतन चंद, नूरपुर

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

महान विचारक, समाजसेवी और क्रांतिकारी

ज्योतिराव गोविंदराव फुले महाराष्ट्र में सर्वप्रथम अछूतोद्धार और महिला शिक्षा का काम आरंभ करने वाले महान विचारक, समाज सेवी, लेखक तथा क्रांतिकारी कार्यकर्ता थे। उनका परिवार कई पीढ़ी पहले सतारा से पुणे फूलों के गजरे आदि बनाने का काम करने लगा था। इसलिए माली के काम में लगे ये लोग 'फुले' के नाम से जाने जाते थे। ज्योतिबा ने कुछ समय पहले तक मराठी में अध्ययन किया, परंतु लोगों के यह कहने पर कि पढ़ने से तुम्हारा पुत्र किसी काम का नहीं रह जाएगा, पिता गोविंद राम ने उन्हें स्कूल से छुड़ा दिया। जब लोगों ने उन्हें समझाया तो तीव्र बुद्धि के बालक को फिर स्कूल जाने का अवसर मिला। ज्योतिबा फुले का विवाह 1840 में सावित्री बाई से हुआ था। स्त्रियों की दशा सुधारने और उनकी शिक्षा के लिए ज्योतिबा ने 1854 में एक स्कूल खोला। यह इस काम के लिए देश में पहला विद्यालय था। लड़कियों को पढ़ाने के लिए अध्यापिका नहीं मिली तो उन्होंने कुछ दिन स्वयं यह काम करके अपनी पत्नी सावित्री को इस योग्य बना दिया। उच्च वर्ग के लोगों ने आरंभ से ही उनके काम में बाधा डालने की चेष्टा की, किंतु जब फुले आगे बढ़ते ही गए तो उनके पिता पर दबाव डालकर पति-पत्नी को घर से निकालवा दिया। इससे कुछ समय के लिए उनका काम रुका अवश्य, पर शीघ्र ही उन्होंने एक के बाद एक बालिकाओं के तीन स्कूल खोल दिए। ■



ज्योतिराव गोविंदराव फुले
जन्म : 11 अप्रैल, 1827
मृत्यु : 28 नवंबर, 1890

भगवान राम का आदर्श प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सिद्ध हो

भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, लेकिन गौर से देखा जाए और उनके जीवन वृतांतों का अध्ययन किया जाए, तो हम पाएंगे कि भगवान राम समस्त मर्यादाओं से परे हैं। उन्होंने अपने आचरण के माध्यम से ऐसी अनेक मर्यादाएं स्थापित कीं, जिनका अनुसरण करके कोई भी साधारण मनुष्य स्वयं को मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में स्थापित कर सकता है। उनका जीवन दर्शन ऐसा है जो स्वयं अनेक मर्यादाओं को स्थापित करता है। उनके ऐसे परम पावन व्यवहार का शुभारंभ बचपन से ही हो जाता है। उदाहरण के लिए- जब भगवान राम अपने तीनों भाइयों- भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ गुरु वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं, तब अपने ईश्वरत्व को पूरी तरह त्याग कर गुरु और गुरु माता पर आश्रित ही रहते हैं।

लेखक : डॉ. राघवेंद्र शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

शिक्षा के दौरान गुरु वशिष्ठ और उनकी धर्मपत्नी देवी अरुंधति को भगवान राम अपने अभिभावक का दर्जा भी प्रदान करते हैं। उनका यही भाव तब गुरु विश्वामित्र के प्रति रहता है जब पिता दशरथ, राक्षसों का नाश करने के लिए उन्हें लक्ष्मण के साथ गुरु विश्वामित्र के हाथ सौंप देते हैं। इस बेहद सौम्य और विनम्र स्वभाव के बावजूद राम सदैव अपने छोटे भाइयों को पुत्रवत स्नेह देते रहे और एक पिता की तरह सदैव उनकी राजी खुशी की चिंता करते रहे, बल्कि सदैव उन्होंने यह सुनिश्चित भी किया कि उनके तीनों भाई किसी भी खतरे का शिकार न बनें और सुरक्षित रहते हुए अपने कर्तव्यों का भली भांति निर्वहन कर सकें। जब राम राक्षसी ताड़का का वध करते हैं तब उसे जन्म-जन्मांतरों के बंधनों से मुक्त करके उसके आत्मस्वरूप तेज पुंज को अपने में समाहित कर लेते हैं।

ऐसा इसलिए क्योंकि वे जानते हैं ताड़का जन्मजात राक्षसी नहीं थी। ऋषि अगस्त्य द्वारा उसके राक्षस पति सुंद का शाप द्वारा वध किया गया था। अपने पति की मृत्यु का बदला लेने के लिए उसने अपने यक्ष स्वरूप का त्याग करते हुए राक्षसी प्रवृत्ति का चोला ओढ़ लिया था। कुछ कदम आगे चलकर राम अहिल्या का उद्धार भी करते हैं। इस भाव के साथ कि परिस्थिति वश अथवा अज्ञानता वश यदि कोई पाप हो जाए तो उसे कारित करने वाले पुरुष अथवा नारी को पाप का भागी सिद्ध नहीं किया जा सकता। ऐसा करके राम अहिल्यापति ऋषि गौतम को पश्चाताप की अग्नि से भी छुटकारा दिलाते हैं, क्योंकि उन्होंने क्रोधवश अपनी पत्नी को अनुचित श्राप दिया था, किंतु वास्तविकता का ज्ञान होने पर वे अपने शाप को वापस नहीं ले सकते थे। फलस्वरूप तभी से पुण्यों द्वारा अर्जित अपने लोक में स्थित होकर वे अपनी पत्नी की चिरकाल से प्रतीक्षा कर रहे थे।

माता सीता से भगवान राम का प्रथम मिलन पुष्प वाटिका में हुआ तब वह अपने भावों पर नियंत्रण बनाए रखते हैं, क्योंकि उन्हें ज्ञात है सीता स्वयंवर कर्म आधारित प्रक्रिया है। सीता स्वयंवर में समस्त विभूतियों के असफल होने के पश्चात राजा जनक द्वारा अनुचित शब्द कहे जाने पर लक्ष्मण का क्रोध सातवें आसमान पर होता है। वे भी प्रत्युत्तर में राजा जनक को कठोर वचन कह देते हैं।

तब भगवान राम ना तो उन्हें रोकते हैं और न ही डांटते हैं, क्योंकि वे ऐसा मानते हैं, वहां पर लक्ष्मण जी को अनुशासित करने के लिए गुरु अथवा अभिभावक के रूप में विश्वामित्र जी उपस्थित हैं। अत: उनकी उपस्थिति में स्वयं को वरिष्ठ प्रतिपादित करना उन्हें उचित प्रतीत नहीं होता। इसी समारोह में क्रोधाग्नि में ज्वलंतशील परशुराम जी द्वारा अनेक बार राम के आत्मसम्मान को आहत किया गया, किंतु फिर भी वे उन्हें लौटकर दंडात्मक प्रति उत्तर नहीं देते, क्योंकि वे परशुराम के आभामंडल को खंडित करना नहीं चाहते। वे जानते हैं कि त्रेता युग में परशुराम पापाचार में युक्त क्षत्रियों का संहार कर चुके हैं और आने वाले युगों में सनातन संस्कृति को उनके तेज बल की आवश्यकता पड़ने वाली है। माता कैकई द्वारा वर मांगने पर उन्हें 14 वर्षों का बनवास हुआ, तब वाल्मीकि रामायण के अनुसार लक्ष्मण जी पिता दशरथ जी को कारागार में डालने हेतु उद्वेलित थे। इस प्रण के साथ की अयोध्या के सिंहासन पर केवल श्री राम का ही अधिकार है, किंतु श्री राम ने पितु आज्ञा को ही सर्वोपरि माना और इसके लिए लक्ष्मण को प्रेम पूर्वक डांट भी पिलाई। श्रंगवेरपुर के भील राज गुह को प्राणों के समान प्रिय भाई भरत जैसा अपनत्व और सम्मान देकर प्रभु श्री राम यह प्रतिपादित करते हैं कि व्यक्ति को जाति से नहीं बल्कि उसके कर्मों से सम्मान अथवा असम्मान का अधिकारी माना जाना चाहिए। आप केवट को अपने चरण धोने का सौभाग्य भी देते हैं, क्योंकि उसका तत्कालीन जीवन और पूर्व का मृत्यु वृत्तांत उन पर उधार था। यानी प्रभु श्री राम की कथा अनंत है। इसे संतों ने अनेक प्रकार से लिखा, गाया और प्रस्तुत किया है। इस दृष्टि से देखा जाए तो उनके समस्त गुणों, जीवन वृत्तांतों और दर्शन का वर्णन करना असंभव ही है। फिर भी जितना सीख पाया, उस आधार पर केवल इतना ही कहा जा सकता हैं कि मेरे राम समस्त मर्यादाओं से परे पुरुषोत्तम हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कविता

आज फिर है जीने की तमन्ना

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन, ऊना (हि.प्र.)

***हैरान** हूं परेशान हूं क्या बताऊं, चक्रव्यूह में फंसा इंसान हूं मैं।*
बीते पल कर रहे अस्थिर मन, साथ नहीं दे रहा अब मेरा तन।
पर अभी है जीने की तमन्ना, कैलेंडर ने बदल लिया पलटा।
नई तारीख नया दिन नया साल,
चला आ रहा है यही हर बार।
मौसम ने ली अंगड़ाई, लो वो देखो आ गई।
पतझड़ बसंत बहार, प्रकृति ने फैला भुजाएं।
फूलों की कर दी बरसात, सब दु:ख दर्द भुलाकर आज।
फिर है जीने की तमन्ना, कितनी भी मुसीबतें आईं।
नहीं भयभीत हुआ कभी, पर्वत की ऊंचाई।
सागर की गहराई, नहीं रोक पाई।
तो कैसे हार मान, बैठ जाऊं ऐसे मैं।
हृदय में उठ रहीं तरंगें, कह रहीं है एक ही बात।
आज फिर है जीने की तमन्ना, प्रभु दे दो दो पल उधार।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

कोई भी निरीह पशु-पक्षी मानवीय लापरवाही का शिकार न हो

उत्तर प्रदेश के वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन (पुराना नाम झांसी रेलवे जंक्शन) पर पहली अप्रैल को 'जो हुआ, जैसा भी हुआ' उसे सारी दुनिया ने देखा। यह एक हृदयविदारक घटना है। गोल्डन रिट्रीवर नस्ल का एक पालतू डॉग प्लेटफार्म से आगे बढ़ रही चलती राजधानी एक्सप्रेस के दौरान गिर गया। सौभाग्य से यह डॉग जीवित बच गया। बावजूद इसके इस घटना ने पालतू डॉग के रेल से ले जाने के नियमों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना के वायरल वीडियो में नीली टी-शर्ट और जींस पहने इस डॉग का मालिक उसे पट्टे से खींचते हुए दिल्ली जाने वाली सीएसएमटी-निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस में चढ़ाने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहा है। ट्रेन के गति पकड़ते ही डॉग प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच की खाई में गिर जाता है।

चमत्कारिक रूप से रेलवे अधिकारियों ने पुष्टि की कि डॉग जीवित है और उसे उसके परिवार से मिला दिया गया है। यह परिवार फर्स्ट क्लास एसी कोच में सफर कर रहा था। हालांकि, इस घटना ने व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया है और पालतू जानवरों के मालिकों की जवाबदेही और पशु कल्याण के बारे में सवाल उठाए हैं। देश में पालतू जानवरों का स्वामित्व महत्वपूर्ण कानूनी और नैतिक जिम्मेदारियों के साथ आता है। विशेष रूप से पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 (पीसीए अधिनियम) के तहत। पीसीए अधिनियम की धारा 11 उन कार्यों को क्रूरता मानती है जो अनावश्यक दर्द या पीड़ा का कारण बनते हैं, जैसे कि एक पालतू डॉग को चलती ट्रेन जैसी खतरनाक स्थितियों में उजागर करना।

लेखक : डॉ. आरबी चौधरी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इस मामले में, मालिक का डॉग को खींचने का निर्णय, बजाय उसे उठाने या सुरक्षित क्षण का इंतजार करने के उसके जीवन को खतरे में डालना जैसा रहा। भारतीय रेलवे ने पालतू जानवरों की यात्रा के लिए विशिष्ट नियम बनाए हैं। इनका विवरण भारतीय रेलवे वाणिज्यिक मैनुअल में है। पालतू जानवरों को केवल प्रथम एसी या प्रथम श्रेणी के डिब्बों में अनुमति दी जाती है, बशर्ते उन्हें एक निजी कोच में बुक किया गया हो। यात्रा के दौरान, पालतू जानवरों को पट्टे पर या मानक के अनुसार केज में रखा जाना चाहिए और दुर्घटनाओं से बचने के लिए केवल तभी चढ़ने या उतरने की अनुमति है जब ट्रेन रुकी हो। पीसीए अधिनियम के तहत स्थापित एडब्ल्यूबीआई (1962 में पार्लियामेंट एक्ट के तहत स्थापित देश की हाई प्रोफाइल स्वायत्तशासी प्रतिष्ठान- एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया/ भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड), रेलवे नियमों के पूरक दिशा-निर्देश तैयार करके पशु कल्याण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इसके दिशा-निर्देश अनिवार्य करते हैं कि मालिक मजबूत पट्टों या वाहकों का उपयोग करें।झांसी की घटना पालतू जानवरों की यात्रा सुरक्षा में व्यापक तौर पर एनिमल वेलफेयर की मौजूदा नीतियों और उसके फील्ड में प्रयोग से संबंधित मुद्दों को उजागर करती है। साथ ही यह घटना जीव जंतु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 में दर्शित पशु मालिक के कर्तव्यों को लेकर एनिमल वेलफेयर पॉलिसी की कमजोरी को सुधारने की गुहार लगा रही है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई निरीह पशु-पक्षी मानवीय लापरवाही का शिकार न हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8,

न्यूज ब्रीफ

डैहर अनाथालय का स्थापना दिवस 14 को

भीम बसेड़ू, महादेव। दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट डैहर सुंदरनगर के अंतर्गत अनाथालय में संस्थान का 43वां स्थापना दिवस गांव डैहर स्थित अनाथालय के प्रांगण में मनाया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा व अनाथालय के अधीक्षक सुरेश शास्त्री ने बताया कि सुंदरनगर क्षेत्र की उपतहसील डैहर के गांव डैहर में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के इस अवसर पर 14 अप्रैल को 11बजे से लेकर डेढ़ बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम की पेशकश की जाएगी तदोपरांत दोपहर के भोजन के तहत बड़ा खाना परोसा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

सर्वजीत को मिली ट्रक ऑपरेटर सहकारी सभा की कमान

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। दी मंडी सुकेत ट्रक ऑपरेटर सहकारी सभा धनोटू की चुनावी प्रक्रिया सहकारी निरीक्षक धर्मेंद्र की देखरेख में संपन्न हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष का दायित्व भूप सिंह सैनी ने निभाया। वहीं सर्वजीत सिंह को सर्वसम्मति से लगातार 10वीं बार प्रधान चुना गया है। गौरतलब है कि सर्वजीत लगातार 1998 से सभा के प्रधान चले आ रहे हैं। उन्होंने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपप्रधान दौलत सिंह चंदेल, सचिव पद हेमंत शर्मा, कोषाध्यक्ष करतार सिंह तथा पिंकी चौधरी, हरीश गुप्ता, बालक राम, रमेशचंद, कैप्टन रामशरण, मनसा अली, सुरजीत सिंह को कार्यकारिणी सदस्य चुना है।

बीपीएल में शामिल होने के लिए 30 तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट/गोहर। खंड विकास अधिकारी गोहर सरबन कुमार और एसडीएम धर्मपुर स्वाति डोगरा ने विकास खंड धर्मपुर की समस्त पंचायतों के इच्छुक परिवारों से बीपीएल सूची में शामिल होने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस बारे में एसडीएम स्वाति डोगरा ने कहा कि इच्छुक परिवार 30 अप्रैल तक आवश्यक घोषणा पत्र के साथ अपनी सम्बंधित पंचायत में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सत्यापन समिति द्वारा तैयार की गई सूचियों को 15 जून तक सार्वजनिक जांच हेतू सम्बंधित पंचायत के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि चयन की संपूर्ण प्रक्रिया 15 अक्तूबर तक पूरी कर दी जाएगी।

किसानों को बताया प्राकृतिक खेती का महत्व

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में 'प्राकृतिक खेती में क्षेत्र अभ्यास के साथ आम और विदेशी सब्जियों पर खेती के तरीके' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के जिला कुल्लू के 33 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण की शुरुआत में प्रधानाचार्य कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर डॉ. प्राची और समन्वयक डॉ. सुधीर ने प्रशिक्षण के बारे, प्राकृतिक खेती की अवधारणा, उसके फायदे और जरूरत पर बल दिया तथा आम और विदेशी सब्जियों पर खेती के तरीके पर चर्चा की। डॉ. हितेंदर सिंह परियोजना उप निदेशक आत्मा मंडी द्वारा किसानों को सब्जी फसलों में प्राकृतिक खेती का महत्व और दायरा की जानकारी दी।

गोहर में रबी फसलों का किया निरीक्षण

सुनील शर्मा, गोहर। कृषि विभाग आत्मा परियोजना के तहत खंड गोहर में प्राकृतिक विधि द्वारा उगाई जाने वाली रबी फसलों की जांच, निरीक्षण व लोगों में प्राकृतिक खेती की जागरूकता की दृष्टिगत आत्मा परियोजना के परियोजना निदेशक मंडी डॉ. हितेंद्र ठाकुर ने गांव न्योरी, देलग टिकरी, बासा, गवाड़, छपराहन में फसलों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया खंड गोहर में वर्तमान में 3143 किसान कृषि विभाग (आत्मा) से जुड़े हुए हैं और प्राकृतक विधि से 540.72 हेक्टेयर भूमि पर खेती कर रहे हैं। इस दौरान जिला उप परियोजना निदेशक ने किसानों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहे प्रयासों तथा प्राकृतिक विधि से पैदा गेहूं खरीद की योजनाओं पर भी किसानों से चर्चा की गई। इस दौरान खंड तकनीकी अधिकारी डॉ. विजय कुमार, सहायक तकनीकी अधिकारी डॉ. लकी कश्यप व डॉ. मुरारी लाल उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

राजेश जसवाल को मिली डीपीआरओ की पदोन्नति

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर उपमंडल के निवासी एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में सहायक जनसंपर्क अधिकारी के पद पर कार्यरत राजेश कुमार जसवाल को पदोन्नति देकर जिला जनसंपर्क अधिकारी, शिमला नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों और पत्रकारिता जगत में हर्ष का माहौल है। राजेश कुमार जसवाल ने जोगिंद्रनगर में लगभग 6 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं और इस दौरान उन्होंने प्रशासन और मीडिया के बीच मजबूत संवाद सेतु का कार्य किया। इस अवसर पर एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी व तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल अनिल शर्मा ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रेस क्लब के संस्थापक रमेश बंटा, ओमप्रकाश चौहान सहित प्रेस क्लब अध्यक्ष कैलाश, अश्विनी सूद, हरीश बहल,राकेश संगराई, विनोद शर्मा, जितेंद्र ठाकुर, राजीव बहल, अभिषेक शर्मा और राजेश शर्मा ने संयुक्त रूप से शुभकामनाएं दी।

फर्जी जानकारी देने वाले होंगे बीपीएल से बाहर

उमेश, सुंदरनगर

हिमाचल प्रदेश में बीपीएल सूची में शामिल होने के लिए अब नई चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फर्जी जानकारी देकर बीपीएल की सूची में शामिल होने वाले परिवारों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। खंड विकास अधिकारी विवेक चौहान ने विकास खंड सुंदरनगर और धनोटू के अंतर्गत की समस्त पंचायतों के इच्छुक परिवारों से बीपीएल सूची में शामिल होने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

वहीं पंचायत सचिवों को इस नई प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए वीरवार को विकास खंड सुंदरनगर और धनोटू के पंचायत सचिवों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन बीडीओ कार्यालय में किया गया।

जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर विवेक चौहान ने कहा कि बीपीएल में शामिल होने के लिए ग्रामीणों को 30 अप्रैल तक अपनी संबंधित पंचायत में आवेदन करना होगा।

पहले से बीपीएल में शामिल लोगों को भी इस प्रक्रिया से गुजरना होगा। इसके साथ ही सभी आवेदनकर्ताओं को निर्धारित प्रपत्र पर घोषणापत्र के साथ सहायक दस्तावेज भी पंचायत में जमा करवाने होंगे। (अनंत ज्ञान)

पारदर्शिता से करें कार्य

बीडीओ सुंदरनगर विवेक चौहान ने कहा कि बीपीएल चयन सर्वेक्षण को लेकर सुंदरनगर और धनोटू विकास खंड के पंचायत सचिवों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें पूरा कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाले ही बीपीएल में शामिल हो पाएंगे।

ग्राम सभा नहीं लेगी निर्णय

विवेक ने कहा कि कमेटी द्वारा तैयार की गई सूची को जुलाई माह में आयोजित होने वाली ग्राम सभा में पटल पर रखा जाएगा। बीपीएल चयन को लेकर ग्राम सभा अंतिम निर्णय नहीं ले पाएगी। पात्र लोगों के चयन को लेकर ग्राम सभा केवल अप्रूवल कमेटी के पास अनुशंसा करेगी। आपत्ति होगी तो वह उपायुक्त के समक्ष आपत्ति दर्ज करवा सकता है। अप्रूवल कमेटी में एसडीएम के अलावा बीडीओ और तहसीलदार शामिल होंगे अंतिम निर्णय लेंगे।

बीपीएल परिवारों में शामिल होने के लिए बनी पांच श्रेणियां

बीपीएल में शामिल होने की पात्रता को लेकर पांच श्रेणियां बनाई गई, इनमें ऐसे परिवार जिनमें 18 वर्ष से कम आयु के अनाथ बच्चे ही सदस्य हैं अथवा ऐसे परिवार जिनमें केवल 59 वर्ष आयु से अधिक के वृद्धजन ही सदस्य हैं, ऐसे परिवार जिनमें महिला मुखिया हो तथा जिसमें 18 ये 59 वर्ष की आयु के बीच का कोई व्यस्क पुरूष सदस्य न हो, ऐसे परिवार जिनके मुखिया में पचास प्रतिशत से अधिक विकलांगता हो, ऐसे परिवार जिनके सभी वयस्क सदस्यों द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में मनरेगा के अंतर्गत कम से कम सौ दिन का काम किया है व परिवार में कमाने वाले सदस्य कैंसर, अल्जाइमर व अन्य किसी बीमारी से ग्रसित हों जिस कारण वे स्थायी रूप से अक्षम हो गए हों वो बीपीएल श्रेणी में शामिल होने के लिए पात्र होंगे।

कमेटी घर जाकर करेगी वास्तविकता की जांच

विवेक चौहान ने कहा कि अधूरे दस्तावेज के साथ दिए गए आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे। आवेदन के उपरांत तीन सदस्यीय कमेटी दिए गए दस्तावेजों की आवेदनकर्ता के घर जाकर वास्तविक जांच करेगी। ऐसे में यदि दी गई जानकारी गलत पाई जाती है तो भी आवेदनकर्ता की पात्रता समाप्त हो जाएगी। तीन सदस्यीय कमेटी में पंचायत सचिव के अलावा पटवारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता होगी। यह कमेटी 15 जून तक जांच पूरी करेगी। कमेटी दिए गए सभी दस्तावेजों की जांच के साथ साथ आवेदनकर्ता द्वारा दी गई सूचना का सत्यापन भी करेगी। जांच में ऐसे परिवार जिनके पास रहने के लिए पक्का मकान है, ऐसे परिवार जिनका कोई भी सदस्य आयकर देता हो, ऐसे परिवार जिनकी समस्त स्त्रोतों से अर्जित वार्षिक आय पचास हजार रुपए से अधिक हो, एक हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले तथा ऐसे परिवार जिनका कोई भी सदस्य सरकारी, अर्ध सरकारी या निजी नौकरी में हैं वे सभी बीपीएल में शामिल होने लिए अपात्र होंगे। कमेटी 30 जून तक पात्र तथा अपात्र आवेदकों की सूची तैयार करेगी।

मंडी में बरसे मेघ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मंडी जिला में बढ़ती गर्मी ने अप्रैल माह में ही पसीने छुटा दिए थे, जिसको लेकर पर्यावरणविदों ने चिंता जताई थी। बता दें कि महाशिवरात्रि महोत्सव के उपरांत एकदम गर्मी बढ़ गई और कई स्थानों पर पानी की किल्लत के समाचार आने लगे थे।

वीरवार दोपहर बाद मेघ खूब बरसे और गेहूं की फसल के लिए राहत लेकर आए। कृषि वैज्ञानिक इस बारिश को गेहूं की फसल के लिए रामबाण मान रहे हैं, क्योंकि इन दिनों गेहूं की फसल में दाना विकसित हो रहा है, जिसे पानी की सख्त जरूरत थी। उधर गर्मी से भी लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि मंडी के आसपास खूब बारिश हुई, लेकिन सरकाघाट, सुंदरनगर और अन्य क्षेत्रों में बूंदाबांदी ही हुई। अचानक मौसम में आए बदलाव के कारण लोग पेड़ लगाने की बात करने लगे हैं, लेकिन गर्मी का मौसम जाते ही पेड़ काटने का अभियान शुरू हो जाता है। मंडी के आसपास गंधर्व जंगल, कांगणीधार, ढांगसीधार में पेड़ों को काट का कंक्रीट का निर्माण किया जा रहा है, जिससे मंडी के आसपास तापमान में वृद्धि हुई है।

लोगों को मिली गर्मी से राहत, बारिश गेहूं की फसल के लिए रामबाण

नशे के खिलाफ चौंतड़ा में उठेगी हिम युवा की हुंकार

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और युवाओं के बिगड़ते भविष्य को देखते हुए हिम युवा जन कल्याण संगठन, लडभड़ोल द्वारा आगामी 4 मई को चौंतड़ा में एक विशेष नशा निवारण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करना और समाज में एक जागरूक वातावरण बनाना है। हिम युवा जन कल्याण संगठन के अध्यक्ष सतबीर ठाकुर ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि संवाद, प्रेरणात्मक कहानियों और सामूहिक सहभागिता के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने का प्रयास होगा।

आज की युवा पीढ़ी को सही मार्गदर्शन और सहारा देने की जरूरत है ताकि वे नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को संवार सकें। कार्यक्रम में पारंपरिक हिमाचली धाम की भी विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम 4 मई को चौंतड़ा में प्रात: 11 बजे आरंभ होगा। सभी इच्छुक नागरिक इस कार्यक्रम में भाग लेकर सामाजिक उत्थान की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

अश्लील हरकत करने पर मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने चौगान निवासी 24 वर्षीय सतीश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में नाबालिग की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि शिकायत मिलते ही कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। पुलिस द्वारा मामले की गहराई से जांच की जा रही है। पीड़िता का बयान भी दर्ज किया जा चुका है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी और नियमों के अनुसार उचित कदम उठाए जाएंगे।

134 ठेकों में से 64 की नीलामी प्रक्रिया पूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

जिला परिषद हॉल मंडी में 9 और 10 अप्रैल को यूनिटों के साथ नीलाम होने से रह गए 134 शराब के ठेकों में से 64 ठेकों को नीलाम करने के प्रक्रिया पूरी हो गई।

64 ठेके 25.58 करोड़ रुपए के आरक्षित मूल्य के मुकाबले 30 प्रतिशत वृद्धि की वृद्धि के साथ 33.27 करोड़ रुपये में नीलाम हुए। नीलामी प्रक्रिया में भ्यूली, थनेहड़ा, अस्पताल रोड, रिवालसर (एल-2 और एल-14), रत्ती पुल, लोअर कोटली, साईगलु, तलयाहड़, गोखड़ा, नेरचौक, नेरचौक रत्ती रोड, भंगरोटु(एल-2), भंगरोटु (एल-14), लूणापानी, रत्ती, गलमा, डडौर, मैरमसित-गलु, कलौहड़, कलौहड़ एनएच, कपाही, धनोटु, जरल, महादेव, नौलखा, अप्पर बैहली, कनैड, हटगढ़, करसोग, मेघली, बारल(एल-2), बारल(एल-14), सनारली, कुट्टी, बल्ह फिरनु कोटलू, पोखी, जोगिंद्रनगर, दहोग, भराडु, तमलैड, डलवान, पटरीघाट, अप्पर भांबला, बतैल, खुडला, खनोट, मटियारा, प्लासी, रोपा कॉलोनी, सरकाघाट, टिहरा रोड चौक, जमसाई, परसदा, पपलोग, चंदैश, तांदी गलु, तलयाहड़, पधयूं, भरजवाणु, सौण, पौंटा और नबाही के एल-2 और एल-14 ठेके नीलाम हुए। नौलखा का एल-14 शराब का ठेका 278.78 प्रतिशत वृद्धि के साथ 47 लाख 25 हजार में बिका। इस ठेके का आरक्षित मूल्य 12 लाख 47 हजार रखा गया था। महादेव का एल-14 शराब का ठेका 212.12 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह भी 47 लाख 25 हजार में बिका। इस ठेके का आरक्षित मूल्य 15 लाख 12 हजार रुपए निर्धारित था।

जमसाई का 155.69 प्रतिशत, टीहरा रोड चौक का 152.80 प्रतिशत, जोगिंद्रनगर पठानकोट चौक का 107.26 प्रतिशत, डहोग का 104.20 प्रतिशत वृद्धि के साथ नीलाम हुए।

दीवारों में पोस्टर लगाने पर चालान

अनंत ज्ञान, मंडी। नगर निगम मंडी की टीम द्वारा दीवारों पर बिना अनुमति पोस्टर लगाने पर 2 लोगों का एक-एक हजार रुपए का चालान काटा गया है।

नगर निगम के सफाई निरीक्षक सतीश गुलेरिया ने बताया कि नगर निगम की टीम ने शहर में सफाई व्यवस्था को जांचा और इसके साथ-साथ 15 अप्रैल को होने वाले हिमाचल दिवस की तैयारियों को लेकर घंटाघर की साफ-सफाई के साथ-साथ गांधी पार्क की सफाई कर छोटी-मोटी रिपेयर का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। वहीं कुछ लोगों ने पोस्टर लगा दिए थे।

मेले में 500 महिलाओं ने डाली महानाटी

अनंत ज्ञान, करसोग। जिला स्तरीय नलवाड़ मेला करसोग के छठे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग के खेल मैदान में महिलाओं द्वारा महानाटी का आयोजन किया गया। महानाटी में लगभग 20 महिला मंडल व स्वयं सहायता समूह की लगभग 500 महिलाओं ने भाग लिया। महानाटी में ग्राम पंचायत ममेल के प्रधान नारायण सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। नायब तहसीलदार करसोग शांता शुक्ला ने महानाटी में भाग लेने वाली महिलाओं को धाटू भेंट किए। मेला अधिकारी एवं तहसीलदार करसोग वरुण गुलाटी ने मुख्यातिथि को शॉल और टोपी भेंट कर सम्मानित किया।

बेतुकी बयानबाजी कर गुमराह कर रहे कंगना और जम्वाल : अरुण

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार पांच वर्ष का सफल और ऐतिहासिक कार्यकाल पूरा करेगी और प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे पहुंचाएगी। सांसद मंडी कंगना रनौत और विधायक सुंदरनगर राकेश जम्वाल बेतुकी बयानबाजी करते हुए दिन में सपने देख रहे है।

सांसद और विधायक को अपने पद और शब्दों की गरिमा बनाए रखते हुए बयानबाजी करनी चाहिए। यह बात हिमाचल प्रदेश कांग्रेस लीगल सेल के महासचिव और पूर्व पार्षद नगर परिषद सुंदरनगर पंडित अरुण प्रकाश आर्य ने जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि सांसद कंगना रनौत और विधायक सुंदरनगर राकेश जम्वाल के कांग्रेस पार्टी और प्रदेश कांग्रेस सरकार को लेकर जिस शब्दावली का प्रयोग कर रहे है वे अशोभनीय और अमर्यादित है। विधायक जम्वाल और भाजपा नेता प्रदेश सरकार को गिराने के सपने दिन में न देखें क्योंकि प्रदेश की सुक्खू सरकार आम जनता की सरकार है और जनता की सेवा में समर्पित है।

प्रिंशुल और सुशांत ने पास की छात्रवृति की परीक्षा

रूपी ठाकुर, बरोट

छोटा भंगाल घाटी के राजकीय माध्यमिक पाठशाला स्वाड़ में गत वर्ष आठवीं तक की शिक्षा पूर्ण कर चुके तथा वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोहारडी में नौवीं कक्षा में शिक्षा ग्रहण करने वाले दो विद्यार्थियों प्रिन्शुल पुत्र रमेश चंद गांव स्वाड़ डाकघर लोहारडी तहसील मुल्थाना जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश तथा सुशांत पुत्र दुर्गा राम गांव छेरना, डाकघर लोहारडी तहसील मुल्थान जिला कांगड़ा पाठशाला बरोट में वर्तमान में नौंवी कक्षा में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं इन दोनों छात्रों ने राष्ट्रीय साधन सह योगिता छात्रवृति की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

राजकीय माध्यमिक पाठशाला स्वाड़ के मुख्याध्यापक दिपान्कुर सूद ने बताया कि यह परीक्षा गत वर्ष 14 नवंबर को राज्य शैक्षिणिक अनुसंधान एवं परीक्षण परिषद (एनएमएमएस) द्वारा ली गई थी। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले इन दोनों छात्रों सरकार की ओर से चार वर्ष तक प्रतिमाह 1000 हजार रुपए या हर वर्ष बारह हजार रुपए की छात्रवृति दी जाती है।

इस उपलब्धि के लिए पाठशाला के मुख्याध्यापक दिपान्कुर सूद, अध्यापक जीत सिंह, राजेश कुमार, सुरिंद्र तथा अन्य कर्मचारियों ने होनहार छात्रों प्रिशुल और सुशांत तथा उनके अविभावकों को बधाई देने के साथ शुभकामनाएं दी है। दोनों छात्रों की इस उपलब्धि पर पाठशाला के अन्य छात्रों को प्रेरणा लेनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

बनांदर मेला क्षेत्र की संस्कृति परंपरा और मेलजोल का प्रतीक

अभिषेक, जोगिंद्रनगर

तहसील लडभड़ोल के प्रसिद्ध तीन दिवसीय बनांदर मेले का शुभारंभ अखिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विधिवत हवन के साथ किया गया। मेला कमेटी बनांदर के प्रधान अनित ठाकुर द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ की गई। इस मौके पर मेला कमेटी के उपप्रधान कुलविंद्र, सचिव संतोष कुमार, ग्राम पंचायत ममाण-बनांदर के प्रधान महेंद्र सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मेले के दौरान महिला और पुरुष वर्ग के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। वीरवार और शुक्रवार की रात्रि को सांस्कृतिक संध्याएं भी आयोजित होंगी। पहली सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस महासचिव ठाकुर प्रेमनाथ विशेष रूप से शिरकत करेंगे। बनांदर मेला क्षेत्र की संस्कृति, परंपरा और मेलजोल का प्रतीक है। (अनंत ज्ञान)

रसोई गैस के बढ़े दामों को वापस ले केंद्र : पवन

अनंत ज्ञान, मंडी

प्रेस वार्ता करते हुए कांग्रेस नेता पवन ठाकुर व साथ हैं अन्य।

मंडी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सरकाघाट से पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर ने प्रेस वार्ता में भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अपने कार्यकाल में प्रदेश को कर्ज तले डुबो दिया था।

आज बिना मतलब की आलोचना कर सरकार को काम करने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कंगना रणौत ने कांग्रेस नेताओं को अंग्रेजों की आलौद कहा, लेकिन उन्होंने ऐसा क्यों कहा, यह समझ नहीं आ रहा है। कंगना रणौत के दादा कांग्रेस में रहे हैं और विधायक भी बने हैं, ऐसे में अंग्रेजों की आलौद वाली गाली देना कहां तक सही है, यह बात कंगना ही बता सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेहतर काम कर रही है, लेकिन केंद्र से कोई सहायता नहीं मिल रही है।

केंद्र की मोदी सरकार ने रसोई गैस 50 रुपए और पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ा दिए। आज आम आदमी महंगाई से दबा जा रहा है, लेकिन भाजपा सरकार राहत देने की बजाय महंगाई बढ़ा रही है। यदि केंद्र सरकार ने बढ़े हुए दाम वापस नहीं लिए तो कांग्रेस धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेगी।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्म दास चौहान, कांग्रेस नेता अनिल सेन, पार्षद संजय शर्मा, पार्षद दर्शन ठाकुर, जोगिंद्र गुलेरिया आदि उपस्थित रहे।

सराहनीय बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बैठक आयोजित, एसडीएम ने कहा-

बाल विवाह करवाने पर दो साल की सजा और जुर्माना

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने कहा कि बाल विवाह को रोकने के लिए समाज में जागृति लाने की जरूरत है। वह बाल विवाह को रोकने व बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

उन्होंने बताया कि बाल विवाह को रोकने व उसके कानूनी प्रावधानों के कार्यान्वयन के साथ-साथ समाज में जागृति लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत 18 वर्ष के कम आयु की लडकी और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है।

साथ ही विवाह अमान्य होने पर विवाह के समय दूसरे पक्ष की ओर से प्राप्त उपहारों, गहनों व धनराशि इत्यादि को भी वापिस करना होता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह करवाने या बढ़ावा देने में सहायक व्यक्तियों को दो साल तक की सजा और एक लाख रुपए तक का जुर्माना या दोनों हों सकते हैं।

बाल विवाह को समाप्त करने में करें सहयोग

बाल विवाह के आयोजन से संबंधित जानकारी, जिलाधिकारी, उपमंडलाधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, नजदीकी पुलिस थाना को देने या फिर पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व 1090 पर सूचित करने के लिए कहा ताकि तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। बाल विवाह की आशंका को देखते हुए लड़का-लड़की के बालिग होने की पुष्टि हेतू उनके जन्म तिथि से संबंधित कागजात देखने के लिए कहा। एसडीएम ने बैठक में उपस्थित विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, पुजारियों, कैटरिंग, टेंट व डीजे वालों का आह्वान किया कि यदि उनके ध्यान में बाल विवाह होने की बात सामने आए तो इसकी तुरंत सूचना संबंधित अधिकारियों को देकर बाल विवाह जैसी बुराई को जड़ से समाप्त करने में सहयोग प्रदान करें। एसडीएम ने महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा पुलिस विभाग को ग्रामीण स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला मंडलों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से समाज के सभी लोगों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के सभी प्रावधानों की जानकारी देने के निर्देश दिए। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों व पदाधिकारियों ने भाग लिया।

नलसर में बनेगा बस ठहराव और पार्किंग

विनोद, नेरचौक

नलसर क्षेत्र में बस ठहराव, स्पीड ब्रेकर और पार्किंग समस्या को लेकर वीरवार को प्रशासन की ओर से संयुक्त निरीक्षण एसडीएम बल्ह की अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, स्थानीय पंचायत एवं व्यापार मंडल के लोग शामिल हुए व्यापार मंडल नलसर के आग्रह पर प्रशासन द्वारा यह ज्वाइंट इंस्ट्रक्शन कार्यक्रम रखा गया था जिसमें प्रशासन की ओर से एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी, तहसीलदार प्रवीण शर्मा, एसएचओ संजय कुमार, लोक निर्माण विभाग एवं खंड विकास कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए और बस ठहराव, स्पीड ब्रेकर और पार्किंग को लेकर स्थान चिन्हित किए गए ज्वाइंट इंस्पेक्शन टीम ने स्थानों को व्यावहारिक रूप से जांचा और ओपिनियन लिया जिसमें स्पीड ब्रेकर, बस ठहराव, पार्किंग को लेकर स्थान चिन्हित के लिए गए। (अनंत ज्ञान)

> नलसर क्षेत्र में व्यापार मंडल के आग्रह पर बस ठहराव, स्पीड ब्रेकर और पार्किंग की समस्या को लेकर आग्रह पर प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों सहित एक जॉइंट इंस्पेक्शन किया गया जिसके लिए स्थान चिन्हित कर लिया गए है।
> **-हरीश कुमार, प्रधान व्यापार मंडल नलसर।**

> व्यापार मंडल नलसर के आग्रह पर नलसर क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर और बस ठहराव को लेकर स्थान चिन्हित करवाने का आग्रह किया गया था जिसके को लेकर विभिन्न विभागों सहित जॉइंट इंस्पेक्शन दिया गया।
> **-स्मृतिका नेगी, एसडीएम बल्ह।**

ट्रक बेचने के नाम पर लाखों की ठगी

अनंत ज्ञान, शिमला। चौपाल उपमंडल में एक व्यक्ति से ट्रक की खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

चौपाल निवासी बलबीर सिंह ने शिकायत में बताया कि पंजाब के पटियाला निवासी सुखजिंद्र सिंह और निखिल ने ट्रक खरीदने की इच्छा जताई। निखिल गोयल ने फर्जी पहचान पत्र दिखाकर बलबीर सिंह को गुमराह किया। दोनों की बातों में आकर बलबीर सिंह ने ट्रक बेचने पर सहमति जताई और कुल 22,82,500 रुपए की कीमत तय हुई। इसमें से 1,90,000 एडवांस दिए गए और 13 फरवरी 2024 को ट्रक की बिक्री का एक लिखित समझौता भी किया गया, लेकिन भुगतान नहीं किया।

न्यूज ब्रीफ

लोअर गांव में ईंट-भट्ठे की दीवार गिरी, पांच घायल

अनंत ज्ञान, अंब। थाना अंब के तहत गांव लोअर स्थित एक भट्ठे की दीवार अचानक गिरने से पांच कामगार घायल हो गए। घटना के बाद तुरंत दो घायलों को दौलतपुर में स्थित एक निजी हॉस्पिटल में दाखिल करवाया गया है, जबकि तीन को सिविल अस्पताल अंब में भेजा गया है। सभी पीड़ित अन्य स्टेट से संबंधित हैं। घायलों की पहचान तूफानी, फुलबती, राजू, जितेंद्र, नेपाली निवासी यूपी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वीरवार को उक्त सभी कामगार ईट-भट्ठे में जब काम कर रहे थे, तो अचानक उनके ऊपर एक दीवार गिर गई व आवाज सुनकार आस-पास के लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए सभी घायलों को बाहर निकालकर कोई बड़ी अनहोनी नहीं होने दी। डीएसपी वसुधा वर्मा ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

कांग्रेस जनता के लिए बनी दुख की सरकार : सैनी

अनंत ज्ञान, ऊना। कांग्रेस सरकार जनता के लिए दुख की सरकार बन गई है। अस्पतालों में पर्ची के नाम पर 10 रुपए की फीस लेने व न्यूनतम बस किराये में बढ़ोतरी कर जनता पर महंगाई थोपने का काम किया जा रहा है। यह बात भाजपा युवा मोर्चा के जिला ऊना मीडिया संयोजक विक्की सैनी ने वीरवार को जारी प्रेस बयान में कही। विक्की सैनी ने कहा कि सरकार के नुमाइंदे जनता पर महंगाई का बोझ लादने के नाम पर जो तर्क दे रहे हैं, वह हास्यस्पद हैं। कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि लोगों के पास 5 रुपए छुट्टे नहीं होते हैं, इसलिए न्यूनतम किराया बढ़ाकर 10 रुपए किया गया है। वहीं, सरकारी अस्पतालों में इलाज करवाने वाले लोग अपनी पर्ची खो देते हैं, इसी के चलते पर्ची चार्ज 10 रुपए लगाया जाएगा। विक्की सैनी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में गरीब लोग मुफ्त इलाज के लिए आते हैं, क्या सरकार ऐसे निर्णय लेकर उन्हें इलाज से महरुम करना चाहती है? आखिर सरकार की मंशा क्या है? विक्की सैनी ने कहा कि चुनाव से पहले तो सरकार ने लोगों से लुभावने के कई वादे किए थे, लेकिन अब उल्टा पूर्व भाजपा सरकार के समय शुरू हुई योजनाओं को बंद कर जनता की परेशानी बढ़ा रही है। महिलाएं 1500 रुपए का इंतजार कर रही हैं। सरकार को सत्ता में आए ढाई साल का समय हो गया है, लेकिन एक भी महिला के खाते में 1500 रुपए नहीं डाला गया।

सुक्खू सरकार चंद दिनों की मेहमान : भुट्टो

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में संबोधन पर प्रदेश की सुक्खू सरकार पर बड़ा हमला करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि सुक्खू सरकार अब चंद दिनों की मेहमान है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से दिवालिया हो चुकी है और जनता का विश्वास खो चुकी है। भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में बोलते हुए भुट्टो ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और इससे प्रदेश का हर वर्ग-किसान, युवा, व्यापारी, कर्मचारी सभी बेहद दुखी और हताश हैं। भुट्टो ने दावा किया कि उन्होंने खुद 14 महीनों तक इस सरकार का हिस्सा बनकर अंदरूनी कामकाज को नजदीक से देखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर भ्रष्टाचार चरम पर है और नीतियों में पारदर्शिता का अभाव है। भुट्टो ने कहा, सत्ता की कुर्सी पर बैठे लोग जनहित से ज्यादा अपने निजी स्वार्थ को प्राथमिकता दे रहे हैं। भुट्टो ने कहा कि प्रदेश का वित्तीय प्रबंधन चरमराया हुआ है और सरकार कर्ज के सहारे चल रही है। प्रदेश को आर्थिक रूप से मजबूत करने के बजाय यह सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित रह गई है।

जेबतराशी मामले की उच्च स्तरीय जांच हो

अनंत ज्ञान, गगरेट। विधानसभा क्षेत्र गगरेट के अंबोटा गांव में आयोजित हुए भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में भाजपा नेताओं की जेबें साफ होने के प्रकरण को भाजपा कार्यकर्ता सतीश शर्मा ने अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर अब तक भाजपा की सेवा करती आ रही, यह उनकी तीसरी पीढ़ी है, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि संगठन के कार्यक्रम में भी किसी की जेबें कटी हों। वे कौन लोग थे, जिन्होंने इस कृत्य को अंजाम दिया और किसके कहने पर वे संगठन के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इसकी उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग प्रदेश भाजपा शीर्ष नेतृत्व से की है। सतीश शर्मा ने कहा कि इस प्रकरण के वह स्वयं भुगतभोगी हैं। सक्रिय सदस्य सम्मेलन में सिर्फ भाजपा जिलाध्यक्ष शाम मिन्हास की ही जेब नहीं कटी, बल्कि उनकी जेब काटकर भी जेबकतरे चौदह हजार रुपए उड़ा ले गए। उन्होंने कहा कि वह स्वयं कार्यक्रम में मौजूद थे और कार्यक्रम में कई चेहरे ऐसे थे, जो भाजपा के सक्रिय सदस्य तक नहीं हैं।

परिवहन निगम के पेंशनर्स को नहीं मिली पेंशन

अनंत ज्ञान, शिमला/ ऊना। पथ परिवहन निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। परिवहन निगम के पेंशनर्स को 9 तारीख होने के बाद भी मार्च माह की पेंशन नहीं मिली है। उम्र के इस पड़ाव पर वृद्ध लोगों को घर का व दवाइयों का खर्चा चलाना मुश्किल हो गया है। पिछले कई माह से यह सिलसिला लगातार चल रह है कि पेंशन कभी भी समय पर नहीं आई। निगम के लगभग 200 सेवानिवृत्त कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्हें एक वर्ष से पेंशन नहीं मिल रही। सेवानिवृत्ति लाभ का एक पैसा भी अभी तक नहीं मिला। कमाई हुई पूंजी को खैरात बनाकर टुकड़ों में बांटा जा रहा है। ये व्यवस्था परिवर्तन व्यथा परिवर्तन में बदल रहा है। चिकित्सा भत्ता के लिए सात माह पहले मुख्यमंत्री ने 9 करोड़ रुपए देने की घोषणा की थी। बीओडी से भी मामला पास हो चुका था, लेकिन वे 9 करोड़ रुपए कहां गए, आज तक कोई पता नहीं।

प्रतिभागियों ने दिखाए कला के जौहर

अनंत ज्ञान, ऊना। राज्य स्तरीय हरोली उत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए आयोजित ऑडिशन वीरवार को संपन्न हुए। समूर कलां स्थित लता मंगेशकर कला केंद्र में हुए इन तीन दिवसीय ऑडिशनों में ऊना जिले सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों तथा पड़ोसी राज्य पंजाब से आए कलाकारों ने अपनी कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। डीसी जतिन लाल ने बताया कि राज्य स्तरीय हरोली उत्सव का आयोजन 27 से 29 अप्रैल तक हरोली विधानसभा क्षेत्र के कांगड़ मैदान में किया जाएगा।

स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान संपन्न

अनंत ज्ञान, अंब। नगर पंचायत अंब में लगभग दो महीने से चल रहे 'स्वच्छ शहर समृद्ध शहर' कार्यक्रम का अंबेडकर भवन में समापन किया गया। समापन के अवसर पर नगर पंचायत अंब की अध्यक्ष इंदु धीमान, सचिव हर्ष गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता प्रमोद सिंह व पार्षद अंजली सूद, नरेश कुमारी व मेला राम के साथ स्टाफ के सभी कर्मचारी भी शामिल रहे।

आशियाने के सपने को साकार कर रही सरकार

अनंत ज्ञान, ऊना

हर व्यक्ति के जीवन में एक सपना होता है...अपने सिर पर एक पक्की छत हो, अपना एक ऐसा आशियाना हो जहां जिंदगी सुकून से बीते, परिवार साथ हंसे-बसे, और हर कोना खुशियों से गुलजार हो, लेकिन जब आर्थिक तंगी और सामाजिक सीमाएं उस सपने को हकीकत बनने से रोकती हैं, तब सरकार का सहारा किसी वरदान से कम नहीं होता।

हिमाचल सरकार स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के माध्यम से ऐसे ही हजारों परिवारों के अपने पक्के मकान के सपने को साकार कर रही है। यह योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उन पात्र परिवारों को पक्के मकान के निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करती है, जिनके पास खुद की जमीन है, लेकिन संसाधनों की कमी उन्हें एक मजबूत छत से वंचित रखती है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने गरीबों, जरूरतमंदों और वंचित तबकों के जीवन में बड़ा सुधार लाने को लगातार सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनका इस ओर विशेष जोर है कि गरीबों-वंचितों को समुचित सरकारी सहायता प्रदान की जाए। उनके दिशा-निर्देशों के अनुरूप ऊना जिले में सभी पात्र लोगों को योजना में कवर करने के लिए काम किया जा रहा है।

ऊना में अब तक 2.61 करोड़ की मदद

ऊना की जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा ने बतया कि बीते दो वर्षों में जिले में इस योजना के तहत 174 मकान बनाने के लिए लगभग 2.61 करोड़ रुपए की सहायता राशि वितरित की जा चुकी है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों के पक्के मकानों का सपना साकार हो पाया है। इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 1.50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह सहायता उन व्यक्तियों को दी जाती है, जिनके नाम पर भूमि पंजीकृत हो और वे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंध रखते हों।

क्या कहते हैं डीसी

डीसी का कहना है कि जिले के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की आवासीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के अंतर्गत विशेष प्रयास किए गए हैं, ताकि कोई भी योग्य परिवार इस लाभ से वंचित न रह जाए।

लाभार्थी बोले... सरकार ने पूरे किए हमारे सपने

स्वर्ण जयंती आश्रय योजना में पक्का मकान बनाने को सरकार से मिली 1.50-1.50 लाख रुपए की मदद के लिए ऊना जिले के अनेक लाभार्थी सरकार का आभार जताते नहीं थक रहे हैं। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने उनके सपने पूरे किए हैं, इसके लिए जितना धन्यवाद करें कम है। सुनेहरा गांव के मलकीत कुमार ने बताया कि बारिश में घर की कच्ची छत टपकती थी पर सरकार से मिली मदद से अब उनकी चिंता दूर हो गई है। उनका परिवार बहुत खुश है कि सरकारी मदद से अब उनका पक्का मकान बन सका है। वहीं, सुनेहर की ही गुरबचनी ने भी पक्का मकान का सपना साकार करने के लिए सरकार का आभार जताया, उन्हीं की तरह नंगल सलांगड़ी के कश्मीर सिंह, रायपुर सहोड़ा के कृष्ण गोपाल और तरसेम लाल, सुनेहरा की गरमीतो देवी, बहड़ाला के हरबंस सिंह, बरनोह के अशोक कुमार, जखेड़ा की ईना देवी, झंबर की रोशनी देवी और मैहतपुर की लक्ष्मी देवी जैसे अनेक लाभार्थियों ने बताया कि सरकार की सहायता से उन्हें पक्के घर का सपना सकार हुआ है।

कुटलैहड़ के स्कूलों में बनाए जा रहे खेल मैदान : विवेक

अनंत ज्ञान, बंगाणा

राज्य सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए इस वर्ष 5280 करोड़ रुपए खर्च करने का निर्णय लिया है।

यह राशि सरकारी स्कूलों को हर सुविधा से सुसज्जित करने, अधोसंरचना सुधारने और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए खर्च की जाएगी। इसी कड़ी में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के थानाकलां स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में दस लाख से बने नए भवन के उद्घाटन में मुख्यातिथि के रूप में स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने शिरकत की। उद्घाटन समारोह में विधायक ने बताया कि कुटलैहड़ क्षेत्र के हर सरकारी स्कूल को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा कुल 254 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इस धनराशि से न केवल विद्यालय भवनों का नवनिर्माण और मरम्मत कार्य किया जा रहा है, बल्कि विद्यालयों में आवश्यक संसाधनों की भी पूर्ति की जा रही है। विधायक ने कहा शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुटलैहड़ के स्कूलों में खेल मैदान भी बनाए जा रहे हैं।आज की शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल भी उतने ही आवश्यक हैं इसीलिए हम हर स्कूल में खेल की सुविधाएं विकसित करने पर काम कर रहे हैं।

रियांश ने पास की एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा

अनंत ज्ञान, बंगाणा। बंगाणा उपमंडल के तहत राजकीय उच्च विद्यालय तनोह के छात्र रियांश शर्मा पुत्र विनोद कुमार ने नेशनल मिन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन किया है। रियांश शर्मा गांव बड़ैहर का स्थायी निवासी है। रियांश ने यह परीक्षा आठवीं कक्षा में दी थी, जिसमें उसका अच्छा प्रदर्शन रहा है। इस छात्रवृत्ति योजना के तहत रियांश को आगे के चार साल की पढ़ाई में हर माह 1000 रुपए मिलेंगे। रियांश के पिता मेहनत मजदूरी करते हैं और माता गृहिणी हैं। रियांश पढ़ने में काफी मेहनती है। रियांश ने आठवीं कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है।

हिमकैप्स नर्सिंग कॉलेज का बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष का परिणाम शानदार

अनंत ज्ञान, हरोली

अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत हिमकैप्स नर्सिंग कॉलेज की सभी छात्राओं ने अच्छे अंक लेकर बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की।

छात्रा खुशबू शर्मा तथा तनवी पटियाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। कल्पना, महक, नंदनी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं, रिधिमा ठाकुर ने क्लास में तीसरा स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया। इस खुशी के मौके पर चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर, प्रधानाचार्य ए कार्तिगाई ने छात्राओं को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

डॉ. सैम्युअल की जयंती पर होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की उपयोगिता पर जोर

होम्योपैथी एक वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली : डॉ. पुन्याल

राजेश ठाकुर, बंगाणा

विश्व होम्योपैथी दिवस हर साल 10 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. सैम्युअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। डॉ. हैनीमैन का जन्म 10 अप्रैल, 1755 को जर्मनी में हुआ था। वर्ष-1796 में उन्होंने होम्योपैथी की खोज की और इसे एक प्रभावशाली उपचार प्रणाली के रूप में विकसित किया। उनकी चिकित्सा पद्धति को विश्वभर में लोकप्रियता मिली।

डॉ. पुन्याल ने बताया कि होम्योपैथी एक वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली है, जो जैसा रोग, वैसा इलाज के सिद्धांत पर आधारित है। यह उपचार विधि शरीर की स्व-चिकित्सात्मक क्षमता को बढ़ाती है और रोग के मूल कारण पर कार्य करती है। होम्योपैथिक दवाएं प्राकृतिक स्रोतों जैसे पौधों, खनिजों और पशु उत्पादों से बनाई जाती हैं। यह चिकित्सा प्रणाली कोमल और बिना किसी दुष्प्रभाव के होती है। होम्योपैथी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह रोग को जड़ से खत्म करने का कार्य करती है। यह केवल लक्षणों को दबाने के बजाय रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती है। इसके अतिरिक्त, होम्योपैथिक दवाओं के कोई दुष्प्रभाव नहीं होते और ये सभी उम्र के लोगों के लिए सुरक्षित होती हैं। होम्योपैथी विशेष रूप से त्वचा रोगों, एलर्जी, पाचन संबंधी समस्याओं, माइग्रेन, मानसिक तनाव और सर्दी-जुकाम के इलाज में प्रभावी मानी जाती है। डॉ. सैम्युअल हैनीमैन ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की कठोरता और उनके हानिकारक प्रभावों को देखकर एक नई उपचार प्रणाली विकसित करने का निर्णय लिया। उन्होंने जैसा रोग, वैसा इलाज के सिद्धांत पर आधारित होम्योपैथी की शुरुआत की। इसका अर्थ है कि जो पदार्थ किसी स्वस्थ व्यक्ति में विशेष लक्षण उत्पन्न करता है, वही पदार्थ होम्योपैथिक रूप से रोगी में उन्हीं लक्षणों का इलाज कर सकता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य होम्योपैथी के प्रति जागरूकता फैलाना और इसकी वैज्ञानिक आधारशिला को मजबूत करना है। डॉ. सुमित पिछले 9 वर्षों से होम्योपैथी के क्षेत्र में कार्यरत हैं और प्रदेश के लोगों को होम्योपैथी का लाभ दे रहे हैं। उनके प्रयासों से प्रदेश में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता विभिन्न स्तरों, जैसे एनजीओ, संगठनों, शिक्षण संस्थानों, आईसीडीएस और पंचायत स्तर तक फैली है। डॉ. पुन्याल ने बताया कि यह एक प्राकृतिक और सौम्य चिकित्सा पद्धति है। निशुल्क परामर्श के लिए 9418888011 पर संपर्क करें। (अनंत ज्ञान)

डीसी साहब! हमारे सौहार्द को बिगाड़ने वाले के खिलाफ जल्द कार्रवाई अमल में लाई जाए

अनंत ज्ञान, बंगाणा

नाईली गांव के लोगों ने गांव के एक व्यक्ति के खिलाफ धार्मिक उन्माद फैलाने को लेकर डीसी से शिकायत की है। गांव के संत राम, रामलोक, चंचला ने आरोपी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

गांव वासियों ने कहा कि इस व्यक्ति ने हमारे पूर्वजों के उपासना स्थल टयाला पिपल पर सुभाष चंद व अपनी माता-पिता की मूर्तियां जबरदस्ती वहां पर स्थापित कर दी, जब गांव वासियों ने इसका विरोध किया, तो उसने कहा कि मैं यह मूर्तियां उठाकर अपनी जगह पर स्थापित कर लूंगा, लेकिन वह गांव वासियों को गाली-गलौज व देवी-देवताओं के नाम से डराता रहा फिर इसने गांव वासियों के बिना पूछे टयाला पिपल पर संत रविदास जी की मूर्ति रख दी और दूसरी तरफ अनुसचित जाति के लोगों को उकसाया कि उनकी मूर्ति गांव वालों ने खंडित कर दी। इसके उपरांत सभी गांववासी इसके कृत्य से आहत हुए और उन्होंने अनुसूचित जाति समाज के लोगों को बुलाकर बैठक की, जिसमें संत रविदास समाज के प्रधान रमेश बंगा, मोहिंद्र बंगा, बलवीर, जगत राम, सेवानिवृत्त राज्य मुख्य अभियंता मेला राम बड़ोच उपस्थित रहे। यहां बैठकर उन्होंने निश्चित किया कि मूर्ति की जिम्मेदारी राम प्रकाश की होगी। अगले दिन गांव वासियों ने पंचायत प्रधान को बुलाकर मौका दिखाया, तो उसी रात को राम प्रकाश ने एक वीडियो बनाया, जिसमें झूठे मनगढ़ंत आरोप लगाकर अनुसूचित जाति के लोगों को उकसाया, लेकिन गांव वासियों ने सौहार्द न बिगाड़ने के लिए कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। ऐसे में यह व्यक्ति गांव वासियों को बार-बार कह रहा है कि रविदास की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाकर दूसरे समाज को भड़काकर कानूनी कार्रवाई करवाएगा, जहां ट्याला पिपल है, वह जगह मुशत्रका है और खसरा नंबर 95, 96 पर कोर्ट में स्टे का आवेदन किया है। इस मौके पर पंचायत प्रधान विजय कुमार, वार्ड पंच दिव्या, सीएल शर्मा, कैप्टन चमन लाल शर्मा, किशोरी लाल, किरण कुमार आदि उपस्थित रहे। वहीं, डीसी जतिन लाल ने जल्द मामले का संज्ञान लेते हुए उपमंडल अधिकारी बंगाणा को निर्देश दिए कि मामले की गंभीरता को समझते हुए कार्रवाई करे।

चिंतपूर्णी में भक्तों की लगी कतारें

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

चिंतपूर्णी में वीरवार को माता के दरबार में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं को लंबे समय तक लाइनों में खड़े रहकर इंतजार करना पड़ा।

हालांकि, मेले के दौरान इतनी ज्यादा भीड़ नहीं थी मेला समाप्त होते ही श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की जा रही है। मेले में मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को धूप से बचाने के लिए पुराना बस अड्डा के आसपास टेंट लगाए गए थे, लेकिन मेले के बाद टैंट हटाए जाने के बाद अब श्रद्धालुओं को कड़कती धूप में पसीना बहाना पड़ रहा है। कई महिलाएं अपने बच्चों को गोद में लेकर, तो कई बुजुर्ग लाइनों में घंटों दर्शनों के इंतजार में खड़े रहे। चिंतपूर्णी में जिस प्रकार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। उसके अनुरूप यहां पर जगह की कमी महसूस की जा रही है। चिंतपूर्णी में विस्तारीकरण का कार्य शुरू होने में कुछ ही समय शेष रहा है। जिला प्रशासन का दावा है कि जल्द चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर का विस्तारीकरण किया जाएगा।

कार्रवाई आबकारी विभाग के नाक तले शराब लॉबी की मनमानी

एमएसपी से कम दाम पर बिक रही शराब

अनंत ज्ञान, गगरेट

आबकारी विभाग के नाक तले जिले के शराब ठेकों पर शराब लॉबी की ऐसी मनमानी शुरू हुई है कि अगर जल्द इस पर लगाम न लगी, तो इसका खामियाजा विभाग को तो उठाना पड़ेगा, बल्कि इसका असर प्रदेश के खजाने पर भी देखने को मिल सकता है।

जिले के एक सीमावर्ती ठेके पर एमएसपी से कम दाम पर की जा रही शराब की बिक्री के मामले में शराब लॉबी द्वारा विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने का सबब यह हुआ कि अब कई अन्य शराब के ठेकों पर भी खुलेआम एमएसपी से कम दाम पर शराब की बिक्री शुरू हो गई है, जिसका सीधा असर शराब के अन्य ठेकों की बिक्री पर दिखना शुरू हो गया है। ऐसे में हो सकता है कि इस बार शराब के कई ठेकेदार समय पर विभाग की फीस जमा करवाने से हाथ खड़ा कर दें। जिले में सरेआम आबकारी नीति की धज्जियां उड़ रही हैं, लेकिन इस पर विभाग की रहस्यमय चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। जिले के कई ठेकेदार पहले ही एमएसपी से कम दाम पर हो रही शराब की बिक्री को लेकर आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिलकर अपनी शिकायत रख चुके हैं।

हालांकि, इस पर कार्रवाई न होने का नतीजा यह निकला कि कई अन्य ठेकेदारों ने भी एमएसपी से कम दाम पर शराब बिक्री शुरू कर दी है। इसके लिए बकायदा सरेआम रेटलिस्ट तक ठेके के बाहर लगा दी गई है, अब सवाल यह है कि इतनी सस्ती शराब ठेकों पर कैसे बेची जा रही है। या तो अन्य शराब के ठेके अपने ग्राहकों को मंहगी शराब बेचकर लूट रहे हैं या फिर उन ठेकों पर कोई गौरखधंधा चल रहा है, जहां एमएसपी से भी कम दाम पर शराब बेची जा रही है। जाहिर है कि शराब के ठेकों पर शराब बेचने के लिए कोटा तय है, जिसकी फीस अदा कर ही इन ठेकों पर शराब बेची जा सकती है। अब जब कम कीमत पर शराब बेची जाएगी, तो बिक्री बढ़ेगी अगर बिक्री बढ़ रही, तो डिमांड के अनुरूप शराब कहां से आ रही है यह भी बड़ा सवाल है। हालात पर अभी काबू न पाया गया, तो जिला ऊना से शराब की बिक्री कर राजस्व एकत्रित करने का जो लक्ष्य आबकारी विभाग ने रखा है, कहीं वह लक्ष्य हासिल करने से विभाग पिछड़ न जाए। जाहिर है कि जब तय कोटे अनुरूप बिक्री नहीं होगी, तो शराब ठेकेदार एक्साइज फीस जमा करवाने में असमर्थ होंगे। इसका सीधा असर राजस्व जुटाने के लक्ष्य पर होगा। उधर, आबकारी विभाग के उपायुक्त टीकम सिंह का कहना है कि उनके ध्यान में मामला आया है। वह इसकी जांच करवाएंगे।

गुरु के मार्गदर्शन के बिना प्रभु का आशीर्वाद असंभव : बाबा बाल

अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर

ठाकुरद्वारा मंदिर मुबारिकपुर में वीरवार को एक धार्मिक सम्मेलन के आयोजन पर राष्ट्रीय संत बाबा बाल ने शिरकत कर भक्तों को निहाल किया।

उन्होंने इस मौके पर गुरु और शिष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु के मार्गदर्शन के बिना प्रभु का आशीर्वाद असंभव है। गुरु हमें मंजिल तक पहुंचने का रास्ता दिखाता है, जो भक्त गुरु के बतलाए हुए मार्ग पर चलते हैं, उन्हें प्रभु की कृपा से जीवन में किसी तरह की कोई कठिनाई नहीं आती। उन्होंने कहा कि ब्रह्म मूर्त में किए गए भजन व अन्य कार्य शारीरिक कष्ट से निजात देते हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने भी बाबा बाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने इस मौके पर मंदिर के सत्संग भवन की कमी को देखते हुए कमेटी को एक लाख रुपए का चेक भेंट किया। उधर, कमेटी के प्रधान नेत्र सिंह ने उक्त राशि के लिए पूर्व विधायक का आभार प्रकट किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने बाबा बाल का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

न्यूज ब्रीफ

डॉ. अंबेडकर जयंती पर होंगी प्रतियोगिताएं: तुले राम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। स्मृति युवा मंडल शिरड डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाएगा। स्मृति युवा मंडल शिरड के प्रधान तुले राम ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती धूमधाम से शिरड में मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा तथा नन्हें-मुन्ने बच्चों की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी इस दौरान किया जाएगा। इसमें मुख्यत: घड़ा फोड़ना, कुर्सी रेस,लंगडी रेस, रस्साकशी इत्यादि खेलों का आयोजन किया जाएगा। तुले राम ने बताया कि स्मृति युवा मंडल के द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा । उन्होंने बताया कि 1996 में जब मंडल पंजीकृत हुआ था, तब से लेकर आज तक हर वर्ष बाबा साहब अंबेडकर की जयंती का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पेनू राम ठेकेदार गलछेत से आएंगे और कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे, जिन्होंने गत वर्ष भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया था।

कटराईं बिहाली में हो रहे अवैध खनन पर की चर्चा

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। कटराईं ग्राम कमेटी की बैठक वीरवार को होटल शुभम में आयोजित हुई । बैठक में मुख्य रूप से कटराईं बिहाली में अवैध रूप से हो रहे खनन बारे चर्चा की गई तथा अवैध खनन को एक ज्वलंत, चिंतनीय व संवेदनशील मामला तथा गंभीर चुनौती बताया। कमेटी के सदस्यों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि वन विभाग और माइनिंग विभाग को इस दिशा में उचित कदम उठाने के निर्देश दिए जाएं। कमेटी द्वारा पुलिस अधीक्षक से भी इस बारे में उचित कार्रवाई करने का आग्रह करते हुए कहा कि चरस माफिया की तरह ही खनन माफिया भी समाज तथा विकास के लिए घातक है। इसके तहत कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के चलते देश की बहुमूल्य संपत्ति का विनाश कर रहे हैं। कमेटी ने चिंता जताते हुए कहा कि अवैध खनन के कारण बाढ़ से होने वाले नुकसान का खतरा बढ़ गया है।

डीसी ने झरनों के विकास का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने गुरुवार को क्लाथ में प्राकृतिक गर्म पानी के झरनों के विकास का स्थल निरीक्षण किया।मनाली विंटर कार्निवल के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा 'प्राकृतिक गर्म पानी के झरनों के विकास - कलाथ' के संबंध में की गई घोषणा के बाद, उपायुक्त कुल्लू तोरुल रवीश ने कलाथ में प्राकृतिक गर्म पानी के झरनों के विकास का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य परियोजना की प्रगति का आकलन करना और प्रस्तावित समय सीमा और गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करना था। इस दौरान उपायुक्त ने डीटीडीओ सुनैना, एसीएफ कुल्लू, ग्राम पंचायत सदस्यों और अन्य स्थानीय हितधारकों के साथ भी परियोजना के बेहतर क्रियान्वयन के सम्बन्ध में सुझाव पर भी चर्चा की ।

बीसीसीआई के संविधान की अवहेलना कर रही एचपीसीए : गौतम ठाकुर

अनंत ज्ञान, मनाली। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव गौतम ठाकुर ने वर्तमान एचपीसीए के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एचपीसीए सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित बीसीसीआई के संविधान का उल्लंघन कर रही है। उन्होंने कहा कि एचपीसीए के वर्तमान अध्यक्ष रविंद्र पाल सिंह का कार्यकाल 5 फरवरी 2025 को समाप्त हो चुका है, क्योंकि वह अपनी 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं और बीसीसीआई के संविधान के मुताबिक कोई भी व्यक्ति 70 वर्ष की आयु से अधिक होंने पर पदाधिकारी नहीं रह सकता । इसलिए रविंदर पाल सिंह का कार्यकाल 5 फरवरी को ही समाप्त हो चुका है। संविधान में यह भी निर्देश दिया गया है कि यदि कोई एपेक्स कौंसिल का पद रिक्त होता है तो 45 दिन के भीतर उस पद का चुनाव करवाया जाना आवश्यक है, नहीं तो यह माननीय सर्वोच्च न्यायलय के आदेशों की अव्हेलना माना जाएगा, परंतु वर्तमान एचपीसीए खुद को संविधान से ऊपर समझती है और कानून को ठेंगा दिखाती है। बीसीसीआई में भी सचिव जय शाह के आईसीसी के अध्यक्ष चुने जाने के बाद 45 दिन के भीतर बीसीसीआई के सचिव का चुनाव हो गया था । यही नहीं 2019 में भी जब अरुण धूमल एचपीसीए के अध्यक्ष बनने के बाद एक सप्ताह के बाद बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष बन गए थे, तब भी 3 वर्षों तक आरपी सिंह बतौर कार्यकारी अध्यक्ष काम करते रहे और 3 वर्ष तक अध्यक्ष का चुनाव नहीं करवाया, जबकि 45 दिन के भीतर उस पद को भरा जाना अति आवश्यक था, परंतु यह पूरी तरह से कोर्ट के आदेशों की अनदेखी है।

अवैध खनन को लेकर लामबंद हुए ग्रामीण

कटराईं बिहाल में ब्यास नदी पर अवैध खनन को लेकर कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष, की बैठक

मोहन कपूर, पतलीकूहल

कुल्लू-मनाली हाईवे पर स्थित कटराईं के पास ब्यास नदी में लगातार अवैध खनन हो रहा है। प्रशासन, वन, पुलिस व खनन विभाग इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं दिख रहे, जिससे खनन माफिया के हौसले बढ़ते ही जा रहे हैं, लेकिन अब अवैध खनन को लेकर स्थानीय ग्रामीण लामबंद होने लगे हैं।

सनद रहे कि कटराईं बिहाल में लगातार ब्यास नदी में भारी खनन के कारण नदी किनारे रहने वाले लोगों को भी खतरा है, वहीं उपजाऊ भूमि को भी खतरा पैदा हो गया है। ब्यास नदी के दोनों तटों पर लंबे समय से अवैध खनन करके खनन माफिया मालामाल हो रहा है, लेकिन खनन विभाग के साथ-साथ वन व पुलिस के आला अधिकारी भी इस तरफ से पूरी तरह लापरवाह बने हुए हैं और कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। हालांकि स्थानीय लोगों ने कई बार अवैध खनन के मसले को लेकर खनन विभाग को शिकायतें की हैं, लेकिन खनन महकमा पूरी तरह से कुंभकर्णी में निद्रा में है, जिसकी वजह से खनन माफिया मालामाल हो रहा है।

सरकारी खजाने को भी बड़े पैमाने पर चूना लगाया जा रहा है। वीरवार को स्थानीय ग्रामीणों ने इकट्ठे होकर अवैध खनन रोकने के लिए कटराईं ग्राम कमेटी के अध्यक्ष ऋतुराज उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया, लगातार हो रहे अवैध खनन पर सभी ने गंभीर चिंता जताई।

लोगों का कहना है कि अवैध खनन से कटराईं बिहाल के आसपास रहने वाले लोगों को बरसात के दौरान अक्सर खतरा बना रहता है और भारी नुकसान झेलना पड़ता है। बैठक में मौजूद तमाम लोगों ने खनन महकमे के अधिकारियों के साथ-साथ जिला प्रशासन से भी आग्रह किया है कि कटराईं बिहाल के पास लगातार बेरोकटोक जारी अवैध खनन को तुरंत रोका जाए और खननकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। हैरत तो इस बात की है कि एनजीटी द्वारा ब्यास नदी में खनन को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद भी खनन विभाग अवैध खनन को रोकने को लेकर कतई गंभीर नहीं है। वहीं, स्थानीय लोगों ने विभाग को चेताया है कि अगर जल्द खननकारियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो विभाग के खिलाफ आंदोलन का रुख अपनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

तीसरे दिन भी चोटियों पर बर्फबारी, निचले क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि, फसलों को हुआ नुकसान

अनंत ज्ञान टीम कुल्लू/केलांग। जिला कुल्लू व जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर वीरवार को तीसरे भी हल्की बर्फबारी हुई है। वहीं, कुल्लू जिले के निचले कई क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की चोटियों में ताजा बर्फबारी हुई है जबकि जिला मुख्यालय केलांग सहित पूरी घाटी में बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया है। इसके अलावा कुल्लू जिले की उझी घाटी के साथ पार्वती और सैंज घाटी में भी जमकर बारिश हुई और ओलावृष्टि भी हुई है। इससे फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं, कुल्लू जिला के रोहतांग सहित अन्य ऊंची चोटियों पर बर्फ के फाहे गिरे हैं जबकि निचले क्षेत्रों में दिनभर आसमान पर बादल छाए रहे और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

उधर, रायसन से सटे मंझलीहर के खरगी सरगाणी गांव में ओलावृष्टि हुई है। इस ओलावृष्टि से सेब, पलम और अन्य मौसमी फलों की फलावरिंग—को भारी नुकसान हुआ। कुल्लू फ्रूट ग्रोवर एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय ने बताया कि इस समय फलों की फलावरिंग अपने चरम पर होती है और ऐसे में ओलावृष्टि होना फसल के उत्पादन को हानिकारक है। लिहाजा प्रभावितों को राहत देने को सरकार से इन इलाकों के सर्वे की मांग की है। बागवानी विभाग के उपनिदेशक ने का कि ओलावृष्टि के दौरान फलावरिंग को नुकसान पहुंचना फसल की दृष्टि से अत्यंत हानिकारक होता है। विधायक भुवनेश्वर गौड़ और प्रशासन के आदेश पर प्रभावित क्षेत्र में नुकसान के आकलन के लिए टीम भेज दी है और रिपोर्ट जल्द तैयार की जाएगी।

मोहर सिंह को मिली कुल्लू टैक्सी ऑपरेटर यूनियन की कमान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

सदस्यों का जताया आभार कहा-सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगे ऑपरेट्र्स की मांगें

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर में वीरवार को कुल्लू टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के द्विवार्षिक चुनाव आयोजित हुए। इस चुनावी प्रक्रिया में मोहर सिंह को कुल्लू टैक्सी ऑपरेटर यूनियन का प्रधान चुना गया। इस दौरान 164 ऑपरेटरो ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया।

चुनावी प्रक्रिया के दौरान उपप्रधान के लिए कुंदन लाल, कोषाध्यक्ष दलीप सिंह और महासचिव के लिए राजेश कुमार को चुना गया। चुनाव प्रक्रिया में शामिल चुनाव अधिकारी ताराचंद नेगी ने बताया कि यह चुनाव हर बार 2 साल के बाद आयोजित करवाए जाते हैं और शांतिपूर्ण तरीके से इस चुनावी प्रक्रिया को पूरा किया गया। ऑपरेटर यूनियन की पूरी कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है और अब नई कार्यकारिणी के द्वारा ही आगामी कार्य देखे जाएंगे। नवनियुक्त प्रधान मोहर सिंह ने भी सभी ऑपरेटर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टैक्सी ऑपरेटर के जो भी प्रमुख मुद्दे हैं। उन्हें अब सरकार के समक्ष रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम को लेकर भी टैक्सी ऑपरेटर को कई समस्याएं आती हैं। इसके अलावा टैक्सियों का परमिट भी 15 साल किया जाना चाहिए, ऐसे में अब जल्दी सभी ऑपरेटर के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी और जो भी मुद्दे सरकार के समक्ष रखे जाने हैं, उन पर भी गंभीरता से विचार किया जाएगा।

रूट चार्ट के अनुसार ही निगम के गोदामों से उठाएं कोटा : शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कुल्लू अरविंद शर्मा ने कहा कि जिले के कुछेक उचित मूल्य दुकानधारक सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जारी आवश्यक वस्तुओं का मासिक कोटा विभाग द्वारा निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के थोक गोदामों से नहीं उठा रहे हैं। इससे अंतोदया व बीपीएल जैसे निर्धन राशनकार्ड उपभोक्ताओं को राशन प्राप्ति में विलंब हो रहा है।

जिला नियंत्रक द्वारा जिले के समस्त उचित मूल्य दुकानधारकों को निर्देश दिए गए कि वे आवश्यक वस्तुओं का मासिक कोटा निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के थोक गोदामों से उठाना सुनिश्चित करें, अन्यथा राशन उठाने में विलंब व लापरवाही बरतने के लिए विभाग ऐसे विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करेगा।

कुल्लू अस्तपाल में मिल रही 'बेरा' टेस्ट की सुविधा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अब श्रवण संबंधी समस्या वाले मरीजों को नहीं जाना पड़ रहा शिमला व टांडा

कुल्लू जिला अस्पताल में अब मरीजों को बेरा टेस्ट (ब्रेनस्टेम इवोक्ड रिस्पांस ऑडियोमेट्री) की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे बच्चों में श्रवण दोष की जल्द पहचान और इलाज में मदद मिलेगी और लोगों को अब श्रवण जांच के लिए शिमला या टांडा भी नहीं जाना पड़ेगा।

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में बेरा टेस्ट की सुविधा उपलब्ध होने से कान के सुनने की क्षमता को मापने वाली डायग्नोस्टिक बेरा मशीन की सुविधा अब कुल्लू अस्पताल में ही उपलब्ध होगी। इस मशीन से मरीजों के कान के सुनने की क्षमता का परीक्षण किया जाएगा। पहले इस टेस्ट के लिए मरीजों को आईजीएमसी शिमला या टांडा जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा कुल्लू अस्पताल में ही लोगों को मुहैया करवाई जा रही है। बेरा मशीन का कुल्लू, लाहौल-स्पीति के श्रवण बाधितों को फायदा मिलेगा। सीएमओ कुल्लू डॉ. नागराज पवार ने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में अब अत्याधुनिक बेरा टेस्ट की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इस सुविधा के शुरू होने से अब श्रवण संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को जांच के लिए शिमला स्थित आईजीएमसी या टांडा अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा।

डॉ. पवार ने बताया कि पहले ऐसे मरीजों को बाहरी संस्थानों में भेजा जाता था, जिससे उन्हें यात्रा की कठिनाइयों, समय की बर्बादी और आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ता था। अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से मरीजों को बड़ा राहत मिली है। पूर्व में अस्पताल में केवल पीटीए टेस्ट ही उपलब्ध था, जो श्रवण क्षमता की सटीक जांच के लिए पर्याप्त नहीं था।

बेरा मशीन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। उन्होंने बताया कि पूर्व में दिव्यांगता शिविरों के दौरान कई मरीजों को श्रवण जांच के लिए अन्य संस्थानों में भेजना पड़ता था, जिससे उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब यह सुविधा कुल्लू में ही उपलब्ध है, जिससे उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं रही।

अब तक 139 मरीजों की जांच

सीएमओ ने बताया कि अक्तूबर 2024 से अब तक लगभग 130 मरीजों की बेरा जांच की जा चुकी है, जिनमें बच्चे और बुजुर्ग दोनों शामिल हैं। यह सुविधा विशेष रूप से बच्चों में श्रवण दोष की शीघ्र पहचान और उपचार में सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि जिन लोगों को सुनने में किसी प्रकार की समस्या हो, वे क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आकर इस सुविधा का लाभ अवश्य लें।

अक्तूबर में स्थापित की गई थी मशीन

यह मशीन अक्तूबर 2024 में सरकार एवं स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के सहयोग से स्थापित की गई। इसे साम्फिया एवं क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के संयुक्त तत्वावधान में संचालित जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र में लगाया गया है।

अनिल ने जिला लोक संपर्क अधिकारी का संभाला पद्भार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। अनिल धीमान ने वीरवार को जिला लोक संपर्क अधिकारी कल्लू के रूप में जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय कुल्लू में पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व अनिल धीमान सहायक लोक संपर्क अधिकारी पालमपुर में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

2011 बैच के सहायक लोक संपर्क अधिकारी के रूप में इन्होंने हमीरपुर, उना में भी अपनी सेवाएं दी हैं। सनद रहे कि पूर्व में रहे जिला लोक संपर्क अधिकारी नरेंद्र शर्मा की सेवानिवृत्ति के बाद से यह पद काफी समय से रिक्त चल रहा था। लिहाजा, अब कई महीनों के इंतज़ार के बाद कुल्लू को अनिल धीमान के रूप में जिला लोक संपर्क अधिकारी मिले हैं।

सभी खंडों में बनाए जाएंगे रेडक्रॉस भवन :चंद्रकेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू जिला रेडक्रॉस सोसायटी के नवनियुक्त समन्वयक चंद्रकेश शर्मा ने संभाला पदभार

जिला कुल्लू रेडक्रॉस सोसायटी के नवनियुक्त समन्वयक चंद्रकेश शर्मा ने कहा कि जिलेभर में रेडक्रॉस भवन बनाए जाएंगे और नए सदस्य भी उपमंडल स्तर पर जोड़े जाएंगे। उन्होंने वीरवार को कुल्लू में पदभार संभाला और डीसी कुल्लू एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी की चैयरमैन तोरुल एस रवीश से भी मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिला कुल्लू के हर खंड में रेडक्रॉस सोसायटी के भवनों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी को जिला कुल्लू के शहर से गांव तक ले जाया जाएगा और हर क्षेत्र में रेडक्रॉस के शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा हर खंडों में रेडक्रॉस के भवनों के निर्माण से यहां की जनता को घर-द्वार पर रेडक्रॉस की सुविधा प्रदान होगी और उन्हें जिला मुख्यालय आने से भी छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी में फंड को बढ़ाने के लिए गांव-गांव के सदस्य बनाए जाएंगे और गांव-गांव तक जनता को रेडक्रॉस की ओर से सहायता की जाएगी।

उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए चंद्रकेश शर्मा ने इस नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक कुलदीप राठौर, कुल्लू के विधायक सुदंर सिंह ठाकुर, मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ और मिल्क फेडरेशन अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे।

सनद रहे कि आनी के चंद्रकेश शर्मा को जिला कुल्लू रेडक्रॉस सोसायटी का समन्वयक नियुक्त किया है। चंद्रकेश शर्मा इससे पूर्व आनी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष रहे चुके हैं। इसके अलावा एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस के महासचिव पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

मणिकर्ण के कटागला में गोशाला में घुसा भालू, लोगों में दहशत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

सीसीटीवी में कैद हुआ भालू ग्रामीणों ने भालू को पकड़ने की रखी मांग

कुल्लू जिला की मणिकर्ण घाटी के कटागला गांव में बीती रात के समय एक भालू गांव में घुस गया। उसके बाद भालू ने एक गोशाला में रखे शहद के 4 डिब्बों को तहस-नहस कर दिया। गनीमत यह रही कि हमले में कोई भी जानी नुकसान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग रखी है कि भालू को जल्द पिंजरे में कैद किया जाए और उसे दूर जंगल में छोड़ दिया जाए।

जानकारी के अनुसार बीती रात के समय कटागला गांव के रहने वाले टेकचंद की गोशाला में एक भालू घुस गया। भालू ने गोशाला के दरवाजे को तोड़ा और अंदर शहद के डिब्बों को भी तहस नहस कर दिया। हालांकि इस दौरान गोशाला में बंधे हुए जानवर पर भालू के द्वारा हमला नहीं किया। ग्रामीण टेकचंद को ने जब सुबह गोशाला को देखा तो उसे लगा कि शायद रात को चोर आए होंगे। ऐसे में जब उन्होंने अपने घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को चेक किया तो वह हैरान रह गए।

सीसीटीवी फुटेज में भालू घर के आसपास भी घूमता हुआ पाया गया। टेक चंद ने इस बारे स्थानीय पंचायत और वन विभाग को भी सूचित किया है। वहीं ग्रामीण टेकचंद ने वन विभाग से मांग रखी है कि भालू का गांव में आना खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसे में उसे जल्द पिंजरे में कैद किया जाए और सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाए। ताकि ग्रामीणों को भालू के आतंक से मुक्ति मिल सके।

लोगों को बताएं सरकार की नाकामियां : बिहारी लाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

देवसदन में कुल्लू विस के तीन भाजपा मंडल का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन आयोजित

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित देवसदन में कुल्लू विधानसभा के तीन भाजपा मंडल का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में प्रदेश भाजपा के महामंत्री बिहारी लाल शर्मा बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उन्होंने भाजपा सक्रिय सदस्यों को भाजपा के कार्यक्रमों के बारे में बताया और साथ ही सभी सक्रिय सदस्यों को पार्टी की मजबूती के लिए एकजुटता का भी पाठ पढ़ाया।

उन्होंने कहा कि कुल्लू में कार्यकर्ताओं ने 25 हजार प्राथमिक सदस्य और 400 सक्रिय सदस्य जोड़े हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाना और बूथ स्तर पर सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में लोगों को जागरूक करने को लेकर इस सम्मेलन में सभी सक्रिय सदस्यों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी देशों की सबसे बड़ी पार्टी के सदस्य हैं। उन्होंने भाजपा के उद्देश्य के बारे में भी अवगत करवाया और कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार 11 साल से चल रही है।

बिहारी लाल शर्मा ने कहा की जनसंघ की स्थापना और 1980 में भारतीय जानता पार्टी के गठन के बाद भाजपा परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ साठ सालों तक राष्ट्रीय सतर पर हो या राज्य सतर पर हर जगह सिमटती जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास है । इस मौके पर कुल्लू जिला अध्यक्ष अमित सूद सहित अन्य कुल्लू के तीनों मंडल के सभी सक्रिय सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि चुनावों के दौरान कांग्रेस ने जो गारंटियां और वादे जनता के साथ किये थे, उन्हें सत्ता में आते ही सरकार भूल गई है।

प्रदेश में सदस्यता अभियान खत्म

पार्टी का सदस्यता अभियान खत्म हो गया है। प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं ने पुराने और नए सदस्य जोड़े है और इन सदस्यों का यह आंकड़ा 18 लाख है। छह साल के बाद पुराने सभी सदस्यों की सदस्यता खत्म हो जाती है। वहीं, देशभर में सदस्यों का आंकड़ा 14 करोड़ के पार हो गया है। वहीं, सक्रिय सदस्यता हिमाचल प्रदेश की 28 हजार है।

केंद्र सरकार आज तानाशाह के रूप में कर रही काम : तेजेंद्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला युकां ने ढालपुर में महंगाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

केंद्र सरकार के द्वारा हाल ही में पेट्रोल, डीजल की कीमतों में वृद्धि की गई है। इसके अलावा रसोई गैस के दाम में भी बढ़ोतरी की गई है, ऐसे में देशभर में करोड़ों गरीब लोगों पर इसका बुरा असर पड़ेगा। इसी मुद्दे को लेकर कुल्लू जिले के मुख्यालय ढालपुर में जिला कुल्लू युवा कांग्रेस के द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया।

वहीं, ढालपुर में एक रोष रैली में निकाली गई। इस दौरान युवा कांग्रेस के पदाधिकारी ने डीसी कुल्लू के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा और पेट्रोलियम पदार्थों पर महंगाई कम करने की मांग रखी। जिला कुल्लू युवा कांग्रेस के द्वारा प्रभारी तेजेंद्र ठाकुर ने बताया कि केंद्र सरकार आज तानाशाह के रूप में काम कर रही है।

जब भी कोई केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाता है तो उस पर झूठे मामले दर्ज किए जाते हैं, ऐसे में केंद्र सरकार की इस मनमानी को बिलकुल भी चलने नहीं दिया जाएगा और देश में बढ़ रही महंगाई को लेकर युवा कांग्रेस के द्वारा धरने-प्रदर्शन किए जाएंगे।

तैयारी एसडीएम आनी की अध्यक्षता में आयोजित की बैठक, विभिन्न निर्देश जारी

7 मई से आयोजित होगा जिला स्तरीय आनी मेला

अनंत ज्ञान, आनी

आनी के एसडीएम रमेश वर्मा आनी मेले को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए।

जिला स्तरीय आनी मेला 7 से 10 मई तक मनाया जाएगा। आनी के एसडीएम नरेश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित मेला कमेटी की पहली बैठक में इसका निर्णय लिया गया। इस मौके पर उन्होंने मेला कमेटी को अनावश्यक खर्च न करने की अपील करते हुए कहा कि कमेटी आय पर ध्यान केंद्रित कर व्यय को लेकर योजनाबद्ध तरीके से मेले को सफल बनाने में योगदान दें।

उन्होंने मेला कमेटी को मेला आयोजित करने को लेकर विभिन्न दिशा-निर्देश भी जारी किए। उन्होंने कहा कि मेला कमेटी आय और व्यय में पारदर्शिता सुनिश्चित करें ताकि मेले का सफल आयोजन हो सके। इस दौरान बीते साल आयोजित मेले का विभिन्न लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में यह तथ्य पेश किया गया कि बीते साल मेले के आयोजन से करीब 87 हजार रुपए घाटा हुआ है। मेले में विभिन्न विभागों की योजनाओं के प्रदर्शनी आयोजित करने बारे चर्चा की गई।

इसके अलावा मेले में मुख्यातिथि सहित अन्य विशिष्ठ अतिथि को निमंत्रण प्रदान करने को लेकर विमर्श किया गया। रसीद बुक छपवाने, बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करवाने, मेला स्थल पर सौंदर्यकरण, प्लाट आबंटन, कानून व्यवस्था का उचित प्रबंधन करने, रात्रि कार्यक्रम आयोजित करने, ठहरने का प्रबंधन करने पर विस्तार से चर्चा की गई है।

सीसीटीवी स्थापित करने, देवताओं को निमंत्रण प्रदान करने, साफ-सफाई और टायलेट्स की उचित व्यवस्था करने, मेले में खाद्य पदार्थों का निरिक्षण करने-दाम नियंत्रित करने, अतिरिक्त परिवहन व्यवस्था पर भी बल दिया गया।

इस दौरान स्थानीय जन प्रतिनिधियों से अपील की गई कि यदि मेले में आगमन और प्रस्थान के लिए लोगों को उनके क्षेत्र से अतिरिक्त परिवहन व्यवस्था की दरकार रहेगी तो परिवहन निगम को इस संबंध में अग्रिम सूचना प्रदान की जाए। एसडीएम ने इस दौरान मेले में उचित जलापूर्ति और पार्किंग स्थल चिन्हित करने की बात भी कही। बैठक में तहसीलदार भीम सिंह नेगी, बीडीओ आनी राजेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, मेला कमेटी के विभिन्न सदस्य और स्थानीय जन प्रतिनिधि शामिल रहे।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बढ़-चढ़कर भाग लेने का किया आह्वान

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

भारत स्काउट एवं गाइड की जिला कार्यकारिणी की बैठक का हुआ आयोजन

भारत स्काउट एवं गाइड की जिला कार्यकारिणी की बैठक उपनिदेशक उच्च शिक्षा देशराज डोगरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष में होने वाली स्काउट एवं गाइड की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सर्वप्रथम बताया गया कि प्रधानाचार्यों एवं मुख्याध्यापकों के लिए एकदिवसीय शिविर 5 मई को आयोजित किया जाएगा, साथ ही साथ बच्चों के लिए तृतीय सोफन कोर्स, अध्यापकों के लिए बेसिक कोर्स तथा जिन अध्यापकों ने प्रशिक्षण लिया है, उन के लिए तीन दिवसीय अभिसंस्करण शिविर आयोजित किया जाएगा।

उपनिदेशक ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी उपस्थित सदस्यों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में विशेष रूप से राज्य आयुक्त स्काउट ललित मोहन शर्मा, राज्य संगठन आयुक्त पंकज गुप्ता, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त मनोहर लाल ठाकुर, प्रधानाचार्य कमला भावना तनवर, सुनिता ठाकुर, हंसराज आचार्या, भावना सामर, तिलक राज, सतपाल तथा एडल्ट रिसोर्स अयुक्त गाइड चंद्रकांता परमार, जिला महासचिव किशन लाल राणा, डीओसी रीना परमार तथा नारायण शर्मा डीटीसी शांति देवी व देव चंद एडीओसी हरिचंद तथा अंशुमाला एडीटीसी विजय कुमार ग्रोथ को-ऑर्डिनेटर रूम सिंह इत्यादि सदस्यों ने भाग लिया और अपने अमुल्य सुझाव दिए।

कंडाघाट क्षेत्र में आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

अनंत ज्ञान, सोलन। हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल को कंडाघाट के कुछ क्षेत्रों में आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक कंडाघाट उपमंडल के वाकनाघाट, जेपी विश्वविद्यालय क्यारीघाट, कैथलीघाट, शालाघाट, बीशा, बाशा, शिचरा, डुमैहर, छावशा, बणी, क्वारग, आंजी, सुधारग, गौराश, गरू, कोठी, मंडप, पावघाट, आंजी सुनेरा, कदौर, कून और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि 11 को प्रातः 9 से दिन में 12.00 बजे तक क्लब महिन्द्रा रिजोर्ट्स, डुमैहर, छावशा, बणी, सुधारग, गौराश, गरू, कोठी, मंडप, पावघाट, आंजी सुनेरा, कदौर, कून और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम अथवा अन्य कारणों से उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए सहयोग मांगा है।

बनेठी में देवता शिरगुल बैसाखी मेला कल से

अनंत ज्ञान, नाहन। बनेठी पंचायत में देवता शिरगुल बैखासी मेला 12 और 13 अप्रैल को मनाया जाएगा। मेले का शुभारंभ समाजसेवी और पूर्व रोड सेफ्टी अध्यक्ष अमरजीत परमार और समापन नाहन के विधायक अजय सोलंकी करेंगे। समाजसेवी एवं कारोबारी विनोज शर्मा कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान खेलकूद प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मेला कमेटी अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने बताया कि सुबह 8 बजे शिरगुल मंदिर में गायत्री जाप होगा। 10 से शाम 6 बजे तक 16 वर्ष से कम आयु वर्ग और ओपन वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता के मुकाबले होंगे। 13 अप्रैल को सुबह 7 बजे शिरगुल मंदिर में गायत्री जाप होगा। सुबह 10 से दोपहर 11:30 बजे तक बच्चों की 100 और 200 मीटर दौड़, लड़कियों की तीन टांग वाली दौड़, टॉफी दौड़, एक किलोमीटर की ओपन दौड़ और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बताया कि 11:30 बजे से 3 बजे तक भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान एक दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें लोक कलाकार लोगों का मनोरंजन करेंगे। शाम 4:30 बजे मुख्यातिथि कबड्डी और अन्य खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करेंगे

शूलिनी लॉ के छात्रों ने देखी सर्वोच्च न्यायालय की कार्यवाही

अनंत ज्ञान, सोलन। शैक्षणिक पहल के तहत शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन के एलएलबी और बीएएलएलबी के छात्रों ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय का दौरा किया, जहां उन्होंने लाइव अदालती कार्यवाही देखी। छात्रों को प्रसिद्ध कानूनी दिग्गजों के साथ बातचीत करने का भी सौभाग्य मिला, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए और कानूनी पेशे पर व्यावहारिक दृष्टिकोण पेश किए। समृद्ध अनुभव को जोड़ते हुए, छात्रों के लिए दिल्ली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसके अलावा, संकाय सदस्यों को कानूनी शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जो कानूनी बिरादरी में शूलिनी विश्वविद्यालय के उच्च सम्मान को दर्शाता है। विधि विज्ञान संकाय के डीन प्रो. नंदन शर्मा, जिनके मार्गदर्शन और सलाह ने छात्रों के लिए एक सहज और प्रभावशाली अनुभव सुनिश्चित किया। इस यात्रा का समन्वय स्कूल ऑफ लीगल साइंसेज के संकाय सदस्यों डॉ मोनिका ठाकुर और विनीत कुमार द्वारा किया गया, जिनके अथक प्रयासों ने शैक्षणिक दौरे को सार्थक और यादगार बना दिया।

पशुपालन से संबंधित योजनाओं पर डाला प्रकाश

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। दसेरन पंचायत के भुर्जनी गांव में कामधेनु हितकारी मंच की ओर से नाबार्ड द्वारा प्रायोजित एकदिवसीय पशु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. स्वर्ण सेन ने की। शिविर में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. देवराज शर्मा और पशु चिकित्सा अधिकारी धुंदन डॉ. वरुण पूरी ने पशुपालन से संबंधित जानकारी दी और विभिन्न विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. देवराज शर्मा ने पशुपालकों को पशुओं के रखरखाव, देखभाल और स्वच्छ दुग्ध उत्पादन के बारे में जानकारी दी। डॉ. वरुण पुरी ने पशुपालकों को विभागीय योजनाओं जैसे गर्भित पशु आहार योजना, उत्तम पशु पुरस्कार योजना और पशु किसान क्रेडिट योजना के बारे में जानकारी दी। शिविर में 27 किसानों को खनिज मिश्रण और कृमिनाशक दवाइयों का वितरण निःशुल्क किया गया। कामधेनु हितकारी मंच की ओर से कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन निशा देवी और पार्वती देवी भी मौजूद रहीं।

रोटरी पांवटा ने छात्राओं को बांटी साइकिलें

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। रोटरी पावंटा ने महिला शक्ति को सशक्त करने बारे पहल करते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। रोटरी पावंटा प्रधान महेश खुराना ने अपनी टीम के साथ मिलकर 'नवरात्र रोटरी संग' नामक प्रोजेक्ट की शुरुआत की। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत इन्होंने सरकारी स्कूलों की 9 छात्राओं को साइकिलें प्रदान कीं। साइकिल पाने वाली 9 छात्राओं में 3 बहराल गवर्नमेंट स्कूल, 2 पुरुवाला गवर्नमेंट स्कूल व 4 छात्राएं गवर्नमेंट गर्ल स्कूल पावंटा की हैं। प्रधान महेश खुराना ने बताया कि रोटरी पावंटा इस प्रोजेक्ट को हर साल करेगा। इस प्रोजेक्ट में रोटरी की पूर्व प्रधान सुनीता शर्मा ने स्पेशल गेस्ट के तौर पर शिरकत की। खास अतिथि के रूप में बहराल गवर्नमेंट स्कूल से जीवन जोशी व पुरुवाला गवर्नमेंट स्कूल से विशाल सर व रोटरी पावंटा से प्रोजेक्ट चेयरमैन शांति स्वरूप गुप्ता, राकेश रहल, दीपक गोयल, नवीन अग्रवाल, किशोर आनंद, राखी डांग, रिपूदमन कालरा, सुमेश वर्मा, गुरप्रीत शैली, व फर्स्ट लेडी सपना खुराना ने शिरकत की।

जिले में 51 नई पंचायतें बनाने का प्रस्ताव

प्रशासन के पास पहुंची विभिन्न पंचायतों से पारित मांग, सरकार को भेजी

आर मोहन चौहान, सोलन

पंचायतीराज चुनाव के मद्देनजर जिलेभर की नई पंचायतों की मांग भी तेज हो गई है। सोलन जिले से 51 नई पंचायतें बनाने के प्रस्ताव सामने आए हैं। ग्राम पंचायत की ग्राम सभाओं से पंचायतों का नवगठन करने के लिए जिला पंचायत कार्यालय में प्रस्ताव आए हैं। प्रस्ताव आने के बाद जिला पंचायत ऑफिस की तरफ से औपचारिकता पूरी करने के बाद इसे सरकार के पास भी भेज दिया गया है।

सरकार ने यदि इसे भी हरी झंडी दिखाई तो आने वाले दिनों में सोलन जिले में 51 नई पंचायतों का गठन हो सकता है। हालांकि प्रदेश की वित्तीय को देखते हुए अभी नई पंचायतों का पेंच फंसा हुआ है। एक साथ इतनी नई पंचायतें बनाई जाएं, लेकिन कुछ पंचायतों का गठन जरूर हो सकता है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष दिसंबर में पूरे प्रदेश के भीतर ग्राम पंचायतों के इलेक्शन होने हैं। लिहाजा इन दिनों ग्राम पंचायत में पुनरसीमांकन को लेकर खूब चर्चा है। बड़ी पंचायतों को तोड़कर अलग पंचायत बनाने को लेकर लोग मांग कर रहे हैं। बकायादा पंचायतों में प्रस्ताव पारित किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

सोलन जिले में 51 पंचायतों से प्रस्ताव आया है, जिनका क्षेत्रफल ज्यादा है। लिहाजा उन्हें दो पंचायतों में डिवाइड किया जाने का प्रताव है। पूरी औपचारिकता कर इसे सरकार के पास भेज दिया गया है।

- जोगिंद्र प्रकाश राणा, पंचायत अधिकारी जिला सोलन।

नालागढ़ ब्लॉक से सबसे ज्यादा आई डिमांड

विभाग के मुताबिक सबसे ज्यादा नालागढ़ ब्लॉक से नई पंचायतें बनाने की डिमांड आई है। यहां 24 पंचायते ऐसी हैं, जो कि नई पंचायत बनाने के प्रस्ताव को पास कर डिमांड दे चुकी है, जबकि पट्टा से 3 पंचायतें ऐसी हैं, जहां से नई पंचायत बनाने के लिए प्रस्ताव आया। इसके अलावा कुनिहार से 12, धर्मपुर से 4, सोलन से 3 और कंडाघाट से 5 पंचायतों के प्रस्ताव आए हैं। इन सब पंचायतों ने साफ किया है कि उनके पंचायत का एरिया अधिक है, ऐसे में इन्हें दो पंचायतें बनाया जाए।

पंचायत सचिवों के 56 पद खाली

भले ही पंचायतों की तरफ से प्रस्ताव आया है कि उनकी पंचायत को दो-दो बनाया जाए, लेकिन परेशानी यह है कि फिलहाल जिले की 240 पंचायतों में से 56 पंचायतें ऐसी हैं, जहां पंचायत सचिव के पद खाली पड़े हुए हैं, ऐसे में यदि और पंचायतों का गठन हो जाए तो फिर स्थिति इससे भी खराब हो जाएगी। लिहाजा यदि सरकार पंचायत की संख्या को बढ़ाती है तो यहां पंचायत सचिव देना भी लगभग अनिवार्य हो जाएगा। नव पंचायत के गठन के लिए ग्राम सभाओं से प्रस्ताव पास कर ऑफिस भेजे गए हैं ताकि जहां भी पंचायत के कार्यालय लोगों के लिए दूर हों।

धर्मपुर पुलिस ने नाबालिगा को भगाने वाला आरोपी किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन

धर्मपुर निवासी महिला ने पुलिस थाना धर्मपुर में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि इनकी बेटी जिसकी उम्र 14 वर्ष है। 4 अप्रैल, 2025 को दिन के समय घर से धर्मपुर बाजार गई थी परंतु वह वहां से वापस घर न आई, जिसकी इन्होंने अपने तौर भी तलाश की परंतु कहीं पर भी पता न चला व न ही वह फोन कॉल उठा रही है।

लड़की की तलाश करने के दौरान इन्हें पता चला कि इनकी बेटी एक लड़के के साथ उसके मोटरसाइकिल पर देखी गई थी, जो इसे शक है कि इसकी बेटी को वहीं लड़का बहला फुसलाकर ले गया है। इस पर पुलिस थाना धर्मपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए नाबालिगा को 9-अप्रैल को बरामद करके उसके परिजनों के हवाले किया गया तथा उक्त मामले में संलिप्त एक आरोपी सौरभ निवासी अर्की जिला सोलन उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा एक अन्य आरोपी जो नाबालिग पाया गया, को अन्वेषण में शामिल किया गया।

पीड़िता को किया परिजनों के सुपुर्द

पीड़िता का चिकित्सा परीक्षण करवाया गया, जिस पर उक्त मामले में धारा 61 (1) 64 बीएनएस 2023 व 4,12,17 पोक्सो एक्ट जोड़ी गई है। गिरफ्तार आरोपी सौरभ को न्यायालय में पेश किया जा रहा है तथा बाल अपचारी को भी पीएमजेजेबी सोलन में पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। उक्त मामले की जांच के दौरान पाया गया कि पीड़िता व बाल अपचारी की पहले से आपस में जान-पहचान थी, जिस पर पीड़िता उसके मोटरसाइकिल पर बैठ कर चली गई थी, मामले में जांच जारी है।

सोलन कॉलेज के बी.वॉक विभाग के नौ छात्रों को मिला रोजगार

अनंत ज्ञान, सोलन

राजकीय महाविद्यालय सोलन के बी वॉक विभाग के रिटेल मैनेजमेंट के 9 छात्रों को रिलायंस ब्रांड लिमिटेड (आरबीएल) कंपनी में 4 लाख वार्षिक वेतन के साथ रोजगार प्राप्त हुआ है। रोजगार पाने वाले विद्यार्थियों में रिटेल मैनेजमेंट अंतिम वर्ष के छात्र तनुजा, अनीता, दिव्यांशु, आंचल, सिमरन, जूही, उर्मिला, राहुल तथा दिव्या शामिल हैं।

महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने रोजगार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई तथा शुभकमनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी इस तरह के प्लेसमेंट अभियान का आयोजन निरंतर करता रहेगा। महाविद्यालय के बी.वॉक विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण सेवा प्रदाता कंपनी मेधावी फाउंडेशन के द्वारा आरबीएल कंपनी के प्लेसमेंट अभियान महाविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें सोलन महाविद्यालय के अतिरक्त राजकीय महाविद्यालय सीमा, रोहड़ू तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला की छात्रों ने भी भाग लिया।

इस कार्यक्रम को आयोजित करने में बी.वॉक विभाग के शिक्षक खुशबू, डिंपी चौहान, राकेश कुमार, सौरभ नरियाल तथा कविता कंवर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा छात्रों को उनकी इस उपलब्धि पर शुभकमनाएं दीं।

मनरेगा के तहत कार्यों में राशि व्यय करने में सोलन प्रथम : डीसी

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन के डीसी मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में सोलन जिले के सभी खंड विकास अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मनमोहन शर्मा ने खंड विकास अधिकारियों को मनरेगा के तहत विकास कार्यों में लगभग 51 करोड़ रुपए की राशि व्यय कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए बधाई दी।

डीसी ने कहा कि सोलन जिले में मनरेगा के तहत मार्च, 2025 तक 144 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी खंड विकास अधिकारियों और ग्रामीण एवं पंचायतीराज विभाग के सभी कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कार्य में श्रेष्ठता सभी को बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने निर्देश दिए कि विधायक व सांसद निधि तथा मनरेगा के अंतर्गत लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

खंड विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को पंचायतों के लंबित कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश जारी करें। इन लंबित कार्यों की सूची तैयार कर यह सुनिश्चित बनाया जाए कि यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण हों। डीसी ने कृषि संबंधी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों से ग्राम पंचायत में स्वीकृत धनराशि से विकास कार्यों को पूर्ण करके उपयोगिता प्रमाण पत्र उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि नवीन योजनाओं के लिए धनराशि समय पर स्वीकृत की जा सके।

गर्मी के मौसम में ग्राम पंचायत स्तर पर जल संरक्षण एवं पशुओं के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित बनाई जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि शामलात भूमि में तालाबों का निर्माण करवाएं ताकि जलस्तर को बढ़ाने के साथ-साथ पशुओं को पीने के लिए जल भी उपलब्ध हो और भू-जल के स्तर में वृद्धि भी सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि गांव में किसी भी स्थान पर कूड़े का ढेर पाया जाता है तो इसका तुरंत निष्पादन करवाया जाए। बैठक में विधायक व सांसद निधि, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की वित्त वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन, जिला पंचायत अधिकारी जोगिंद्र राणा, सभी खंड विकास अधिकारी व अन्य वरिष्ठ कर्मचारी उपस्थित थे।

रेणुका के भाजपा कार्यकर्ताओं को पढ़ाया एकता का पाठ

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर भाजपा के जिला सहमीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि संगड़ाह में रेणुका विधानसभा चुनाव क्षेत्र के तीनों मंडलों का सक्रिय कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उनके साथ शिमला संसदीय क्षेत्र के संगठन महामंत्री अक्षय भरमौरी, भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता, रेणुका के पूर्व भाजपा प्रत्याशी नारायण सिंह चौहान, जिला परिषद अध्यक्षा सीमा कन्याल, संगड़ाह भाजपा मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह ठाकुर, ददाहू मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, नोहराधार मंडल अध्यक्ष भारत भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रताप सिंह तोमर, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रणवीर ठाकुर सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता।

रावत ने बताया कि जिन भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान के दौरान सौ से अधिक पार्टी सदस्य बनाए हैं, उन्हीं लोगों को पार्टी ने सक्रिय सदस्य भी बनाया है और उनको भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने सम्मानित भी किया है। इसके साथ वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा है कि कार्यकर्ता को व्यक्ति निष्ठ नहीं संगठन निष्ठ बनना चाहिए। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने सम्मेलन में एकता का पाठ पढ़ाते हुए कहा है कि कार्यकर्ता सबसे पहले आपस में एक-दूसरे का मान-सम्मान करें और अपना बूथ सबसे मजबूत करने के लिए संगठित होकर कार्य करें ताकि आने वाले समय में रेणुका से भी भाजपा का विधायक बन सके।

ईएनसी जोगिंद्र चौहान का राजगढ़ में गर्मजोशी से स्वागत

अनंत ज्ञान, राजगढ़। जलशक्ति विभाग हिमाचल प्रदेश से हाल ही में सेवानिवृत्त हुए प्रमुख अभियंता (ईएनसी) जोगिंद्र चौहान का अपने पैतृक गांव जाते हुए राजगढ़ में स्थानीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। बता दें जोगिन्द्र चौहान की विभाग में कर्मठ अधिकारी के रूप में अलग पहचान है। जोगिंद्र चौहान मूलत: रेणुका निर्वाचन क्षेत्र के लानाचेता के रहने वाले हैं। वर्ष 1987 में जल शक्ति विभाग में बतौर कनिष्ठ अभियंता अपनी सेवाएं आरंभ की गई थीं। बता दें जोगिन्द्र चौहान रूड़की विश्वविद्यालय में एमटेक में गोल्ड मेडलिस्ट रहे हैं। इस मौके पर जिप सदस्य सतीश ठाकुर, एक्सईएन जलशक्ति विभाग राजढ़ जोगिन्द्र चौहान के अन्य अधिकारी व कर्मचारी, ठेकेदार तथा स्थानीय लोग मौजूद रहे।

गरीब बच्चों के लिए शिक्षा की नई किरण बनी सनातन सेवा समिति, बांटी पाठ्य सामग्री

अनंत ज्ञान, नाहन। समाज में शिक्षा के उजाले को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से सनातन सेवा समिति, भालत ने एक अनुकरणीय एवं सराहनीय कदम उठाया है। समिति ने निर्धन एवं जरूरतमंद बच्चों का विभिन्न स्कूलों में न केवल दाखिला करवाया, बल्कि उनकी पूरी वर्ष की फीस, पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षिक सामग्री का पूरा खर्च स्वयं वहन करेगी। यह पहल उन परिवारों के लिए आशा की नई किरण बनकर सामने आई है, जो आर्थिक तंगी के चलते अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने में असमर्थ रहे हैं। अब ये बच्चे न केवल स्कूल जाएंगे, बल्कि आत्मविश्वास और सम्मान के साथ अपने सपनों को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। समिति के सदस्यों ने कहा 'हमारा संकल्प है - 'शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है।' सनातन सेवा समिति केवल सहायता नहीं कर रही, हम भविष्य गढ़ रहे हैं। समाज का हर बच्चा शिक्षित हो, यही हमारा लक्ष्य है।'

भराड़ीघाट में दो युवकों से चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। जिला पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई की टीम 3 अप्रैल को दाड़लाघाट क्षेत्र में गश्त कर रही थी, इस दौरान बिलासपुर की तरफ से एक स्विफ्ट कार को भराड़ीघाट के पास रोका, जिसमें दो युवक सवार थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से 9 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान 36 वर्षीय मुकेश वर्मा पुत्र बलदेव राज वर्मा निवासी भराड़ीघाट और 27 वर्षीय हितेंद्र पुत्र हेम चंद निवासी भराड़ीघाट जिला सोलन के रूप में हुई। आरोपियों के खिलाफ पूर्व के मामले में मुकेश वर्मा के खिलाफ दाड़लाघाट पुलिस थाने में एक वाहन दुर्घटना का मामला और बंजार पुलिस थाने में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज है, जिसमें 220 ग्राम अफीम बरामद हुई थी। हितेंद्र के खिलाफ बंजार पुलिस थाने में 355 ग्राम चरस और सदर बिलासपुर पुलिस थाने में 6 ग्राम हेरोइन के साथ दो मामले दर्ज हैं। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अब वे न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामले में संलिप्त स्विफ्ट कार को जब्त कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

बद्रीपुर में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर डाला प्रकाश

अनंत ज्ञान, नाहन

पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र के बद्रीपुर शिव मंदिर धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी ने सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया। इसमें विशेष रूप से प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रश्मिधर सूद और विधायक सुखराम चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सम्मेलन में विधायक सुखराम चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार ने देश के गरीबों के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि करोड़ों लोगों को आवास, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा दी गई है।

बद्रीपुर में भाजपा ने किया सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन

इसके अतिरिक्त उन्होंने धारा 370 को हटाना, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और विभिन्न जनहितैषी संस्थानों की स्थापना को सरकार की बड़ी उपलब्धियां बताया। प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मिधर सूद ने इस अवसर पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जनता से किए गए वादों को निभाया नहीं।

रश्मिधर ने कहा कि अब प्रदेश की जनता जागरूक हो चुकी है और आने वाले पंचायत चुनावों व लोकसभा चुनावों में कांग्रेस सरकार को करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया और पार्टी को आगे ले जाने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया गया।

कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए कार रैली आयोजित

अनंत ज्ञान, सोलन। लायंस क्लब सोलन की महिला सदस्यों द्वारा सर्वाइकल कैंसर जैसे महत्वपूर्ण विषय के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष वुमन ऑन व्हील्स कार रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने किया। रैली पुलिस पेट्रोल पंप बाईपास से प्रारंभ होकर चंबाघाट, सोलन माल रोड, सपरून से गुजरते हुए कांग्रेस भवन के समीप एसबीपी टूर एंड ट्रेवल्स कार्यालय पर संपन्न हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। यह रैली लायंस डिस्ट्रिक्ट 321ए2 क्लबों द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई। इनमें शिमला, सोलन, परवाणू, नाहन, पंचकूला, शाहबाद, अंबाला, करनाल, सोनीपत, पानीपत और दिल्ली आदि के क्लब शामिल रहे।

अभियान भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने सोलन विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यता अभियान को किया संबोधित

भाजपा ने राजनीति में सिद्धांतवादी विचारधारा की शुरुआत की : नंदा

अनंत ज्ञान, सोलन

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने सोलन विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यता अभियान को मुख्यवक्ता के रूप में संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, जिला अध्यक्ष रतन पाल सिंह, प्रत्याशी राजेश कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि घर सूद, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, चंद्रकांत, मंडल ठाकुर, अक्षय भरमौरी उपस्थित रहे। कर्ण नंदा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा भाजपा का इतिहास एवं विकास यात्रा कोई आम विषय नहीं, बल्कि एक संघर्ष यात्रा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा है जिसने भारत की राजनीति में एक सिद्धांतवादी विचारधारा की शुरुआत की। अपने अडिक सिद्धांतों से दशकों की रीड विहीन राजनीति को बदला, इसलिए तो पूरा देश भाजपा के बारे में कहता है कि 'यह जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं'। सत्ता की आंच जब सिद्धांतों तक आने लगी तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी ने सत्ता को ठोकर मार दी, लेकिन सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं किया और 6 अप्रैल 1980 को पंचनिष्ठाओं के साथ भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई, वह दौर जब कांग्रेस पूरी ताकत के साथ विपक्ष पर प्रहार कर रही थी, तब भाजपा के पास सिर्फ उसके सिद्धांत थे, जो भाजपा को प्रेरणा और शक्ति प्रदान कर रहे थे। दशकों के संघर्ष के बाद जब-जब भाजपा को मां भारती की सेवा का मौका मिला, तब-तब भाजपा की सरकारों ने राष्ट्र प्रथम के साथ अंत्योदय के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाया।

सोलन में आयोजित सक्रिय सदस्यता अभियान के दौरान कार्यकर्ता।

राम मंदिर का निर्माण हो या कश्मीर से धारा 370 का खात्मा तीन तलाक का अंत हो या वक्फ संशोधन बिल सबका साथ सबका विकास के मार्ग पर चलते हुए भाजपा ने हमेशा अपने विजन को स्पष्ट रखकर देश की नीतियां तैयार की। नंदा ने अटल जी का स्मरण करते हुए कहा कि सवेरा छठेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। भाजपा का हर कार्यकर्ता इस बड़ी कामयाबी में शामिल है।

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा आज शिखर पर है, पार्टी लगातार आगे बढ़ती जा रही है, दीन दयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जगत प्रकाश नड्डा, अनुराग ठाकुर, प्रो. प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार, जयराम ठाकुर, डॉ. राजीव बिंदल, सुरेश कश्यप ये सब मार्गदर्शक रहे। सभी ने भाजपा के मूल स्वरूप को मजबूत किया, पार्टी का सबसे बड़ा एसेट है कार्यकर्ताओं का समर्पण, दूसरा है हमारे नेताओं के आदर्श। नंदा ने कहा तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहे न रहें, ये हमारी प्रेरणा है।

गुरुकुल क्रिकेट अकादमी राजगढ़ में ट्रायल 13 को

अनंत ज्ञान, राजगढ़। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ के तत्वावधान में संचालित गुरुकुल क्रिकेट अकादमी, राजगढ़ में सत्र 2025-26 के लिए खिलाड़ियों के ट्रायल 13 अप्रैल को आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी अकादमी के कोच दीपक ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की आयु 8 से 22 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक खिलाड़ी 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे गुरुकुल क्रिकेट अकादमी, राजगढ़ में पहुंच कर ट्रायल में भाग ले सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में 1000 रुपए तथा प्रतिमाह कोचिंग फीस 400 रुपए अदा करनी होगी। बीपीएल वर्ग के खिलाड़ियों और लड़कियों के लिए कोचिंग निशुल्क रहेगी। इन वर्गों के लिए केवल एक बार 1000 रुपए रजिस्ट्रेशन शुल्क ही निर्धारित किया गया है।

कोच दीपक ठाकुर ने बताया कि संघ के संचालन में जिला सिरमौर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अतर सिंह नेगी व महासचिव राजेंद्र बब्बी का विशेष योगदान है। अकादमी से एक खिलाड़ी नेशनल क्रिकेट अकादमी शिविर में भाग ले चुका है, वहीं एक लड़की इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुकी है। इसके अलावा 5 खिलाड़ी अंडर-19 व अंडर-16 वर्गों में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं तक पहुंचने में सफल रहे हैं। अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलने वालो की संख्या दर्जनों में है। उन्होंने कहा कि अकादमी में

न्यूज ब्रीफ

सीआरपीएफ ने मनाया 'पराक्रम दिवस'

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। अपने वीर शहीदों की याद में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) हर साल 9 अप्रैल को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाता है। 1965 में इसी दिन सीआरपीएफ की दो कंपनियों ने गुजरात राज्य के कच्छ के रण में पश्चिमी सीमा के पास 'सेंडर' और 'टाक' पोस्ट पर पाकिस्तानी सेना की पूरी ब्रिगेड के हमले को विफल करके असाधारण वीरता का परिचय दिया था। इस भीषण मुठभेड़ में 34 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 4 को जीवित पकड़ लिया गया। इस लड़ाई में सीआरपीएफ के 8 बहादुर जवानों ने भी अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। साहस और बहादुरी का यह कारनामा विश्व सैन्य इतिहास में एक अनूठी लड़ाई के रूप में दर्ज है। इस दिन सीआरपीएफ अपने उन वीर शहीदों को याद करता है और श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देकर आंतरिक सुरक्षा, शांति और व्यवस्था सुनिश्चित की। यह राष्ट्र की निरंतर सेवा के लिए प्रेरणा और प्रतिबद्धता का भी काम करता है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, चंडीगढ़ के महानिरीक्षक दिनेश उनियाल ने हॉलोनाजे कैंटिप में आयोजित शौर्य दिवस समारोह के दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में बल के अधिकारियों, प्रशिक्षु अधिकारियों और जवानों ने भाग लिया, बल के ध्वज को सलामी दी और 'सेवा और निष्ठा' के अपने मूल्यों की पुष्टि की। इस अवसर पर, गेलेंट्री पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। खेल प्रतियोगिताएं, चैनल प्रेरणा और सभी बल सदस्यों के लिए सामुदायिक उपवास का भी आयोजन किया गया।

आगामी चुनावी तैयारियों पर की चर्चा

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। भाजपा चंडीगढ़ द्वारा एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने विशेष रूप से शिरकत कर संगठन के ढांचे, आगामी चुनावी तैयारियों और रणनीतियों पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि संगठन की जड़ों को और मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक की सक्रियता आवश्यक है। इस बैठक में भाजपा चंडीगढ़ प्रभारी अतुल गर्ग, प्रदेश संगठन महामंत्री मंथरी श्रीनिवासुलु, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा, महापौर हरप्रीत कौर बबला, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता संजय टंडन, अरुण सूद सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठन के विभिन्न स्तरों के नेताओं ने बैठक में भाग लिया और आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श किया। बैठक में यह संकल्प भी लिया गया कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएंगे और चंडीगढ़ को 'विकास का मॉडल' बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

कर्मियों को सरकारी नोटिंग लिखने की दी ट्रेनिंग

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा सरकार के श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने वीरवार को नए सिविल सचिवालय में अधिकारियों और सलाहकारों के लिए संवादात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस सत्र का मकसद नोटिंग, सरकारी आदेश और शिकायतों के समाधान से जुड़ा काम बेहतर तरीके से करना सिखाना था। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य सरकारी दस्तावेज तैयार करते समय स्पष्टता, संक्षिप्तता और व्यावहारिक को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों ने वास्तविक मामलों और संवादात्मक चर्चाओं के माध्यम से यह जाना कि प्रशासनिक लेखन को कैसे सरल और प्रभावी बनाया जा सकता है, बिना उसके मूल उद्देश्य को बदले। प्रशिक्षण में खास ध्यान इस बात पर रहा कि लेखन में तार्किक क्रम, सक्रिय वाक्य और शुद्ध व्याकरण का प्रयोग हो चाहे वे हिंदी हो या अंग्रेजी। हरियाणा सरकार के श्रम विभाग के प्रधान सचिव ने अधिकारियों को ईमानदारी, स्पष्ट उद्देश्य और बेहतर कार्यक्षमता के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी बताया कि भाषा को सरल बनाना प्रशासनिक कामकाज को ज्यादा प्रभावी और क्रियाशील बनाता है। प्रतिभागियों को यह समझाया गया कि वे अपने लेखन में अस्पष्टता को दूर करें, अनावश्यक बातों से बचें और खासकर जन शिकायतों के मामलों में सीधी, सरल और संवेदनशील भाषा का प्रयोग करें। भाषा को बेहतर बनाने, बात को दोहराए बिना कहने और सटीकता बनाए रखने के लिए एआई टूल्स के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया गया। यह सत्र अधिकारियों और सलाहकारों को साफ, उद्देश्यपूर्ण और जवाबदेह प्रशासनिक कार्यप्रणाली के लिए तैयार करने की दिशा में एक अहम प्रयास रहा।

दिल्ली में लैंडिंग के बाद पायलट की मौत

नई दिल्ली। एयर इंडिया एक्सप्रेस के पायलट की श्रीनगर से उड़ान भरने के तुरंत बाद तबीयत बिगड़ गई। 30 वर्षीय पायलट ने श्रीनगर से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी और दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उसकी तबीयत खराब हो गई थी, उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि हमें अपने सहकर्मी की चिकित्सा स्थिति के कारण हुई क्षति पर गहरा दुख है। हम उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

डोमिनिकन रिपब्लिक में अब तक 218 की मौत

सैंटो डोमिंगो। डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सैंटो डोमिंगो में एक नाइट क्लब की छत गिरने की घटना में मृतकों की संख्या 218 पहुंच गई है। डोमिनिकन गणराज्य के फॉरेंसिक संस्थान के बाहर बुधवार देररात दर्जनों लोग अपने प्रियजनों की तलाश में जमा हुए थे। हादसे के बाद कई लोग अब भी लापता हैं। इससे पहले दिन में, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक पैथोलॉजी के अधिकारियों ने 54 पीड़ितों के नाम उजागर किए थे, जिनकी पहचान की जा चुकी थी। अधिकारियों ने शांति की अपील करते हुए कहा कि उन्होंने कम से कम 28 शवों को उनके परिवारों को सौंप दिया है, लेकिन अभी तक बरामद सभी शवों की संख्या ज्ञात नहीं है। मृतकों की संख्या कम से कम 184 पर पहुंच गई है, दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

लातूर में फैक्टरी से 17 करोड़ की ड्रग्स जब्त

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की मुंबई टीम ने लातूर जिले के रोहिना गांव में पतरे की शेड में चल रही ड्रग्स बनाने की एक फैक्टरी का पर्दाफाश किया। डीआरआई ने छापा के दौरान वहां 11.36 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया है। इसकी कीमत लगभग 17 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस मामले में डीआरआई की टीम ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है, इनमें एक पुलिसकर्मी शामिल है। डीआरआई टीम छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार डीआरआई टीम ने 8 अप्रैल ड्रग मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद लातूर जिले के रोहिना गांव के एक दूरदराज के पहाड़ी इलाके में पतरे की शेड में ड्रग बनाने की जानकारी मिली थी।

पाक ने 8,000 से अधिक अफगान शरणार्थी निकाले

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने देशभर में चल रहे अभियान के तहत 8,000 से अधिक अफगान शरणार्थियों को निर्वासित कर दिया है। यह कार्रवाई 'अफगान सिटीजन कार्ड' (एसीसी) धारकों की स्वैच्छिक वापसी की समय-सीमा 31 मार्च को समाप्त होने के बाद तेज़ कर दी गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एक अप्रैल से अब तक लगभग 8,115 अफगानों को तोरखम सीमा के रास्ते वापस भेजा गया है, जिनमें से अधिकांश पंजाब से पकड़े गए थे। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने अब तक 5,000 से ज्यादा अफगानों को हिरासत में लिया है।

पंजाब यूनिवर्सिटी में गन कल्चर गानों पर हाईकोर्ट हुआ सख्त

डीजीपी व डीएसडब्ल्यू को नोटिस; मासूम शर्मा के शो में छात्र की हुई थी मौत

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़

चंडीगढ़ स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू) में हुए मशहूर सिंगर मासूम शर्मा के शो में हथियारों और हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने चलाए जाने के मामले ने अब कानूनी मोड़ ले लिया है। इसको लेकर पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट में दाखिल की गई अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने चंडीगढ़ के डीजीपी, डिप्टी कमिश्नर और पीयू के डीन स्टूडेंट वेलफेयर को नोटिस जारी किया है। अदालत ने इन सभी से जवाब मांगा है कि आखिरकार हाइकोर्ट के पुराने आदेशों के बावजूद ऐसा आयोजन कैसे होने दिया गया।

यह याचिका एडवोकेट यतीन मेहता द्वारा दाखिल की गई, जिसमें उन्होंने दलील दी कि वर्ष 2019 में हाईकोर्ट ने पंजाब, हरियाणा और

चंडीगढ़ के डीजीपी को यह आदेश दिए थे कि किसी भी सार्वजनिक आयोजन में अश्लीलता, हिंसा और हथियारों को महिमा मंडित करने वाले गानों पर सख्त पाबंदी लगाई जाए। इसके बावजूद पीयू में हुए शो में ऐसे गाने बजाए गए, जो हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना है।

याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि इस तरह के गाने युवा पीढ़ी को गलत दिशा में ले जाते हैं और उनमें हिंसा की प्रवृत्ति को बढ़ावा देते हैं। यूनिवर्सिटी जैसे शैक्षणिक संस्थान में इस प्रकार की गतिविधियों की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए थी। इसके लिए आयोजकों के साथ-साथ जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।

हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता की दलीलों को सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई में अपना जवाब दाखिल करें। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई अधिकारी जवाब दाखिल करने में असफल रहता है, तो उसे अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से पेश होकर सफाई देनी होगी। अब इस मामले की अगली सुनवाई पर अदालत में क्या कार्रवाई होती है, इस पर सबकी नजरें टिकी हैं। पंजाब यूनिवर्सिटी में हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा के शो के दौरान स्टूडेंट आदित्य ठाकुर की हत्या कर दी गई थी, मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

गन कल्चर के गाने बैन सुर्खियों में सिंगर मासूम

हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा इन दिनों गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले गाने बैन होने की वजह से सुर्खियों में हैं। मासूम के अब तक 7 गाने बैन किए जा चुके हैं। इसके अलावा अमित रोहतकिया, अंकित बालियान और नरेंद्र भगाना का भी एक-एक गाना बैन किया गया था। गाने बैन होने पर मासूम शर्मा की तीखी प्रतिक्रिया आई थी। मासूम शर्मा ने न केवल इसके लिए सीएम नायब सैनी के ओएसडी गजेंद्र फोगाट को जिम्मेदार ठहराया, बल्कि सीएम से मुलाकात भी की थी। इसके बाद यह मामला कल विधानसभा में भी उठा, जिसमें मंत्री अरविंद शर्मा और कृष्ण बेदी ने सीएम से दखल देने की मांग की थी।

अंबेडकर जयंती पर प्रदेशवासियों को करोड़ों की सौगात देंगे मोदी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेशवासियों को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नागरिकों को हजारों, करोड़ों रुपए की सौगात मिलेगी। इस सौगात को देने के लिए स्वयं प्रधानमंत्री मोदी 14 अप्रैल को हरियाणा की पावन धरा पर पहुंच रहे है।

इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ऐतिहासिक और यादगार बनाया जाएगा। उन्होंने लोगों को ज्यादा से ज्यादा से संख्या में यमुनानगर पहुंचने का आह्वान किया। पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार वीरवार को कुरुक्षेत्र के सर्किट हाउस में एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को प्रदेश के लोगों को बड़ी सौगात देने हरियाणा पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री इस दिन यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट का शिलान्यास और हिसार में एयरपोर्ट का उद्घाटन व नए टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे। इन विकास कार्यों के जरिए प्रधानमंत्री विकसित भारत व विकसित हरियाणा की महत्वपूर्ण कड़ी को जोड़ने का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि बिजली वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। रेलवे हो या सड़कों पर चलने वाले इलेक्ट्रिक व्हीकल हम हर चीज में बिजली पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि यमुनानगर में प्रधानमंत्री जिस 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट की आधारशिला रखेंगे। उसे भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) द्वारा बनाया जा रहा है और इसके निर्माण पर 7272 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस यूनिट का कार्य वर्ष 2028 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लोकसभा व विधानसभा चुनावों में बड़ी जीत के बाद हाल ही में स्थानीय निकाय चुनावों में भी भाजपा को बड़ी जीत मिली है। ऐसे में प्रदेश का विकास अब ट्रिपल गति से दौड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इसी गति को बढ़ाने के लिए प्रदेश में पहुंच रहे हैं। इस मौके पर चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी और चेयरमैन जयसिंह पाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

दुबई में वसंत ऋतु का सबसे अच्छा अनुभव लें इन आउटडोर लोकेशंस पर

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

दुबई हर मौसम का शहर है। यहां आप जब भी आएं, आपको कुछ न कुछ शानदार अनुभव मिलेगा, लेकिन इस शहर में वसंत वाकई खास होती है, जिसमें मौसम खुशनुमा होता है, आसमान नीला होता है और घूमने-फिरने के अनगिनत तरीके होते हैं। चाहे आप आराम करना चाहते हों, रोमांच चाहते हों या फिर दोनों, बाहर निकलें और दुबई के बेहतरीन आउटडोर अनुभवों के लिए हमारी चुने हुए गाइड के साथ इस मौसम का भरपूर आनंद लें।

राइप मार्केट के जीवंत माहौल में सराबोर हो जाएं। यह एक समुदाय केंद्रित बाजार है जो स्थानीय कारीगरों, किसानों और खाद्य विक्रेताओं को एक जगह पर लाता है। दुबई के सुहावने वसंत में ऑर्गेनिक उत्पादों, हस्तनिर्मित वस्तुओं और लजीज व्यंजनों से भरे स्टालों का आनंद लें। जुमेराह के काइट बीच पर हर रविवार को सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एक स्फूर्तिदायक बीच योगा सत्र के लिए सोले मियो के योगा संडे में शामिल हों। 13 अक्तूबर 2025 से शुरू होने वाले ये सत्र सोल मियो ग्राहकों के लिए निशुल्क हैं, जबकि अन्य के लिए 60 रुपए का शुल्क देकर इसमें भाग ले सकते हैं। यह शुल्क सीधे समुद्र तट के सफाईकर्मियों को आर्थिक सहायता करता है, जो स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए काइट बीच से सप्ताह में दो बार माइक्रोप्लास्टिक्स हटाते हैं। दुनिया का सबसे बड़ा वॉटरपार्क, एक्वावेंचर में हैं 105 से ज्यादा स्लाइड और आकर्षणीय चीजें। रोमांच चाहने वाले लोग 'ओडिसी ऑफ टेरर' और 'लीप ऑफ फेथ' जैसी रिकॉर्ड तोड़ने वाली राइड्स का अनुभव ले सकते हैं, जो शार्क से भरे लैगून से होकर गुजरती है।

मात-पिता पूजन दिवस में पहुंचे हजारों लोग

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

मोहाली जिले के बनूड़-अंबाला रोड पर खल्लौर गांव में दुनिया के पहले और एकमात्र निर्माणाधीन मात-पिता मंदिर में वीरवार को मात-पिता पूजन दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों सहित हजारों लोगों ने इसमें भाग लिया।

इस अवसर के दौरान स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि जी महाराज मुख्यातिथि थे, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जाजू विशिष्ट अतिथि थे। एसबीएस और हारमनी ग्रुप ऑफ कॉलेज के अध्यक्ष धर्मपाल बंसल और अग्रोहा विकास ट्रस्ट पंजाब के मुख्य संरक्षक शाम लाल सिंगला विशेष अतिथि थे। इस अवसर पर अखिल भारतीय गो कथा वाचक के चंद्रकांत अपने प्रेरणादायी विचार साझा किए तथा भजन गायक प्रवीन वाधवा अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत नंदिनी गो महायज्ञ के साथ हुई जिसके बाद माता पिता पूजन हुआ। इस अवसर पर रंग भरो प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। संस्कार ज्योति द्वारा प्रतियोगिता फरवरी में स्कूली स्तर पर भावी पीढ़ी में माता-पिता और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना पैदा करने की एक अनूठी पहल के तहत शुरू की गई थी। प्रतियोगिता में कुल 11 स्कूलों ने भाग लिया। 15 बच्चों को नकद पुरस्कार दिए गए। 250 बच्चों को पदक और ट्रॉफी तथा 3200 बच्चों को भागीदारी प्रमाण पत्र दिए गए।

पहला पुरस्कार एसडी मॉडल स्कूल राजपुरा से रिद्धि कुमार, स्टेलर इंटरनेशनल स्कूल बासमा से कनव धीमान और केके हाई स्कूल राजपुरा से प्रभजीत सिंह ने जीता। दूसरा पुरस्कार पटेल पब्लिक स्कूल राजपुरा से निरवैर कौर, डीएवी पब्लिक स्कूल राजपुरा से जाह्नवी और सीएम पब्लिक स्कूल राजपुरा से आराध्या बदलहान ने जीता। इसके अलावा अन्य स्कूलों में भी ईनाम जीते।

देश-विदेश

अमेरिका ने किए यमन की राजधानी में हवाई हमले

एजेंसी, सना

यमन की राजधानी सना पर ताजा अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है और कई अन्य घायल हो गए हैं। चिकित्सकों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने सिन्हुआ को यह जानकारी दी।

बुधवार देर रात हवाई हमलों में अल-नहदयन क्षेत्र को निशाना बनाया गया, जो घनी आवासीय बस्तियों से घिरा हुआ है। छर्रे कई घरों पर गिरे और खिड़कियां टूट गईं, तीन लोगों की मौत हो गई। कई घायल नागरिकों को अस्पताल ले जाया गया। यह उत्तरी यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों की नवीनतम कड़ी है। अमेरिकी सेना ने 15 मार्च को हूती ग्रुप पर हवाई हमले फिर से शुरू कर दिए थे। इन हमलों का मकसद ग्रुप को उत्तरी लाल सागर में इजरायल और अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाने से रोकना है।

फिलिस्तीन को अलग देश की मान्यता देगा फ्रांस

पेरिस। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस कुछ समय में फिलिस्तीन को अगल देश के तौर पर मान्यता दे सकता है।

फ्रेंच प्रेसिडेंट ने कहा कि उनका मकसद इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष को अंतिम रूप देना है। मैक्रों ने कहा कि हम मान्यता की दिशा में बढ़ना चाहते हैं, और हम ऐसा आने वाले महीनों में करेंगे। मैं ऐसा किसी को खुश करने के लिए नहीं कर रहा हूं। मैं इसे इसलिए करूंगा क्योंकि किसी समय यह सही होगा। मैक्रों ने कहा कि मिडिल ईस्ट के देश भी इसराइल को मान्यता देंगे। हम उन लोगों के खिलाफ लड़ाई में हैं जो इसराइल के अस्तित्व को नकारते हैं।

बंगाल में नए वक्फ कानून के विरोध में हिंसा, 22 गिरफ्तार

एजेंसी, कोलकाता

वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 8 आरोपियों को आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक आनंद रॉय ने बताया कि हिंसा को लेकर पुलिस ने अपने आप संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। उन्होंने लाके का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। दरअसल, प्रदर्शनकारियों ने 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में कई वाहनों को आग लगा दी थी। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल थी। झड़प में प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अब तक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट की 3 जजों की बेंच 10 याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वीरवार को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कर रहा है। दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड पर यह प्रदर्शन होगा। इसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग जुटेंगे। यह धरना सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड पर होगा। मेंबर आमला, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य और विधायक आरिफ मसूद ने बताया कि भोपाल में 2 घंटे का प्रदर्शन होगा। इसमें कोई झंडा, बैनर लगाने की मनाही है।

मणिपुर में हथियार और गोला बारूद बरामद, उग्रवादी गिरफ्तार

एजेंसी, इंफाल

मणिपुर के काकचिंग और इंफाल पश्चिम जिलों में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के एक सदस्य को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस को काकचिंग जिले के तोकपाचिंग मोइरंगखोम हिल रेंज में बिना मैगजीन वाली दो एसएमजी कार्बाइन, मैगजीन के साथ एक .303 राइफल, एक सिंगल बैरल बंदूक, दो डबल बैरल बंदूकें, एक स्नाइपर राइफल, मैगजीन के साथ एक 9 एमएम पिस्तौल, तीन मोर्टार शेल, दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और दो ग्रेनेड के अलावा गोला-बारूद, डेटोनेटर और अन्य सामान मिला है।

उभरती हुई तकनीकें बदल रहीं युद्ध का स्वरूप: राजनाथ

एजेंसी, चेन्नई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज संघर्षों के दौरे में हाइब्रिड युद्ध, साइबर हमले और भ्रामक प्रचार ऐसे औजार बन गए हैं, जो राजनीतिक और सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज पारंपरिक लड़ाई के तौर तरीकों की परिभाषा पूरी तरह से बदल चुकी है। तमिलनाडु में दीक्षांत समारोह

में राजनाथ ने कहा कि 'दुनियाभर में चल रहे संघर्षों से पता चलता है कि पारंपरिक लड़ाई के तौर तरीके बदल चुके हैं और उन्हें फिर से परिभाषित किया जा रहा है। उभरती हुई तकनीकें युद्ध के स्वरूप को बदल रही हैं और आज का युग एआई और अनमैन्ड सिस्टम का युग है। आज युद्ध जमीन, समुद्र और हवा के पारंपरिक क्षेत्रों से आगे निकल चुका है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 'सशस्त्र बलों को अब विभिन्न क्षेत्रों जैसे साइबर, अंतरिक्ष और सूचना क्षेत्र आदि में मिलकर काम करने की जरूरत है क्योंकि अब यही लड़ाईयां, पारंपरिक लड़ाई बन चुकी हैं।' उन्होंने कहा कि 'ग्रे जोन' और 'हाइब्रिड' (मिश्रित) युद्ध के युग में साइबर हमले तथा गलत सूचना अभियान राजनीतिक-सैन्य उद्देश्यों की प्राप्ति के साधन बन रहे हैं।

जेलेंस्की का दावा : रूस के लिए जंग लड़ रहे चीनी

एजेंसी, कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया कि उनकी खुफिया एजेंसी ने 155 चीनी नागरिकों की पहचान की है, जो रूस की तरफ से जंग लड़ रहे हैं। यह संख्या ज्यादा भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि पहचान में आए सभी लोगों के नाम और पासपोर्ट की जानकारी उनके पास है। जेलेंस्की ने कहा कि रूस सोशल मीडिया के जरिए चीनी नागरिकों की भर्ती कर रहा है। चीन को भी इस बात की जानकारी है।

उन्होंने कहा कि यूक्रेन यह जानने की कोशिश कर रहा है कि भर्ती करने वालों को बीजिंग की तरफ से निर्देश मिल रहे हैं या नहीं। इससे पहले जेलेंस्की ने दावा किया था कि यूक्रेनी सेना ने रूस की तरफ से जंग लड़ रहे 2 चीनी नागरिकों को पकड़ा है। उन्होंने इससे जुड़ा वीडियो भी जड़ा किया, जिसमें पकड़े गए लोगों के हाथ जिप-टाई से बंधे थे। यह पहली बार था जब यूक्रेन ने चीनी लड़ाकों को लेकर ऐसा दावा किया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस, चीन को इस जंग में खींच रहा है। यह पुतिन के प्लान का हिस्सा है। पुतिन चाहते हैं कि यूरोप में जंग फैले।

छत्तीसगढ़ में नक्सलवादी आत्मसमर्पण व पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 लागू

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य में नक्सलवादी आत्मसमर्पण व पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 को लागू कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार नक्सलियों से बातचीत के लिए तैयार है। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य में नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों के लिए एक अहम कदम उठाते हुए नक्सलवादी आत्मसमर्पण व पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 को औपचारिक रूप से लागू कर दिया है। इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिलों में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में विशेष समितियों के गठन के निर्देश दिए गए हैं।

ट्रंप के शुल्क बढ़ाए जाने के बाद चीन ने अन्य देशों से किया संपर्क

एजेंसी, बीजिंग

अमेरिका की ओर से शुल्क बढ़ाए जाने के बाद चीन अन्य देशों से संपर्क किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि बीजिंग अमेरिका को कदम पीछे हटाने के लिए मजबूर करने के वास्ते संयुक्त मोर्चा बनाने का प्रयास कर रहा है।

वैश्विक बाजार में मंदी की आशंका के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ज्यादातर देशों पर लगाए गए शुल्क को अचानक 90 दिनों के लिए स्थगित करने का फैसला किया, हालांकि उन्होंने चीन से आयात पर शुल्क की दर बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दी है। ट्रंप ने कहा कि ये देश अधिक अनुकूल शर्तों पर बातचीत करने के लिए राजी हैं। चीन ने बातचीत करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि अमेरिका 'मक्कार' है और वह शुल्क युद्ध में 'अंत तक लड़ेगा'। इसके बाद ट्रंप ने चीनी आयात पर कर की दर को और बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया।

चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी वस्तुओं पर 84 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है, जो बृहस्पतिवार से प्रभावी हो गया है। इन घटनाक्रम के बीच चीन ने अब यूरोप पर ध्यान केंद्रित किया है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के बीच फोन पर बातचीत हुई जिसके जरिए 'दुनिया को एक सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की गई है।'

मस्क के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दर्ज

वाशिंगटन। दुनिया की प्रमुख अमेरिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी 'ओपनएआई' ने एलन मस्क के खिलाफ संघीय जिला न्यायालय में मुकदमा दायर किया। ओपनएआई ने दावा किया कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क ने कंपनी को नुकसान पहुंचाने के लिए हरसंभव तरीका आजमाया है। मस्क की कंपनी एक्सएआई इस कंपनी की प्रतिद्वंदी है। मस्क टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ और सोशल मीडिया साइट एक्स के मालिक हैं। सीएनबीसी की खबर के अनुसार, ओपनएआई ने न्यायालय से दंडात्मक हर्जाना और एक्सएआई के संचालन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। मस्क एक्सएआई का संचालन 2023 से कर रहे हैं।

केंद्र ने वायनाड पीड़ितों से किया विश्वासघात : प्रियंका

एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने वायनाड के भू-स्खलन पीड़ितों की ऋण माफी से इनकार करके उनके साथ विश्वासघात किया है।

केंद्र सरकार ने केरल हाईकोर्ट को बताया है कि पिछले साल जुलाई में केरल के वायनाड में हुए भू-स्खलन से प्रभावित लोगों के ऋण माफ नहीं किए जाएंगे, इसके बजाए उन्हें रिजर्व बैंक के प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित निर्देशों के अनुसार पुनर्निर्धारित किया जाएगा। वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट की कि वायनाड भू-स्खलन पीड़ितों ने घर, जमीन, आजीविका सबकुछ खो दिया है। फिर भी, सरकार ऋण माफी की पेशकश करने से इनकार करती है। इसके बजाए उन्हें केवल ऋण पुनर्निर्धारण की सुविधा मिलती है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह राहत नहीं है, बल्कि विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि हम इस उदासीनता की कड़ी निंदा करते हैं और वायनाड में अपने भाइयों और बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उनके दर्द को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। न्याय मिलने तक हम हर मंच पर उनकी आवाज उठाएंगे।

आईपीएल-18 रिकॉर्ड

ऑरेंज कैप
निकोलस पूरन
288

पर्पल कैप
नूर अहमद
11

सिक्सर किंग
निकोलस पूरन
24

अंक तालिका

क्रमांक	टीम	मैच	जीत	हार	अंक
1.	गुजरात	05	04	01	08
2.	दिल्ली	03	03	00	06
3.	बेंगलुरु	04	03	01	06
4.	पंजाब	04	03	01	06
5.	लखनऊ	05	03	02	06
6.	कोलकाता	05	02	03	04
7.	राजस्थान	05	02	03	04
8.	मुंबई	05	01	04	02
9.	चेन्नई	05	01	04	02
10.	हैदराबाद	05	01	04	02

स्पोर्ट्स विंडो

संजू सैमसन पर धीमी ओवर गति के लिए 24 लाख जुर्माना

एजेंसी, अहमदाबाद। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 24 लाख रुपए का भारी जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने वीरवार को एक बयान में कहा, ''राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण जुर्माना लगाया गया है।'' बयान के अनुसार, '' यह आईपीएल की आचार संहिता के धीमी ओवर गति से जुड़े अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए सैमसन पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।'' बयान में कहा गया है, ''इम्पैक्ट प्लेयर सहित अंतिम एकादश में शामिल अन्य खिलाड़ियों पर या तो छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया है।''

मारिया शारापोवा का खूबसूरत अंदाज

रूस। टेनिस की पूर्व नंबर वन खिलाड़ी और पांच बार ग्रैंड स्लैम विजेता रही मारिया शारापोवा विश्व के बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। इस रशियन खिलाड़ी के प्रशंसक पूरी दुनिया में हैं।

भारत के पूर्व बास्केटबॉल कप्तान हरि दत्त कापड़ी का निधन

एजेंसी, पिथौरागढ़। अपने जमाने के दिग्गज बास्केटबॉल खिलाड़ी और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान हरि दत्त कापड़ी का यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे और बुधवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। कापड़ी के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं। वीरवार को उनका रामेश्वर घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। कापड़ी का जन्म वर्ष 1942 में पिथौरागढ़ जिले के मुवानी क्षेत्र के चिरियाखान गांव में हुआ था। उन्हें 1969 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनके नेतृत्व में ही भारतीय बास्केटबॉल टीम वर्ष 1969 में एशिया में सातवें से चौथे स्थान पर पहुंच गई थी। भारतीय बास्केटबॉल टीम ने 1965 से 1978 तक उनकी कप्तानी में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। कापड़ी को उत्तराखंड सरकार ने लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से भी सम्मानित किया था। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

आईपीएल चेन्नई अपना भाग्य बदलने के उद्देश्य से घरेलू मैदान पर खेलने के लिए उतरेगी

कोलकाता की कड़ी चुनौती का सामना करेगी चेन्नई

एजेंसी, चेन्नई

लगातार हार से बेजार चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। चेन्नई की टीम को अभी तक पांच मैच में से चार में हार का सामना करना पड़ा है और इसलिए यह मैच उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण बन गया है। उसे अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से 18 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था।

चेन्नई की टीम अब अपना भाग्य बदलने के उद्देश्य से अपने घरेलू मैदान पर खेलने के लिए उतरेगी। उसे हालांकि अभी तक यहां के विकेट से उतनी मदद नहीं मिली है जैसे कि अतीत में मिला करती थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़ी हार के बाद चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पिच को लेकर अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्त की थी।

चेन्नई की पिछली सफलताओं में उसका घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, लेकिन अब यहां की पिच काफी बदल गई है और उसके खिलाड़ी इससे सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे हैं। चेन्नई को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसके खिलाड़ियों को जल्द से जल्द यहां की परिस्थितियों से तालमेल बिठाना होगा। यही नहीं उसके स्पिन गेंदबाजों को सफलता हासिल करने का तरीका ढूंढना होगा। सभी की निगाहें एक बार फिर से महेंद्र सिंह धोनी पर टिकी रहेगी। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में 12 गेंद पर 27 रन बनाए थे जिसमें तीन छक्के और एक चौका शामिल है।

चेन्नई की टीम के लिए अच्छी बात यह है कि डेवोन कॉनवे, रचिन रवींद्र और शिवम दुबे जैसे बल्लेबाजों ने लय हासिल करने के संकेत दिए हैं, लेकिन कप्तान रुतुराज गायकवाड़ से बड़ी पारी की दरकार है। चेन्नई की गेंदबाजी कमोबेश वैसी ही रहेगी, जिसमें खलील अहमद, मुकेश चौधरी और मथीशा पथिराना तेज गेंदबाजी विभाग संभालेंगे जबकि रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा और नूर अहमद पर स्पिन विभाग की जिम्मेदारी होगी।

जहां तक नाइट राइडर्स का सवाल है, वे तीन दिन पहले लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मिली करीबी हार से उबरने और इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे। उनके गेंदबाजों को ईडन गार्डंस में लखनऊ के बल्लेबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा था। उन्हें यहां अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। बल्लेबाजी में नाइट राइडर्स का दारोमदार फिर से क्विंटन डी कॉक, सुनील नारायण, कप्तान अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों पर रहेगा। अगर अंक तालिका में वर्तमान स्थिति का जिक्र करें तो चेन्नई चार हार और एक जीत के बाद नौवें स्थान पर, जबकि केकेआर पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ छठे स्थान पर है।

मैच : शाम 7.30 बजे से

संभावित टीमें

कोलकाता नाइट राइडर्स: क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नारायण, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, स्पेंसर जॉनसन, वरुण चक्रवर्ती, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, अनुकूल रॉय, लवनिथ सिसौदिया, मोइन अली, रोवमैन पॉवेल, मयंक मारकंडे, रहमानुल्लाह गुरबाज और चेतन सकारिया।

चेन्नई सुपर किंग्स: रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रवींद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुडा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस। गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्दार्थ।

तेंदुलकर नहीं, कोहली है वाइट बॉल का सबसे बेस्ट क्रिकेटर : रिकी पोंटिंग

एजेंसी, नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने वाइट बॉल क्रिकेट को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने वाइट बॉल क्रिकेट का सबसे बेस्ट क्रिकेटर का चुनाव किया है। पोंटिंग ने चौंकाते हुए सचिन तेंदुलकर का नाम नहीं लिया है। पोंटिंग से एक इंटरव्यू में भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि विराट एक उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं, और कोई उन्हें कम नहीं आंक सकता।

उन्होंने कहा कि मैंने विराट के बारे में रिकॉर्ड पर कहा है, 'आप गुणवत्ता वाले खिलाड़ियों को कम नहीं आंक सकते। वे किसी कारण से चैंपियन हैं और हमेशा अच्छा प्रदर्शन करने का कोई न कोई तरीका ढूंढ़ ही लेते हैं। पिछले कुछ सालों में कई बार, जब विराट मुश्किल में फंसते हैं, तो वे ऐसा करने में सफल रहे हैं। वह उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं और शायद रोहित भी कुछ हद तक वैसे ही हैं, सचिन तेंदुलकर नहीं।

पोंटिंग ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट ही वह चीज है जो अभी उनके लिए मुश्किल होती जा रही है। रोहित ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे 50 ओवर के खेल में कहीं नहीं जा रहे। विराट अब तक के सर्वश्रेष्ठ वाइट बॉल वाले खिलाड़ी हैं। मैं उन्हें कभी कम नहीं आंकूंगा। जब वे इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते हैं, तो मुझे वह बहुत पसंद आते हैं, और उम्मीद है कि वे आने वाले सालों तक खेलते रहेंगे।

दिल्ली ने बेंगलुरु को दिए शुरुआती झटके

फिल सॉल्ट को रन आउट करते केएल राहुल।

एजेंसी, बेंगलुरु

आईपीएल का 24वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। टीम में फाफ डु प्लेसिस की वापसी हुई। वहीं, बेंगलुरु ने अपनी प्लेइंग-11 कोई बदलाव नहीं किया। पहले बल्लेबाजी करने आए बेंगलुरु के बल्लेबाज फिल सॉल्ट और विराट कोहली ने शुरुआत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। सॉल्ट ने 17 गेंदों में 37 रन बनाए और केएल राहुल ने उन्हें रनआउट कर दिया। कोहली 22 रन बनाकर आउट गए। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए पडिक्कल (1), लिविंगस्टन (4) और जितेश शर्मा (3) रन बनाकर जल्दी ही आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक बेंगलुरु ने 13 ओवर के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 105 रन बना लिए थे। रजत पाटीदार (24) बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे और उनका साथ क्रुणाल पांडया निभा रहे थे।

भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया का करेगी दौरा

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाली पांच मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को बताया कि भारत सीरीज की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होने वाले दो मैचों से करेगा। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेलेगी। इस सीरीज के मैच एक, तीन और चार मई को खेले जाएंगे। सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे।

यह दौरा जून में शुरू होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। नौवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के दौरान अपने आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया था, लेकिन इन दोनों टीम के बीच 2013 के बाद खेले गए 16 मैचों में से ऑस्ट्रेलिया ने 10 में जीत हासिल की है।

भारत ने तीन जीत दर्ज की हैं, जबकि तीन मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के दौरे के संदर्भ में कहा, ''यह दौरा एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए हमारी तैयारियों को देखते हुए बेहद महत्वपूर्ण है। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने से हमारे खिलाड़ियों को अपने खेल का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा।''

गुजरात के गेंदबाजों ने किया **रणनीति** पर अच्छी तरह अमल : पार्थिव

एजेंसी, अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए टीम के गेंदबाजों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेट पर अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया।

साई सुदर्शन (53 गेंदों में 82 रन) ने शानदार अर्द्धशतक लगाया, इसके बाद सभी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करके गुजरात टाइटंस को 58 रन से जीत दिलाई। गुजरात के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए तो राशिद खान और साई किशोर ने दो-दो विकेट लेकर राजस्थान को 159 रन पर आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पार्थिव ने कहा, ''जब आप इस तरह के विकेट पर 50 रन से अधिक के अंतर से जीत हासिल करते हैं तो इसका मतलब होता है कि आपके गेंदबाजों ने रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया।'' उन्होंने कहा, ''मोहम्मद सिराज ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। प्रसिद्ध कृष्णा टूर्नामेंट में शुरू से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। साई किशोर शायद अभी तक टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर है। हमारे सभी गेंदबाजों ने गेंदबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन किया।'' पार्थिव ने कहा, ''यह देखकर अच्छा लग रहा है कि प्रत्येक मैच में कोई गेंदबाज आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। निश्चित तौर पर बल्लेबाजों ने जीत की नींव रखी लेकिन वास्तव में गेंदबाज आपको मैच जिताते हैं।'' उन्होंने कहा,''हमारी टीम में किसी को कोई खास भूमिका नहीं सौंपी गई है। एक टीम के रूप में हमारा रवैया बेहद सरल है। हम परिस्थितियों के अनुसार रणनीति तैयार करते हैं।''

राजस्थान रॉयल्स के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने कहा कि लक्ष्य हासिल किया जा सकता था, लेकिन उनकी टीम अच्छी साझेदारी निभाने में नाकाम रही। बहुतुले ने कहा, ''मुझे लगता है कि लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। यह बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा विकेट था।''

अमेरिकी वीजा में देरी के कारण भारत को विश्व कप में पदक से धोना पड़ा हाथ

कोलकाता। भारतीय कोच जीवनजोत सिंह तेजा ने कहा कि देश की महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम वीजा में देरी के कारण अमेरिका में सत्र के पहले विश्व कप चरण एक टूर्नामेंट में नहीं खेल सकीं, जिससे टीम को पदक से हाथ धोना पड़ा। दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने 2024 में दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीते थे। इसकी तीन सदस्य विश्व चैंपियन अदिति स्वामी, मधुरा धामनगांवकर और तनिपर्थी चिकिथा को समय पर अमेरिकी वीजा नहीं मिला जिसके कारण वे फ्लोरिडा के ऑरबर्नडेल में प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकीं। तेजा खुद अमेरिका नहीं जा सके। उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से यह पदक से चूकने जैसा था।'' उन्होंने कहा, ''हमारी महिला टीम स्पर्धा जीतने की शत प्रतिशत संभावना थी।

रफिन्हा-लेवांडोव्स्की ने दिलाई बार्सिलोना को जीत

एजेंसी, बार्सिलोना

रफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में बोरूसिया डॉर्टमुंड पर 4-0 से शानदार जीत दर्ज की। लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए, जबकि रफिन्हा ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। इससे बार्सिलोना 2019 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

बार्सिलोना की तरफ से लैमिन यामल ने भी गोल किया, जिससे जर्मन टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मंगलवार को डॉर्टमुंड में खेला जाएगा। क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के एक अन्य मैच में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने ख्विचा क्वारात्सखेलिया के शानदार गोल की मदद से एस्टन विला को 3-1 से हरा दिया। मॉर्गन रोजर्स ने 35वें मिनट में विला को बढ़त दिला दी थी लेकिन 19 वर्षीय डेसिरे डोउ ने इसके चार मिनट बाद सत्र का अपना 12वां गोल करके पीएसजी को बराबरी पर ला दिया।

बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप कपिला-क्रास्टो की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची

पीवी सिंधू और प्रियांश राजावत हारे

एजेंसी, चीन

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा खिलाड़ी प्रियांशु राजावत बृहस्पतिवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में अपने वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज 29 वर्षीय सिंधू ने कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे छह मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में दुनिया की चौथी और तीसरी वरीयता प्राप्त जापान की अकाने यामागुची से 12-21, 21-16, 16-21 से हार गईं।

राजावत पुरुष एकल मुकाबले में सातवीं रैंकिंग और पांचवें वरीय जापान के कोडाई नाराओका से सीधे गेम में 14-21, 17-21 से हार गए। पुरुष एकल स्पर्धा में किरण जॉर्ज का सफर भी समाप्त हो गया। उन्हें थाईलैंड के पांचवें वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण के खिलाफ 21-19 13-21 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह भारत का पुरुष और महिला एकल स्पर्धाओं में अभियान समाप्त हो गया है। हालांकि, ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने चीनी ताइपे के ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को 12-21 21-16 21-18 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कपिला और क्रास्टो की जोड़ी का सामना अब हांगकांग के चुन मैन टैंग और यिंग सुएट त्से की पांचवीं वरीय जोड़ी से होगा, लेकिन मिश्रित युगल में अशिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश की एक अन्य भारतीय जोड़ी को चीन के शीर्ष वरीय जियांग जेन बैंग और वेई या शिन के खिलाफ 11-21 14-21 से हार का मुंह देखना पड़ा। वहीं, पुरुष युगल स्पर्धा में शाम में हरिहरन अम्साकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासबापति का सामना मलेशिया के आरोन चिया और वूई यिक सोह की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट में **6-6 टीमें लेंगी भाग**

एजेंसी, नई दिल्ली

लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में जब 128 वर्षों के बाद क्रिकेट की वापसी होगी तो पुरुष और महिला वर्ग में से प्रत्येक में छह टीमें स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा पेश करेंगी। आयोजकों ने बताया कि ओलंपिक खेलों में इससे पहले पेरिस में 1900 में आयोजित किए गए खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया था। तब क्रिकेट में फ्रांस और ग्रेट ब्रिटेन ने ही हिस्सा लिया था। इन दोनों टीम के बीच दो दिवसीय मैच खेला गया था जिसे अनधिकृत टेस्ट मैच का दर्जा हासिल है।

लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में छह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम 15 सदस्यीय टीम का चयन कर सकती हैं, क्योंकि पुरुष और महिलाओं दोनों में 90-90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे 12 पूर्ण सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा 94 देश एसोसिएट सदस्य हैं।

ओलंपिक 2028 में क्रिकेट में क्वालीफाई करने के तरीके कि अभी तक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन अमेरिका को मेजबान देश होने के कारण सीधा प्रवेश मिलना तय है। प्रत्येक वर्ग में बाकी पांच टीम क्वालिफिकेशन के जरिए इसमें अपनी जगह बनाएंगी। ऐसा माना जा रहा है कि किसी निश्चित समय सीमा तक आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाली पांच टीमों को अमेरिका के साथ ओलंपिक खेलों में प्रवेश किया जाएगा। क्रिकेट उन पांच खेलों में शामिल है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने अगले ओलंपिक खेलों में शामिल करने की मंजूरी दी थी। चार अन्य खेल बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वाश हैं।